
# पटेल ने आंगनबाड़ी केन्द्रों-नंदघरों के निर्माण का किया डिजिटल शुभारंभ

एजेंसी ◄ गांधीनगर
www.dailypioneer.com



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य सरकार के उपक्रम गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम (जीएसपीसी) तथा उसकी समूह कंपनियों द्वारा निगमित-सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत निर्मित किए जाने वाले 607 आँगनबाड़ी केन्द्रों-नंदघरों के निर्माण कार्य का गांधीनगर से ई-शुभारंभ किया। पटेल ने इस अवसर पर कहा कि अत्याधुनिक एवं सुविधापूर्ण आँगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए 'विकसित भारतएट2047' के संकल्प में 'विकसित गुजरात' से अग्रसर रहने वाली भावी पीढ़ी की सुदृढ़ नींव है। उन्होंने इन नंदघरों-आँगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य का शुभारंभ वित्त एवं ऊर्जा मंत्री कनुभाई देसाई, महिला एवं बाल विकास मंत्री भानुबेन बाबरिया, मुख्य सचिव राज कुमार तथा अधिकारियों की उपस्थिति में किया। जीएसपीसी महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय करते हुए इन 607 आँगनबाड़ी केन्द्रों का लाइट गेज स्टील फ्रेम (एलजीएसएफ) टेक्नोलॉजी के उपयोग से निर्माण करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जब आँगनबाड़ी को नंदघर तथा आँगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों को माता यशोदा कहा है, तब आँगनबाड़ी बहनें आँगनबाड़ी में आने वाले बच्चे के पालन-पोषण में यशोदा माता की भाँति कर्तव्य भाव से सेवारत रहें। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि बच्चे को आँगनबाड़ी में नियमित आने की प्रेरणा प्रदान करने वाले प्रोत्साहक वातावरण का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने जोड़ा कि देश जब 2047 में स्वतंत्रता प्राप्त की शताब्दी मना रहा होगा, तब हाल में आँगनबाड़ियों अभ्यास कर रहे बच्चे युवावस्था में पहुँच चुके होंगे। भूपेंद्र पटेल ने युवाशक्ति में राष्ट्रहित उजागर करने वाले संस्कारों का बालपन से ही सिंचन करने तथा भावी पीढ़ी के उम्दा पालन-पोषण का कर्तव्य पॉजिटिव-सकारात्मक दृष्टिकोण से निभाकर समाज हित के लिए प्राप्त हुए अवसर को सार्थक करने का प्रेरक आह्वान किया। उन्होंने जीएसपीसी के इस समाज हितकारी दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए यह भी कहा कि राज्य सरकार अत्याधुनिक तथा सुविधापूर्ण एवं गुणवत्तायुक्त आँगनबाड़ियों के निर्माण के लिए पर्याप्त पूंजी देने को तत्पर है। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री भानुबेन बाबरिया ने इस अवसर पर महिला एवं बाल कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि हाल में राज्य में लगभग 53 हजार आँगनबाड़ियाँ कार्यरत हैं। जिनमें 45 लाख से अधिक बाल, महिला एवं स्तनपान कराने वाली महिला लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। गुणवत्तायुक्त पोषण तथा शिक्षा देकर हम 'विकसित गुजरात' से 'विकसित भारत' का निर्माण करेंगे। बाबरिया ने आगे कहा कि बालक देश का भविष्य है तथा उसके जीवन निर्माण की सुदृढ़ नींव डालने का कार्य आँगनबाड़ी केन्द्र करते हैं। बच्चों के पालन-पोषण में किसी भी प्रकार की असुविधा न रहे; इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसके फलस्वरूप आज राज्य में एलजीएसएफ जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से नवनिर्मित होने वाले नंदघरों को टिकाऊ व अधिक गुणवत्तायुक्त बनाने का शुभ आरंभ हुआ है। उन्होंने जोड़ा कि जीएसपीसी व महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने इन नंदघरों के निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृत एलजीएसएफ टेक्नोलॉजी का छह महीनों के शोध तथा विचार-परामर्श के बाद चयन किया है। इस अद्यतन टेक्नोलॉजी से भूकंप, सीलन, आग जैसी विभिन्न परिस्थितियों का सामना कर सकने में सक्षम नंदघर केवल 60 दिनों में ही बनाए जा सकते हैं।

## राज्यपाल से मिले मुख्य सचिव व डीजीपी, साझा की विभिन्न जानकारियां

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से राजभवन में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दीपम सेठ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने दोनों अधिकारियों से अलग-अलग भेंट में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सिंह ने रतूड़ी से राज्य के विभिन्न सम सामयिक विषयों पर जानकारी प्राप्त की। जबकि डीजीपी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था संबंधित जानकारी साझा की। इसके अतिरिक्त, सिंह के समक्ष, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने 'वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च' योजना के अन्तर्गत, चल रहे शोध कार्य की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। यहां 'आधुनिक परिदृश्य में भारतीय प्राच्य ज्ञान परंपरा' विषय पर शोध किया जा रहा है।

प्रस्तुतीकरण के दौरान, कुलपति ने बताया कि शोध पत्र को सात खण्डों, प्राच्य विज्ञान एवं प्राचीन गणित, इतिहास संस्कृति एवं राजनैतिक विचार, आयुर्वेद एवं योग, अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन, पर्यावरण, दर्शन एवं शैक्षिक चिंतन और बहु विषय में विभाजित किया गया है।

## नीतीश सरकार में बिहारी कहलाना स्वाभिमान का विषय : श्रवण कुमार

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में बिहारी कहलाना स्वाभिमान का विषय है। श्रवण जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुये एवं उनके त्वरित निष्पादन के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्रवण ने कहा कि कुमार की सोच और विजन को दिल्ली के जन-जन तक पहुंचाएंगे। जिसका फायदा जदयू सहित समस्त राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को दिल्ली विधानसभा चुनाव में होगा। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में सर्वे के जरिये आवास विहीन परिवारों की पहचान होगी और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार जनहित के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील और ईमानदार है। मंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और ना ही उन्हें आम जनता की कोई चिंता है। राष्ट्रीय जनता दल के जंगलराज में अन्य प्रदेशों में स्वयं को बिहारी कहना अपमान का विषय होता था, लेकिन अब देश-दुनिया में हमारे राज्य की छवि पूरी तरह से बदल चुकी है, आज बिहारी कहलाना स्वाभिमान का विषय है और यह हमारे नेता की देन है। इस मौके पर विधायक ललित नारायण मंडल, वरीय नेता प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहें।

# प्रदेश की अधोसंरचना विकास के लिये नागरिक दें सुझाव : यादव

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के अधोसंरचना विकास को लेकर नागरिकों से सकारात्मक सुझाव आमंत्रित किए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में जन-सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। नागरिक अपने बहुमूल्य सुझाव मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज सकते हैं। सरकार इन सुझावों पर गंभीरता पूर्वक विचार करेगी। अच्छे सुझावों पर अमल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 23 जनवरी को भोपाल में जीजी फ्लॅाय ओवर (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) का लोकार्पण होगा। यह फ्लॅाय ओवर शहर के यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और नागरिकों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से बनाया गया है। जीजी फ्लॉय ओवर के लोकार्पण से क्षेत्र के निवासियों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यातायात में होने वाली असुविधा भी स्थायी रूप से दूर होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकार्पण सरकार द्वारा 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक प्रदेश में चलाये जा रहे 'मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान' के अंतर्गत विकास कार्यों के जरिये प्रदेश की जनता को दी जा रही सुविधाओं में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुणे रवाना होने से पहले मीडिया को दिये संदेश में यह बात कही।

## बेंगलुरु और बनारस के बीच चलेगी एक तरफा विशेष ट्रेन



**भोपाल।** रेलवे ने महाकुम्भ मेला के दौरान अतिरिक्त यात्री भार को कम करने के लिए एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) और बनारस के बीच एक तरफा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने आज बताया कि रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला के दौरान अतिरिक्त यात्रीभार क्लियर करने और यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 06579 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु)-बनारस एक तरफा विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर अपने गंतव्य तक जाएगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 06579 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु)-बनारस एक तरफा विशेष ट्रेन 23 जनवरी को सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 13.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन रात 23.30 बजे इटारसी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन दोपहर 13.30 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी।

## दोषी को मौत की सजा देने की मांग संबंधी बंगाल सरकार की याचिका को हाईकोर्ट में चुनौती

एजेंसी ◄ कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल में कोलकात के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और फिर हत्या के मामले में दोषी संजय रॉय को मौत की सजा देने की मांग को लेकर राज्य सरकार के मंगलवार को अपील करने के कानूनी अधिकार पर आपत्ति जताते हुए केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। इससे पहले सोमवार को सत्र अदालत ने महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और फिर हत्या करने वाले नागरिक वालंटियर संजय रॉय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी थी। अदालत के सूत्रों ने कहा कि सीबीआई ने दोषी रॉय को दी गई आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ राज्य की अपील को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया है। न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिन्होंने कहा कि मामले को स्वीकार करने पर निर्णय लेने से पहले पीड़ित के परिवार, सीबीआई और दोषी की उपस्थिति में सुनवाई की जा सकती है। सीबीआई की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार इस विशेष मामले के खिलाफ अपील दायर करने के लिए अधिकृत नहीं है, जिसकी जांच संघीय एजेंसी ने की थी और वे मामले में सक्षम प्राधिकारी थे। पीड़िता के माता-पिता और अन्य जैसे संबंधित पक्षों को इस मुद्दे पर सूचित किए जाने के बाद हालांकि कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा 27 जनवरी को मामले की सुनवाई करने की उम्मीद है। गौरतलब है कि पिछले साल 09 अगस्त को आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में सियालदह सत्र अदालत ने सोमवार को संजय रॉय को दोषी करार देते हुए उसे मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## पॉवर जनरेटिंग कंपनी के दो कार्यालयों को मिला आईएसओ 9001 सर्टिफिकेशन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के मुख्यालय जबलपुर के दो कार्यालयों मुख्य अभियंता उत्पादन भंडार और मुख्य अभियंता संचालन संधारण-जल विद्युत को उत्कृष्ट मानदंडों का पालन करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम 9001:2015 सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के दो कार्यालयों को आईएसओ सर्टिफिकेशन होने पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कार्यालयों के समस्त अभियंताओं और कार्मिकों को शुभकामना और बधाई दी। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि ये कार्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उच्च स्तरीय क्वालिटी मानदंडों का पालन करते हुए कार्य करेंगे। मुख्य अभियंता (उत्पादन भंडार) कार्यालय को इन्वेंटरी प्रबंधन, स्क्रेप मैनेजमेंट तथा केन्द्रीय जीएसटी फाइलिंग के लिये यह प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ। मुख्य अभियंता संचालन एवं संधारण-जल विद्युत कार्यालय को सभी जल विद्युत केन्द्रों के निर्बाध ऑपरेशन, निगरानी एवं मेंटेनेंस के लिए यह सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ। दोनों कार्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रहे हैं।



## कार के पलट जाने से दो लोगों की मौत, चार घायल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कोहेफिजा थाना क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि भोपाल के रातीबड़ क्षेत्र के निवासी सतीश मेवाडा, महेन्द्र मेवाडा, महेन्द्र की मां और बुआ कल रात लगभग एक बजे कार से महेन्द्र की गर्भवती पत्नी बबली को बैरागढ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान कोहेफिजा इलाके में हलालपुर बस स्टैंड के पास कार अनियंत्रित होकर बिजली के एक खंबे टकरा कर पलट गई। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने सतीश और महेन्द्र को मृत घाषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और व्यक्ति तीसरे स्थान पर : डॉ.जायसवाल

एजेंसी ◄ गोपालगंज
www.dailypioneer.com

बिहार भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि हम लोग देश की एकता और संस्कृति के लिए काम करते हैं और हमारी पार्टी के लिए राष्ट्र प्रथम, दूसरे नंबर पर पार्टी, व्यक्ति तीसरे नंबर पर है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) कार्यकर्ता सम्मेलन का कारवां प्रथम चरण के अंत में गोपालगंज जिले के भी.एम.मैदान पहुंचा। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे और एकजुटता का संदेश दिया। इस मौके पर राजग घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं को सभी सीटों पर जीत दर्ज कराने का संकल्प दिलाया। इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने '2025 में फिर से नीतीश' का संकल्प दोहराया। अध्यक्षों ने अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और विधानसभा चुनाव की तैयारी करने का आह्वान किया। राजग कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल के अलावा जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

## मणिपुर में जद(यू) ने भाजपा नीत सरकार से समर्थन वापस लिया

एजेंसी ◄ इंफाल
www.dailypioneer.com

जनता दल-यूनाइटेड(जद-यू) की मणिपुर इकाई ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार से समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। जद(यू) प्रदेश प्रमुख के. बीरेन सिंह की ओर से राज्यपाल को लिखे गये पत्र के मुताबिक पार्टी ने अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। सिंह ने कहा कि 12वीं मणिपुर विधानसभा में जद(यू) के छह उम्मीदवार चुने गये थे, लेकिन उनमें से पांच भाजपा में शामिल हो गये। इन विधायकों के दलबदल का मामला वर्तमान में भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत स्पीकर ट्रिब्यूनल के समक्ष विचाराधीन है। उन्होंने दावा किया कि एकमात्र विधायक अब्दुल नासिर भी राज्य विधानसभा में विपक्ष की बेंच पर बैठे हैं। इस बीच जेडी(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने इस खबर को 'भ्रामक और निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जद(यू) प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय नेतृत्व से परामर्श किये बिना पत्र लिखा है। प्रसाद ने आगे कहा कि सिंह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि मणिपुर में 60 सदस्यीय सदन में भाजपा के पास 37 विधायक हैं और उसे एनपीएफके पांच विधायकों तथा तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है।

# राजग की एकजुटता के आगे विपक्ष का नकारात्मक मंसूबा कभी सफल नहीं होगा : उमेश

एजेंसी ◄ गोपालगंज
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाईटेड अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एकजुटता के आगे विपक्ष का नकारात्मक मंसूबा कभी सफल नहीं होगा। कुशवाहा ने गोपालगंज जिले के वीएम फील्ड में आयोजित राजग जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि साझा कार्यक्रम चलाकर बूथ स्तर तक गठबंधन को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा कि राजग की एकजुटता के आगे विपक्ष का नकारात्मक मंसूबा कभी सफल नहीं होगा। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि '2025 में 225 और फिर से नीतीश' राजग परिवार का एक लक्ष्य - एक उद्देश्य है, जिसे साकार करने के लिये घटक दलों के सभी सम्मानित प्रदेश अध्यक्षगण एक साथ तमाम जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं को विजय का मुलमंत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आम जनता को अपना परिवार मानते हैं एवं जनहित के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि विगत 19 वर्षों के कार्यकाल में मानवीय आवश्यकताओं से जुड़ी बुनियादी संरचनाओं को सुदृढ़ करने के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए है। सड़क, बिजली, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और नारी सशक्तिकरण की दिशा में हमारे नेता नीतीश कुमार ने अपनी दूरदर्शी सोच से अनूठा मिसाल पेश किया है। कुश्वाहा ने कहा कि कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में तकरीबन 138 करोड़ रुपये की लागत से 72 विकास योजनाओं की सौगात गोपालगंज वासियों को दिया। डबल इंजन की राजग सरकार सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बिना काम के क्रेडिट लेने वालों के बहकावे में कभी नहीं आना है, जबकि एकजुट होकर ऐसी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। जदयू अध्यक्ष ने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में अपरहण का उद्योग चलता था। चारों ओर आए दिन हत्या, लूट, रंगदारी, और बलात्कार की घटनाएं होती थी लेकिन वर्ष 2005 में सत्ता का बागडोर संभालते ही कुमार ने प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया और आज बिहार न्याय के साथ विकास कर रहा है।

## पूर्वी चंपारण प्रेमी युगल ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या की

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया थाना क्षेत्र में प्रेमी युगल ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया क खोढ़ा गांव निवासी रमेश ठाकुर की की पुत्री रानी (19) और उसी गांव के राजदेव पासवान पुत्र अमित (21) एक-दूसरे से प्यार करते थे। रात के तकरीबन तीन बजे दोनों अपने-अपने घरों से निकले। सुबह चार बजे 112 को फोन कर अमित ने आत्महत्या के निर्णय की सूचना दी। इसके बाद दोनों ने आत्महत्या कर ली। चिरैया थानाध्यक्ष महेंद्र पासवान ने संवाद एजेंसी 'यूनीवार्ता' को बताया कि सुबह करीब चार अमित ने 112 पर फोन किया था। पुलिस जब घटना स्थल पर पहुंची, तबतक अमित और रानी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या यह घटना प्रेम में सामूहिक आत्महत्या की लग रही है, लेकिन हर दृष्टिकोणों से इस घटना की जांच की जा रही है। गहन जांच के लिये विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) और डॉग स्क्वायड की टीम को घटना स्थल पर बुलाया गया है।



# अररिया में बनेगा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल : नीतीश

एजेंसी ◄ पटना/अररिया
www.dailypioneer.com



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अररिया जिले में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराए जाने की आज घोषणा की। कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान अररिया जिले में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कराए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे यहां के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के लिए एक टीम को कल ही भेजा जा रहा है ताकि चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की स्थापना शीघ्र हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के कुर्साकांटा प्रखंड के डुमरिया पंचायत में सुन्दरनाथ धाम का विकास किया जायेगा। इससे दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल पायेगीं तथा इस क्षेत्र के लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अररिया-कुर्साकांटा-कुआड़ी-सिकटी पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी। कुमार ने कहा कि अररिया जिला मुख्यालय में आधुनिक प्रेक्षागृह का निर्माण किया जायेगा। इससे जिला-स्तर पर प्रशासन द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न बड़े कार्यक्रमों में सुविधा होगी। इनके अलावा उन्होंने सैफगंज से सुकैला (भाया-महथावा, भरगामा) पथ का चौड़ीकरण, जाम से निजात पाने के लिए फारबिसगंज शहर में सुभाष चौक पर आरओबी का निर्माण तथा जिले में अररिया, कुर्साकांटा, नरपतगंज, फारबिसगंज, भरगावां, रानीगंज, सिकटी प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इनके अलावा अररिया जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के हर क्षेत्र में काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा।

## आरक्षण का झूठा मर्सिया पढ़कर राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं तेजस्वी

**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने आरोप लगाया है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आरक्षण का झूठा मर्सिया पढ़कर राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। मिश्र ने तेजस्वी के आरा में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के दौरान आरक्षण पर दिये गये बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि एक तरफ कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी बिहार में हुई जातीय गणना को फर्जी बता चुके हैं, वहीं तेजस्वी जातीय गणना के अनुसार बढ़ाये गये आरक्षण के दायरे को खारिज किये जाने का मर्सिया पढ़ रहे हैं और इसके लिए बेमतलब सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं। राहुल और तेजस्वी पहले आपस में फरिया लें कि कौन सही कह रहा है। मिश्र ने कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती, आरक्षण के नाम पर आपके माता-पिता ने बहुत राजनीति लाभ उठा लिया। लेकिन, अब ऐसा नहीं होनेवाला। बिहार की जनता आपको और आपके परिवार को पहचान चुकी है। यह जान चुकी है कि आरक्षण का सबसे बड़ा विरोधी लालू परिवार है। इन्हें सिर्फ अपने परिवार के लिए सियासी आरक्षण चाहिए। अभी तक हुआ भी तो यहीं है, लालू ने अपने परिवार के अलावा न तो अपने जाति के किसी आदमी को आगे बढ़ने दिया और न ही पार्टी में किसी पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को। आरक्षण का रट लगाकर तेजस्वी चुनावी वैतरणी पार करना चाहते हैं।

# देश की पहली सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई भुवनेश्वर में

एजेंसी ◄ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com



ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में देश की पहली सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई की स्थापना की जायेगी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल ने 618.60 करोड़ रुपये के निवेश से भुवनेश्वर में सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए आरआईआर पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के लिए प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। यह परियोजना दो चरणों में क्रियान्वित की जायेगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह परियोजना इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे और रक्षा के लिए सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर आधारित उपकरणों पर केंद्रित होगी और इससे 750 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह देश का पहला कंपाउंड सेमीकंडक्टर फैब होगा, जो एपिटैक्सियल लेयर डिपोजिशन और पैकेजिंग जैसी उच्च मूल्य प्रक्रियाओं के साथ घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि आरआईआर भारत का एकमात्र सिलिकॉन आधारित बिजली उपकरणों का निर्माता है जो बीएचईएल, एबीबी और भारतीय रेलवे जैसे ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। यह परियोजना ओडिशा को भारत के सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में अग्रणी बनाने के लिए तैयार है, जो औद्योगिक विकास, स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला विकास और कौशल अवसरों को बढ़ावा देगा।

# प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री सहित 3 माओवादी गिरफ्तार

## डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की संयुक्त कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



19 जनवरी को थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत हिरमागुंडा, मल्लूर, नैनपाल के जंगल में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की स्थानीय सूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान से वापसी के दौरान ग्राम नैनपाल के जंगल से 03 संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध पुलिस पार्टी को देखकर लुकछीप कर भागने का प्रयास कर रहे थे, जो पूछताछ पर अपना नाम सन्नू पोटाम पिता स्व. सुक्कू पोटाम उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरचोली पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, राजू पोटाम पिता बुदरू पोटाम उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरचोली पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर सुकराम उईका ऊर्फ हेमा ऊर्फ रमेश पिता स्व. मासा उईका उम्र 45 वर्ष निवासी कमकानार तेलगापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादियों की तलाशी मे पास रखे थैला में 01 नग 03 किलोग्राम टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, बैटरी, सेफ्टी फ्यूज, पटाखा बरामद किया गया।

माओवादियों से उक्त प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री के परिवहन के सबंध में पूछे जाने पर किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नही होना बताये। मौके पर उपरोक्त के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही करते हुऐ बरामद सामग्री को कब्जे में लिया गया एवं उपरोक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त 21 जनवरी को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

## शासकीय विश्राम भवनों में राजनीतिक उद्देश्य से नहीं ठहर सकते हैं राजनीतिक दल के सदस्य

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2025 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही निर्वाचन समाप्ति तिथि तक कोई भी राजनैतिक दल के सदस्य, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्राम भवनों, सर्किट हाऊस, गेस्ट हाऊस आदि में चुनाव प्रचार प्रसार अथवा राजनैतिक उद्देश्य से न तो ठहर सकते हैं और न ही वहां पर राजनैतिक गतिविधियों कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पात्रतानुसार व उपलब्धता अनुसार उन्हें इन विश्राम भवनों सर्किट हाउस गेस्ट हाउस आदि में कक्ष उपलब्ध कराया जा सकता है, लेकिन भोजन इत्यादि की व्यवस्था नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त पात्रतानुसार ठहरने वाले व्यक्तियों से निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत रसीद दी जाएगी। टेलीफोन हेतु पृथक रजिस्टर रख कर तथा किये गये कॉल की निर्धारित राशि तुरन्त प्राप्त कर ली जाएगी। ठहरने वाले का नाम एवं पता, ठहरने का प्रयोजन इत्यादि का समस्त ब्यौरा अंकित किया जाएगा।

# खाद्य तेलों में मिलावट की जांच, जिले में प्रशासन सख्त, नमूने भेजे गए लैब



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में बाजारों में बिकने वाले खाद्य तेलों में मिलावट की आशंका को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिले के प्रमुख तेल विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.के. देवांगन ने राम ट्रेडर्स कोंडागांव से हाथी छाप कच्ची घानी सरसों तेल और उस्मान किराना स्टोर केशकाल से एबिस गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, खाद्य तेलों में मिलावट स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकती है। मिलावट वाले तेल से हृदय रोग को बढ़ावा, पाचन तंत्र पर विपरीत प्रभाव, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा, शरीर में एलर्जी और विषाक्तता उत्पन्न कर सकते हैं। अक्सर मुनाफा कमाने के लिए निर्माताओं द्वारा सरसों तेल और सोयाबीन तेल में सस्ते एवं मिलावटी तेलों की मिलावट की जाती है। इसे रोकने के लिए जिले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और बाजारों से और भी तेलों के नमूने लिए जाएंगे। जांच के बाद मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एनएमडीसी ने कराया मैराथन दौड़

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com





76 वीं गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर लौहनगरी में एनएमडीसी लिमिटेड बैलाडीला आयरन ओर माइन किरन्दुल कॉम्प्लेक्स क्रीड़ा सलाहकार समिति द्वारा 05 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन कराया गया। बुधवार सुबह 7:30 बजे नगर के फुटबॉल ग्राउंड से यह मैराथन दौड़ का शुभारंभ एनएमडीसी परियोजना की मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौड़ में किरंदुल एवं किरंदुल के आसपास के क्षेत्र से लगभग 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।जिसमें पुरुष वर्ग में सीआईएसएफ आनंद महाले प्रथम,द्वितीय एम नटराजन एवं डीएवी स्कूल के छात्र रोहित गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं महिला वर्ग में सुमी देवी ने प्रथम स्थान हासिल किया।इस दौरान एनएमडीसी उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव, महाप्रबंधक विद्युत एम सुब्रमण्यम दोनों श्रम संघ इंटक एवं एसकेएमएस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्री राघव मंदिर किरंदुल में आयोजित अखण्ड रामायण पाठ का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

विगत वर्ष मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी की जन्मभूमि अयोध्या में 500 वर्षो की बहुप्रतीक्षित प्रतीक्षा एवं कई पीढ़ियों की त्याग, तपस्या एवं उपासना के फलस्वरूप देश के महान तपस्वियों, संतों की गरिमामयी उपस्थिति में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित की गई थी। इस पावन अवसर पर समूचे विश्व में सनातनियों द्वारा हर्षोल्लास से अनेक आयोजन किये गए थे।लौहनगरी किरन्दुल के श्री राघव मन्दिर नगरपरिवार द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया था,जिसे नगरपरिवार के सनातनियों द्वारा प्रत्येक मंगलवार को निरंतर जारी रखा गया था। इसके एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर की सुख शांति समृद्धि एवं मंगलकामनाओं के पावन उद्देश्य से दिनांक 21 जनवरी (माघ कृष्ण पक्ष तिथि सप्तमी) दिन मंगलवार को अखंड रामायण पाठ का आयोजन हुआ एवम दिनांक 22 जनवरी (माघ कृष्ण पक्ष तिथि अष्टमी) दिन बुधवार को सुबह 10 बजे हवन यज्ञ पूर्णाहूति एवं भोग प्रसाद के साथ अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया गया। इस दौरान भारी संख्या ने श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# चुनाव प्रचार के दौरान शासकीय संपत्तियों को विकृत करने पर होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान चुनाव प्रचार-प्रसार करने के लिए शासकीय सम्पत्ति में नारे लिखे जाते हैं, बैनर लगाये जाते है, विद्युत खम्बो में झण्डिया इत्यादि लगायी जाती है, जिससे शासकीय सम्पत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इसी प्रकार से बिना सहमति के अशासकीय संपत्ति पर भी विरूपित करने की गतिविधि की जाती है। इस संबंध में छ.ग. संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 की धारा-3 के अनुसार कोई भी, जो सम्पत्ति स्वामी के लिखित अनुज्ञा के बिना, सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थों से लिखकर या चिन्हित करके या बैनर, पोस्टर, तोरण, पताका से विरूपित करेगा उसे 1 हजार रुपये तक जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा-5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पति विरूपण पर कार्यवाही के लिए आदेशित किया है। चुनाव प्रचार प्रसार के दौरान नगरपालिका, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र में ऐसे कृत्यों के निवारण के लिए प्रत्येक तहसील में गठित लोक सम्पत्ति विरूपण कार्यवाही दल संबंधित तहसीलदार की देख रेख में कार्य करेगा और भ्रमण करते समय सम्पत्ति को विरूपित होने से रोकेगा। इस दस्ते में राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा नगरपालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत के कर्मचारी शामिल होंगे।

# खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से की सौजन्य भेंट एवं श्रमिक हित के कार्यों पर चर्चा

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



खदान मजदूर संघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, राजेंद्र यादव, बसंत जांगड़े, दानेश्वर जोशी, लिशान्त सिंह, सूरमा, सुधा, मिथुन द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव से उनके निवास पर जाकर सौजन्य भेंट किया गया तथा भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के सदस्यों का परिचय एवं संगठन के बारे में सारगर्भित परिचर्चा की गई। श्रम संघ पदाधिकारियों के द्वारा श्रमिकों की समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराने पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा तत्काल ही एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से दूरभाष पर चर्चा की गई तथा शीघ्र ही मुख्यालय एवं परियोजना कार्यालय में मुलाकात कर परस्पर परिचर्चा के माध्यम से समस्याओं के निराकरण करने हेतु अवगत कराया गया। खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल की ओर से इस त्वरित कार्रवाई हेतु प्रदेशाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया गया।

## एनएमडीसी, बचेली में 'रिपब्लिक डे रन' का आयोजन



**बचेली।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में दिनांक 22.01.2025 को एनएमडीसी, बचेली द्वारा रिपब्लिक डे रन (मैराथॉन दौड़) का आयोजन हॉकी ग्राउंड, बचेली में किया गया। यह दौड़ दो श्रेणियों (5 और 10 किलोमीटर) में आयोजित की गई जिसमें लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलू,अधिशासी निदेशक, बचेली के उद्बोधन से हुई जिसमें उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारभ किया गया। इस दौड़ में रविन्द्र नारायण, परियोजना प्रमुख(वर्क्स),पी रामय्यन, उप महाप्रबंधक (उत्पादन), एम एस नायर, महाप्रबंधक (कार्मिक), सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा उनके परिजन सम्मिलित हुए।

# सभा, जुलूस अथवा रैली के लिए लेनी होगी अनुमति

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन-2025 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले के विकासखण्ड कोण्डागांव हेतु मतदान 17 फरवरी 2025, मतदान केन्द्र पर मतगणना 17 फरवरी 2025, खण्ड मुख्यालय पर मतगणना 18 फरवरी 2025, सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा खण्ड स्तर पर 19 फरवरी 2025 एवं जिला मुख्यालय में 20 फरवरी 2025 को, विकासखण्ड फरसगांव एवं माकड़ी हेतु मतदान 20 फरवरी 2025, मतदान केन्द्र पर मतगणना 20 फरवरी 2025, खण्ड मुख्यालय पर मतगणना 21 फरवरी 2025 सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा खण्ड स्तर पर 22 फरवरी 2025 एवं जिला मुख्यालय में 23 फरवरी 2025 को, विकासखण्ड केशकाल एवं बड़ेराजपुर हेतु मतदान 23 फरवरी 2025, मतदान केन्द्र पर मतगणना 23 फरवरी 2025 खण्ड मुख्यालय पर मतगणना 24 फरवरी 2025, सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा खण्ड स्तर पर 25 फरवरी 2025 एवं जिला मुख्यालय में 25 फरवरी 2025 को नियत है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की समस्त कार्यवाही शांतिपूर्वक एवं मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी डर-भय एवं दबाव के निर्भीकतापूर्वक किये जाने के लिए शांति-व्यवस्था बनाये रखने आवश्यक है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किए हैं। इसके तहत कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ अन्य अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र,भाला, बरछी, लाठी, फरसा, कुल्हाड़ी, तीर-धनुष, एवं अन्य धारधार हथियार लेकर सार्वजनिक स्थान, सभा एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा व सशस्त्र जुलुस में भाग नहीं लेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह अथवा राजनीतिक, गैर राजनीतिक दल के सदस्यों द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र अन्य धारदार हथियार लेकर नहीं चलेगा, और न ही चलने के लिए किसी को प्रेरित करेगा।

## बच्चों को प्रदान किया जा रहा निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवाएं

# बच्चों के लिए लीगल सर्विस यूनिट व मनो न्याय के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान की उपस्थिति एवं अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर कोंडागांव के सभाकक्ष में बच्चों के लिए लीगल सर्विस यूनिट एवं लीगल सर्विस यूनिट मनो-न्याय के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश कोंडागांव रमा शंकर प्रसाद एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.) पॉक्सो कोंडागांव कमलेश कुमार जुर्री के द्वारा बताया कि, बच्चों के बाल अधिकार जो शारीरिक और मानसिक अपरिपक्वता के आधार पर बच्चों को विशेष देखभाल और सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। विशेष रूप से सामाजिक, आर्थिक रूप से वंचित लोगो और अन्य कमजोर समूहों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान किया जा रहा है एवं किसी भी बच्चों को मुकदमा दायर करने या बचाव के लिए मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान किया जा रहा है। यह सभी के लिए न्याय तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए बच्चों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता और पहुंचविहिन क्षेत्र के लोगों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित बच्चों को मैत्रिपूर्ण विधिक सेवाएं योजना 2024 के तहत् लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन दिव्यांगजन व मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के लिए क्या-क्या लाभ होती हैं, उनके संबंध में प्रचार-प्रसार करने हेतु कार्यशाला में आये हुए समस्त विभाग के प्रशिक्षणकर्ताओं को निर्देशित किया गया। साथ ही मास्टर ट्रेनिंग के लिए नरेन्द्र सोनी जिला बाल संरक्षण अधिकारी व सौरभ तिवारी परीविक्षा अधिकारी, यादवेन्द्र सिंह यादव व्याख्याता एवं ललिता लकरा उप संचालक समाज कल्याण विभाग से मानसिक रूप से असक्षम और दिव्यांगजनों के संबंध में एवं स्वास्थ्य विभाग से मधु बघेल क्लीनिकल सायकोलॉजिस्ट के द्वारा मनो-न्याय के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा बताया कि, बाल कल्याण में आवासित बालको, सम्प्रेषण गृह, स्पेशल हॉम्स, बाल न्यायालय, देख-रेख व सुरक्षा की आवश्यकता वाले बाककों, अपराधों से पीड़ित बालकों, बाल श्रम में रिस्क्यू किए गये बालकों, विधि से संघर्षरत बालकों, अपराध से पीड़ित बालकों, गुमशुदा बालकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की जानकारी दी गई।



# डॉ. शिवकुमार श्रीवास एवं डॉ. नीरामणी श्रीवास सम्मानित





पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

विगत दिनों स्वभिमान संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज काव्यमयी विश्वस्तरीय साझा संकलन पुस्तक मध्यभारत का फेफड़ा हसदेव का भव्य व रचनाकार सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन सभागार रायपुर मे अतिविशिष्ट अतिथि राजमहंत राम सुन्दर दास जी डॉ विनय पाठक पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़, डॉ स्नेहलता पाठक छत्तीसगढ़ की प्रथम हास्य व्यंग्यकार व रामेश्वर शर्मा साहित्यकार डॉ आशा आजाद अजय जैन संयोजक डॉ मंगल उरांव आयोजक राजकुमार छपाड़िया मुम्बई की गरिमामयी उपस्थिति में भव्यता के साथ समपन्न हुई। समारोह में डॉ शिवकुमार श्रीवास शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोसमसरा क एवं शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय कसडोल में पदस्थ शिक्षिका डॉ नीरामणी श्रीवास को काव्य सृजन सहयोग हेतु प्रतिक चिन्ह, प्रमाण पत्र प्रदान कर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस पुस्तक मे छंद बद्ध कालजयी काव्य ग्रंथ समाहित हैं। इसमें विभिन्न राज्यों सहित चार अन्य देशों के साहित्यकार शामिल हुए इस काव्य में 101 साहित्यकार सदस्य त्रयसंम्पादक मंडल जिसमें प्रमुख संपादक डॉ आशा आजाद के अथक प्रयास से यह पुस्तक लिखी गई जो हसदेव जंगल बचाने हेतु साहित्यकारों द्वारा जनजागरण हेतु लिखी गयी है यह पुस्तक गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हैं। डॉ शिवकुमार श्रीवास एवं डॉ नीरामणी श्रीवास नियति के सम्मानित होने पर जिलाधिकारी हिमांशु भारती सहायक संचालक के.के गुप्ता बी.आर.पटेल मरावी विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पत्रकार साहेब लाल साहू नरेंद्र देवदास, मनोज साहू डॉ गन्नूराम यादव संकुल समन्वय योगेन्द्र जायसवाल संकुल प्रभारी हेमलाल कैवर्त्य नागेन्द्र सेन गोपेश सेन लक्ष्मी नारायण सेन एवं इष्ट मित्रों ने बधाई एवं अनंत शुभकामना दी है।

# इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में प्रसारित राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान महापौर और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश अनुसार मतदान के अंतिम 48 घंटों में प्रकाशित होने वाले सभी राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति एमसीएमसी से अनिवार्य रूप से कराना होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में राजनैतिक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने जरूरी निर्देश भी जारी किए है। धमतरी जिले में नगर निगम में महापौर और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पदों पर निर्वाचन के लिए 11 फरवरी मंगलवार को मतदान होगा। इसे देखते हुए 9 फरवरी और 10 फरवरी को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को जिला पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। इन दोनों दिन राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार.पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर एमसीएमसी कमेटी गठित है। नगरीय निकाय निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी अपने राजनीतिक विज्ञापनों को जिला स्तरीय समिति से प्रमाणीकरण करा सकते हैं। इसके लिए प्रत्याशियों को विज्ञापन के प्रारूप की तीन प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मीडिया प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। मीडिया में ऐसा कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा जो सामाजिक समरसता को बिगाड़ने अथवा तनाव को बढ़ाने, शांति भंग करने, संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत हो। किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन पर भी रोक रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों का समिति द्वारा प्रमाणन कराया जाना आवश्यक है। इन विज्ञापनों में प्रिंट मीडियाए टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो निजी एफएम सहित, सिनेमा घर, ई.समाचार पत्र, बल्क एवं वाईस एसएमएस एवं सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य.श्रव्य माध्यम शामिल है।

# कसडोल नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से गणेश साहू प्रबल दावेदार

पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com



आगामी नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बज गया है जिसमे नगर पंचायत कसडोल में अध्यक्ष चुनाव के लिए युवा चेहरा गणेश साहू प्रबल दावेदार के रूप में हैं, उन्होंने ने पूर्व में भी कसडोल नगर पंचायत में पार्षद का चुनाव लड़ा था और कड़ी टक्कर भी दी थी कसडोल की जनता का आशीर्वाद हमेशा उनके ऊपर बना रहा है तथा वे हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं सांथ ही वे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रसर रहते हैं। उन्होंने कसडोल नगर में हिन्दू नववर्ष व श्रीराम नवमी पर्व पर सनातन हिन्दू धर्म जागरण हेतु श्रीराम शोभा यात्रा प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है साथ ही वो पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कई पदों का निष्ठापूर्ण निर्वाहन किया व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवक रहे हैं और सांथ ही सामाजिक दायित्वों का भी निष्ठापूर्ण निर्वहन किया है, और वर्तमान में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा बलौदाबाजार में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्ण निर्वहन कर रहे हैं। इसके साथ ही गणेश साहू का कहना है कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व मुझ पर विश्वास कर प्रत्याशी बनाती है तो निश्चित ही कसडोल नगर की जनता का सहयोग और आर्शीवाद भरपूर मिलेगा और कसडोल नगर पंचायत में कमल खिलेगा।

# थाना प्रभारी सहित प्रबुद्धजनों ने सुनी भागवत कथा

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



ओड़िशा राज्य के नुआपड़ा जिला अंतर्गत सरायपाली में महाराज क्षेत्रपाल देवता गौरटेक वाले के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में कथा श्रवण करने पंहुचे नुआपड़ा जिला अंतर्गत बेलटूकरी थाना प्रभारी सुर्यकांती दास। इस दौरान उनके विशेष आग्रह पर महाराज अपने सहयोगियों के साथ बेलटूकरी थाना पंहुचे। जहां थाना प्रभारी बेलटिकरी सुर्यकांती दास के नेतृत्व में बेलटूकरी थाना पुलिस द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महाराज ने पुलिस कर्मचारियों का उत्साह वर्धन करते हुए मार्गदर्शन किया। इस दौरान उनके साथ यज्ञाचार्य इंद्रजीत उपाध्याय, करुणाकर उपाध्याय, कथा आयोजन समिति से कन्हैया साहू, शिबू चंद्राकर सहित सहयोगी गण उपस्थित रहे। बेलटूकरी थाना पुलिस ने महाराज को अपने बीच पाकर पुलिस कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनसे धर्म शास्त्रों की चर्चा की।

# आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं गणतंत्र दिवस की तैयारी के सम्बन्ध में अधिकारियों की बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत के लिए निर्वाचन तिथि की घोषणा कर दी गई है और जिले में आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सभी अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करें। सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित है। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना, प्रशिक्षण, ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम, मतदान दलों का गठन, मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं, मतगणना की तैयारी आदि के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए। इसी प्रकार नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति करने तथा जिला एवं अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन करने कहा। जारी निर्देश के अनुसार राजनैतिक पदाधिकारी मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल हो सकते हैं। स्वतंत्रता, देशभक्ति एवं राज्य की महिमा से सम्बंधित उद्बोधन होगा लेकिन राजनीतिक प्रचार -प्रसार नहीं होगा। नई घोषणा नहीं होगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासन की प्रचलित योजनाओं का झाँकियो के रूप में प्रदर्शन किया जा सकेगा। झांकियों में राजनीतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाए जा सकेंगे। देशभक्ति से सम्बंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिनका कार्यकाल शेष है ऐसे जनप्रतिनिधि नगरीय निकाय एवं पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण कर सकेंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुदिव्या गौते सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# चाइनीज मांझा को लेकर प्रशासन सख्त
## प्रशासनिक टीम ने दुकानों क़ा किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पतंग में उपयोग किये जाने वाले खतरनाक चाइनीज मांझे क़ी बिक्री को लेकर जिला प्रशासन कड़ाई से निगरानी कर रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नगरपालिका एवं राजस्व क़ी टीम द्वारा मंगलवार एवं बुधवार को बलौदाबाजार, भाटापारा, पलारी सहित जिले के अन्य शहरों के बाजारों और पतंग दुकानों क़ा निरीक्षण किया गया। टीम को किसी दुकान में चाइनीज मांझे बेचने या दुकान में रखे जाने क़ी पुष्टि नहीं मिली। दुकानदारों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि वे चाइनीज मांझे की बिक्री न करें। चाइनीज मांझे की बिक्री करते हुए पाया गया तो सबंधित दुकान पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पतंग उड़ाने के लिए दो तरह के मांझे का इस्तेमाल किया जाता है।पहला सूती मांझा और दूसरा चाइनीज मांझा।सूती मांझे की तुलना में चाइनीज मांझा ज्यादा खतरनाक होता है।चाइनीज मांझा नायलॉन के धागे से बना होता है और इस पर कांच या मैटेलिक पाउडर की परत चढ़ाई जाती है। यही वजह है कि इसमें धार ज्यादा होती है और इसका त्वचा पर असर बहुत जल्दी दिखाई पड़ता है।

# सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई जाएगी शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हर वर्ष 25 जनवरी को देशभर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इस बार 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। आयोग ने शनिवार को अवकाश वाले कार्यालयों में अधिकारियों. कर्मचारियों को 24 जनवरी को सवेरे 11 बजे शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं। वहीं जहां शनिवार को अवकाश नहीं है, वहां 25 जनवरी को इसका आयोजन किया जाएगा। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन के लिए सभी विभागों के सचिवों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। परिपत्र में दिए निर्देशों के पालन में धमतरी जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में शुक्रवार 24 जनवरी को सवेरे 11 बजे अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में सभी निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने शपथ ली जाएगी।

# बच्चों को विटामिन ए की सिरप पिलाकर किया गया जिले में शिशु संरक्षण माह शुरू



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शिशु संरक्षण माह का द्वितीय चरण शुरू हो गया, जो कि 21 फरवरी तक चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू. एल. कौशिक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर के द्वारा सिविल अस्पताल कुरूद में बच्चों को विटामिन ए सिरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह आरंभ किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जे पी दीवान ने बताया कि शिशु संरक्षण माह कुल 10 सत्रों में मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह 9 से शाम 5 बजे के बीच आयोजित होगी। इसका उद्देश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिन्द, रंतौधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित गतिविधियां में विटामिन, सिरप 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप, बच्चों में पोषण के स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी दी जाती है। जिले में विटामिन ए के हितग्राही बच्चे 75 हजार 882 एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप के हितग्राही बच्चे की संख्या 80 हजार 345 है।

# पीजी कॉलेज में राइस एजुकेशन ने किया एक दिवसीय बैंकिंग कैरियर गाइडेंस कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



बी सी एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन पर आकांक्षा मरकाम एवं भीखमचंद के निर्देशानुसार राइस एजुकेशन रायपुर द्वारा एक दिवसीय कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राइस एजुकेशन के संस्थापक आशीष नामदेव एवं विषय विशेषज्ञ निखिल दंगे रहे। अतिथियों के स्वागत के उपरांत आशीष नामदेव ने राइस एजुकेशन के उद्देश्य एव संस्था में संचालित होने वाले पाठ्यक्रम से अवगत करवाया। इसके पश्चात निखिल दंगे ने अपने वक्तव्य में बताया कि बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी करने के लिये हमें अपने आप को कैसे तैयार करना चाहिये। बैंक से संबंधित परीक्षायें जैसे आईबीपीएस आरआरबी, आईबीपीएस क्लर्क, आईबीपीएस पीओ, आईबीपीएस एसओ, एसबीआई क्लर्क, एसबीआई पीओ, आरबीआई असिस्टेंट, आरबीआई ग्रेड बी इत्यादि के लिये सर्वप्रथम हमें परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम को समझना चाहिए। आवेदक की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट दी जाती है। सरकारी बैंक के लिये बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली आईबीपीएस पीओ परीक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंकों के लिए प्रोबेशनरी ऑफिसर या सहायक प्रबंधकों की भर्ती के लिए होती है। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में होती है, प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार। बैंकिंग के पाठ्यक्रम के अंतर्गत तर्क, मात्रात्मक योग्यता, अंग्रेजी भाषा, सामान्य जागरूकता और कंप्यूटर ज्ञान आता है। आप कड़ी मेहनत कर 6 महीने में बैंकिंग सेक्टर में नौकरी प्राप्त कर सकते है। राइस एजुकेशन रायपुर का अपना यू ट्यूब चैनल है जिसमें बैंकिंग, रेलवे, एसएससी इत्यादि की कोचिंग क्लासेस चलायी जाती है जिसमें आनलाईन एवं आफलाईन क्लासेस की सुविधा उपलब्ध है। उक्त कार्यक्रम में आकांक्षा मरकाम, भीखमचंद, खुशी, संकल्प, सागर, हिबा, डिम्पल, कीर्ति, जैनम, गौरा, महिमा, शाहिला, योगेंद्र तथा अन्य महाविद्यालयीन विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# मार्ग से भटकाने वाले लोगों पर ध्यान न देकर अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें: दीपक सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी शहर में संचालित ओम लक्ष्मी फाउंडेशन के द्वारा विद्यार्थी बच्चों का गणतंत्र दिवस के पूर्व तिरंगा यात्रा एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम हिन्दू जागरण मंच युवा आयाम प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यात्रा के पूर्व दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि एक बार स्वामी विवेकानंद रेल से कहीं जा रहे थे। वह जिस डिब्बे में सफर कर रहे थे, उसी डिब्बे में कुछ अंग्रेज यात्री भी थे। उन अंग्रेजों को साधुओं से बहुत चिढ़ थी। वे साधुओं की भर.पेट निंदा कर रहे थे। साथ वाले साधु यात्री को भी गाली दे रहे थे। उनकी सोच थी कि चूँकि साधू अंग्रेजी नहीं जानते, इसलिए उन अंग्रेजों की बातों को नहीं समझ रहे होंगे। इसलिए उन अंग्रेजो ने आपसी बातचीत में साधुओं को कई बार भला.बुरा कहा। हालांकि उन दिनों की हकीकत भी थी कि अंग्रेजी जानने वाले साधु होते भी नहीं थे। दीपक सिंह ठाकुर ने आगे कहा कि रास्ते में एक बड़ा स्टेशन आया। उस स्टेशन पर विवेकानंद के स्वागत में हजारों लोग उपस्थित थे, जिनमें विद्वान् एवं अधिकारी भी थे। यहाँ उपस्थित लोगों को सम्बोधित करने के बाद अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर स्वामीजी अंग्रेजी में ही दे रहे थे। इतनी अच्छी अंग्रेजी बोलते देखकर उन अंग्रेज यात्रियों को सांप सूंघ गया, जो रेल में उनकी बुराई कर रहे थे। अवसर मिलने पर वे विवेकानंद के पास आये और उनसे नम्रतापूर्वक पूछा, आपने हम लोगों की बात सुनी, आपने बुरा माना होगा। स्वामीजी ने सहज शालीनता से कहा, मेरा मस्तिष्क अपने ही कार्यों में इतना अधिक व्यस्त था कि आप लोगों की बात सुनी भी पर उन पर ध्यान देने और उनका बुरा मानने का अवसर ही नहीं मिला। स्वामीजी का यह जवाब सुनकर अंग्रेजों का सिर शर्म से झुक गया और उन्होंने चरणों में झुककर उनकी शिष्यता स्वीकार कर ली। दीपक सिंह ठाकुर ने विद्यार्थी बच्चों से कहा कि हमें अपने आसपास कुछ नकारात्मक लोग जरूर मिलेंगे। वे हमें हमारे लक्ष्य से भटकाने की कोशिश करेंगे। लेकिन हमें ऐसे लोगों की बातों पर ध्यान न देकर सदैव अपने लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। युवाओं की ऊर्जा का मुख्य रूप से उपयोग राष्ट्र के निर्माण में होना चाहिए, सरकारी नौकरी के साथ ही साथ स्वावलंबन की दिशा में भी सोचना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में फाउंडेशन के संचालक वेदप्रकाश साहू, अविनाश दुबे, आकाश गिरी गोस्वामी, लोकेश साहू, शिवा प्रधान, मिथलेश सिन्हा, सरिता असाई, सुभाष चंद्राकार, मुकेश शर्मा, प्राप्ति वाशानी एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित हुए।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत की गई चालानी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी डॉ एम ए नसीम के मार्गदर्शन में गत दिनों स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के 100 मीटर क्षेत्र में विभिन्न तम्बाकू बिक्री दुकानों मे जिला प्रवर्तन दल द्वारा निरीक्षण कर कोटपा एक्ट के तहत साइन बोर्ड दुकानों मे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके के साथ ही चेतावनी जारी किया गया और चालानी कार्यवाही की गई। चलानी कार्यवाही के दौरान औषधि निरीक्षक संदीप सूर्यवंशी, गिरीश कश्यप एवं स्वास्थ्य विभाग के विकास कुमार उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा, जिले में आदर्श आरचण आचार संहिता प्रभावशील

## नगरीय निकायों में एक चरण एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन तीन स्तरों में होगा सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा के उपरांत दुर्ग जिले में भी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गयी है। अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता का अक्षरसः पालन करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान वाट्सएप पर किसी भी पार्टी, व्यक्ति, जाति, धर्म के संबंध में किसी भी प्रकार की पोस्ट करने स्वयं भी बचे और अधिनस्थों को भी ऐसा न करने निर्देशित करे। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही निर्वाचन परिणाम तक अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन आयोग के अधीन रहेंगे। कलेक्टर सु चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने अवगत कराया कि दुर्ग जिले में नगरीय निकायों का निर्वाचन एक चरण में एवं त्रिस्तरीय पंचायतों का निर्वाचन तीन चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। नगरीय निकायों के लिए नामांकन 22 जनवरी 2025 से प्रारंभ होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 होगी। 31 जनवरी 2025 को नाम वापसी तथा मतदान 11 फरवरी 2025 को और मतगणना 15 फरवरी 2025 को संपन्न होगी। त्रिस्तरीय पंचायत के लिए नामांकन 27 जनवरी 2025 से 3 फरवरी 2025 तक, 6 फरवरी 2025 को नाम वापसी तथा 17, 20 एवं 23 फरवरी 2025 को तीन चरणों में चुनाव संपन्न होगा। नगरीय निकायों में चुनाव ईव्हीएम से व त्रिस्तरीय पंचायत का मतदान मतपत्र से होना है। कलेक्टर सु चौधरी ने अधिकारियों की ड्यूटी आदेश अनुसार सभी को कर्तव्य के बेहतर निर्वहन के निर्देश दिए है। उन्होंने ईव्हीएम, मतपत्र व मतपेटी के समुचित प्रबंध, नामांकन की सभी जगह तैयारी और मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी आरओ, ईआरओ को आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने और चुनाव संबंधित सभी कार्यों पर विशेष ध्यान देने कहा है। इस अवसर पर एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, सभी नगरीय निकायों के आयुक्त, नगर पालिका नगर पंचायतों के सीएमओ और समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# 14 लाख का मकान मात्र 3 में लाख में अच्छे लोकेशन पर प्रधानमंत्री आवास का आबंटन किया जायेगा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



शासन की जनकल्याणकारी योजनों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में ऐसे नागरिक जो झुग्गी एवं गैर झुग्गी बस्ती में निवास करते है या जो किराये के मकानों पर अपना जीवन निर्वहन कर रहे है। उन नागरिको को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानो का सुविधा दिया जाता है। यह मकान अच्छे लोकेशन पर अगर हम प्राइवेट बिल्डर से खरीदेंगे 13 से 15 लाख में मिलेगा जिसको शान द्वारा 3 लाख में दिया जा रहा है । इसकी दिवाली कंक्रीट की बनी है। खीला तक नहीं घुसता है। 2 किलोमीटर पर मॉल, शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पुलिस थाना, बाजार, सड़के, पहुंच मार्ग, खेलकूद की सुविधा, लाइट, पानी, अटैक किचन, लैट्रिंग ,बाथरुम सब कुछ उपलब्ध है। शासन द्वारा जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है वे इस योजना का लाभ ले सकते है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने भिलाई क्षेत्र के आवासहीन नागरिको से कहा है, कि जिन हितग्राही के पास स्वयं का मकान नहीं है, उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन के नियमानुसार मकान का आबंटन किया जा रहा है। मकान प्राप्त करने के लिए महत्वूपर्ण दस्तावेज जैसे- नागरिक 31 अगस्त 2015 से पूर्व निवासरत हो जिनका (मतदाता सूची/किरायानामा/निवास प्रमाण/जनगणना 2011 की सूची में नाम), हितग्राही का भारत में कहीं भी पक्का मकान न हो, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक न हो। जिन हितग्राही के पास सभी दस्तावेज हो वह हितग्राही इस योजना का लाभ ले सकते है। माइल स्टोन स्कूल के पास खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया गया है। जिसमें 521 परिवारो को आवास दिया जायेगा। एक मकान की लागत 4.48 लाख है, जिसमें केन्द्र शासन का अंशदान 1.50 लाख एवं हितग्राही अंशदान 2.98 लाख है। जो हितग्राही 2.98 लाख का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करते है उन्हे ही लाटरी में शामिल कर मकान का आबंटन किया जायेगा। वरिष्ठ एवं दिव्यांगजन आवेदको के लिए भू-तल के आवास आरक्षित रखा गया है। हितग्राही अपनी इच्छा के अनुरूप आवेदन कर आवास का लाभ उठावें।

# शिशु संरक्षण माह (एसएसएम) द्वितीय चरण का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला स्तर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोटियाकला में शिशु संरक्षण माह द्वितीय चरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या वास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक संजीव दुबे, अस्पताल के समस्त चिकित्सा अधिकारी, आरएमएनसीएच ए कंसल्टेंट मती शोभिका गजपाल, एवं अन्य जिला स्तर के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण के साथ ही विटामिन 'ए' (09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को प्रत्येक 6 माह में 1 बार) एवं ध्य सिरप (06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में 2 बार) 1-1 उस लगातार 6 माह तक पिलाया जावेगा। बच्चों व गर्भवती माताओं का टीकाकरण, गर्भवती माताओं की जांच तथा उन्हें पोषण आहार की सलाह के साथ-साथ अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) रिफर किया जाएगा व मध्यम कुपोषित बच्चों हेतु माताओं को आहार की सलाह दी जाएगी। कलेक्टर चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिशुवती माताओं को 1000 दिवस तक बच्चों के विशेष देखभाल, आहार व टीकाकरण अनिवार्य करवाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की देखभाल उनके 5 वर्ष के हो जाने तक अवश्य जारी रखने चाहिये। जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी, आरएमएनसीएच ए कंसल्टेंट व ब्लॉक स्तर पर मॉनिटरिंग टीम को जिले में भ्रमण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के पश्चात शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोटियाकला के प्रांगण में बेल का पौधा रोपण किया गया।

# रिखी का समूह गणतंत्र दिवस प्रस्तुति देने आज होगा नई दिल्ली रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनका समूह राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में लोकनृत्यों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रदर्शित करने 23 जनवरी को दुर्ग से रवाना होगा। रिखी क्षत्रिय के समूह लोकरागिनी मरोदा सेक्टर भिलाई को 24 जनवरी से 27 जनवरी तक राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह और भारत पर्व में अपनी प्रस्तुति देनी है। जिसमें देश-विदेश के अतिविशिष्ट मेहमानों के साथ-साथ आम जनता के लिए भी सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग-अलग दिन होंगे। यहां रिखी और उनका समूह विविध छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की प्रस्तुति देगा। इनमें आदिवासी नृत्य-- गौर शिकार नृत्य, बैगा करमा नृत्य, ठिसकी नृत्य, माड़ी करमा नृत्य एवं मांदरी नृत्य बस्तर, कवर्धा जिला, सरगुजा जिला दंतेवाडा जिला, कांकेर जिला आदि जिले के आदिवासियों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी जाएेगी साथ में छत्तीसगढ के बारामासी गीत नृत्य एवं झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि 25 कलाकारों का समूह 23 जनवरी को नई दिल्ली के लिए रवाना होगा। सभी कलाकार छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की तैयारी कर रहे हैं। इस समूह में रिखी क्षत्रिय के साथ कुलदीप, पारस, संजीव, प्रदीप, नवीन, प्रमोद, भीमेश,जया लक्ष्मी, लीना, तुलेश्वरी, नेहा देवांगन, प्रियका, हेमा, ओमेश्वरी, गीतांजलि, राम कुमार पाटिल, डोरेलाल, उग्रसेन, राजेश, अजित, सुनील, शिवम, वेन और चंचल शामिल हैं।

# संगीत परीक्षा के एडमिट कार्ड ऑनलाइन उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की संगीत परीक्षा के एडमिट कार्ड (प्रवेश पत्र) ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गए हैं। जैन कला केन्द्र के प्राचार्य कीर्ति व्यास ने बताया कि स्टूडेंट को ऑनलाइन डाउनलोड करना होगा। जिस साइट पर परीक्षा फार्म भरे थे वहीं जाकर डाउनलोड कर प्रिंट करना होगा। उन्होंने कहा कि यह इसलिए जरूरी है क्योंकि स्टूडेंट को परीक्षा के दौरान हॉल में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं है।

# ताज दरबार में तकरीर और लंगर 27 को

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैहि का जन्मदिन 27 जनवरी सोमवार को ताज दरबार नानी अम्मा जीई रोड नगर निगम पानी टंकी के पास साक्षरता चौक के सामने पूरी शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की ओर से इस मौके पर एक रोज का अजीम ओ शान तकरीरी प्रोग्राम रखा गया है। जिसमें 27 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से औरतों के लिए तकरीर रखी गई है। सिमगा की शाहाना कादरी नूरी की कयादत में आलीमा फाजिला मोबीन ताजी और आलीमा फाजिला चांदनी ताजी की तकरीर होगी। इसके बाद शाम 6:00 बजे से फातिहा ख्वानी और आम लंगर होगा। ताज दरबार की ओर से हज्जन बदरुन्निसा ताजी, ताज अंजुम ताजी और मोहम्मद सादिक ताजी ने यह जानकारी दी।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में निर्वाचन की अधिसूचना के प्रकाशन के साथ आज से नगरीय निकायों के आम/उप निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक लिये जाएंगे। नगर निगम दुर्ग के रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर प्रातः 10.30 बजे से नामांकन लेने अपने अपने कक्ष में सीट पर विराजमान हो गए थे। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में निर्विघ्न चुनाव प्रक्रिया निपटने कलेक्टोरेट परिसर स्थित देवी माता की मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम के रिटर्निंग ऑफिसर एडीएम अरविंद एक्का, सभी एआरओ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह सहित स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# बार-बार निगम कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं, हेल्प डेस्क पे फोन कर प्राप्त करें जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई में पूछताछ काउंटर खुला हुआ है, जिसका कार्यालयीन अवधि में कार्यरत है। नागरिको को नगर निगम भिलाई से संबंधित संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक, लीज नवीनीकरण, फ्री-होल्ड, गुमशता लाईसेंस, ट्रेड लाईसेंस, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लोक सेवा गारंटी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी अजीविका मिशन, साफ-सफाई इत्यादि कार्यो के लिए नगर निगम भिलाई कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त करनी पड़ती है। एक बार आकर जानकारी प्राप्त करते है, उसके बाद फिर वापस जाते है और संबंधित दस्तावेज एकत्रित करते है। फिर निगम कार्यालय आना पड़ता है। इन सब कार्यो के पूछताछ एवं जानकारी प्राप्त करते है कि किस कार्य के लिए क्या-क्या दस्तावेज की आवश्यकता है। आदि संपूर्ण जानकारी पूछताछ काउंटर पर फोन करके प्राप्त की जा सकती है। पूरी तैयारी के साथ निगम के संबंधित विभाग में जमा किया जा सकता है। कभी-कभी जानकारी के अभाव में विचैलियो के चक्कर में नागरिक फस जाते है। जो उन्हे गुमराह कर देते है। इससे बचने के लिए पूछताछ काउंटर संचालित किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय बीच-बीच में काउंटर पर जाकर जानकारी स्वयं लेते है। इसी प्रकार घर बैठे-बैठे बिना निगम कार्यालय आए अपना काम करवाने के लिए शासन द्वारा बहुत ही उपयोगी मोर संगवारी योजना चलाया जा रहा है। जिसमें 14545 में कॉल करके मोर संगवारी को आप घर बुलाया जा सकते है। वह आपके घर बैठे-बैठे सभी प्रमाण पत्र प्रदान कर देगा, उसका घर पहुंच सेवा की किमत मात्र 50 रूपये है। इसमें भी जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यू प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, गुमशता लाईसेंस, ट्रेड लाईसेस, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मजदूर कार्ड, निवासी प्रमाण पत्र, इत्यादि इसको बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज वह घर आके प्राप्त करेगा और घर बैठे-बैठे सुविधा देगा, कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। यह सभी विघार्थियो, युवाओ, बड़े बुर्जुगो के लिए बहुत ही उपयोगी शिद्ध हो रहा है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने नागरिको से अनुरोध किया है कि शासन की दोनो सुविधा का नागरिक उपयोग करे। इससे उनके समय एवं ईधन की बचत होगी। अनावश्यक विचैलियो से गुमराह होने से बच जायेगे।

# इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में रिटायर कर्मियों को दी विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह दिसंबर-2024 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों सह संस्था के सदस्यों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमारी सोसाइटी के आधार स्तंभ रहे हैं और इनका योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा। इन रिटायर कर्मियों में पीईएम से बसंत कुमार साहू, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, से ब्रह्मदेव, मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल से अनिल कुमार और अरुण कुमार, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से शेख नूरुद्दीन, ब्लास्ट फर्नेस से प्रमोद कुमार।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
**सीआईएन: L65110TN2014PLC097792**
**पंजीकृत कार्यालय :** - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031
**फोन :** +91 44 4564 4000 I **फैक्स :** +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसे आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ मिला दिया गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी से संबंधित तारीखों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37805848 | संपत्ति पर ऋण | 1. जगमोहन कुर्रे 2. साधराम कुर्रे, 3. सागर कुर्रे | 28.12.2024 | 6,34,899.24/- |

**संपत्ति का पता :** प्लॉट संख्या 06 का पूरा टुकड़ा और पार्सल, आबादी भूमि खसरा संख्या 563/59 का हिस्सा, क्षेत्रफल 289 वर्ग मीटर, मौजा : टेमरी, पी.एच.नं. पर स्थित है। 37, आर.आई.सी.-मारो, तहसील : नवागढ़, जिला : बेमेतरा, छत्तीसगढ़-491340, और **सीमा : पूर्व : वीरेंद्र का घर, पश्चिम : बजरंग की बाड़ी उत्तर : बिसाहिन का घर, दक्षिण : गली**

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 109123455 | संपत्ति पर ऋण | 1. रामनारायण मानिकपुरी 2. नीलम मानिकपुरी | 25.09.2024 | 11,09,926.20/- |

**संपत्ति का पता :** जमीन का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल/पीएलओए एरिया 200 वर्ग मीटर (2152 वर्ग फीट), खं. सं. 989/2, मौजा सिंगारपुर में स्थित, पी.एच.नं. 21, आरआईसी-निपनिया, तहसील : भाटापारा, जिला : बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़-493118, और **सीमा : पूर्व : गली, पश्चिम : रामनारायण की बाड़ी उत्तर : दुर्गा चौरा, दक्षिण : सुकलवापाल का घर**

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 82664953 | गृह ऋण | 1. अखिल जैन 2. कल्पना जैन | 11.01.2025 | 40,55,379.34/- |

**संपत्ति का पता :** फ्लैट नंबर 404 का पूरा टुकड़ा और पार्सल, चौथी मंजिल पर, 96.49 वर्ग मीटर (निर्मित क्षेत्रफल), 125.18 वर्ग मीटर (अतिनिर्मित क्षेत्रफल), बहुमंजिला इमारत (कॉम्प्लेक्स) "शांति नगर" पर निर्मित, परिवर्तित भूमि खसरा संख्या 416/28 और 416/35, मौजा गांव : लाभांडी, वार्ड संख्या 28 (महर्षि वाल्मीकि वार्ड), पी.एच.नं. 113/44/65, आर.एन.एम.-रायपुर-2, तहसील और जिला : रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001, और सीमा :- पूर्व : खुला क्षेत्र, उत्तर : मार्ग और खुला क्षेत्र, पश्चिम : खुला क्षेत्र, दक्षिण : खुला

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के खिलाफ सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा रूप से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

**हस्ताक्षरकर्ता/-**
**अधिकृत अधिकारी**
**दिनांक : 23.01.2025**
**स्थान : छत्तीसगढ**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

**चुनाव के समय भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारों के तहत लगाये गये प्रतिबंध**

# कानून-व्यवस्था बनाये रखने दिशा-निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगरीय निकाय/त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाने तथा निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश प्रसारित किए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने तक दुर्ग जिले के निर्वाचन होने वाले नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारों के तहत अस्त्र शस्त्र, लाठी, बल्लम, धारदार हथियार, ज्वलनशील पदार्थ एवं अन्य विस्फोटक सामग्री लेकर चलने, रखने एवं उन्हें प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उक्त आदेश का प्रसारण अपने अपने थाना क्षेत्र एवं संबंधित नगरीय निकाय के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करें। लायसेंसशुदा अस्त्र शस्त्र को लेकर चलने, अपने पास रखने एवं प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी अन्य प्रदेश या अन्य जिले का व्यक्ति भी उपरोक्त अवधि में अपना लायसेंस शुदा शस्त्र लेकर चुनाव होने वाले नगरीय निकाय के संबंधित क्षेत्र में नहीं चल सकता। यह आदेश केवल वर्दीधारी पुलिस तथा सेना के जवानों पर लागू नहीं होगा।

**लायसेंस शुदा अस्त्र शस्त्रों को थाने में सुरक्षित जमा कराना होगा**-चुनाव होने वाले नगरीय निकाय के क्षेत्र के लायसेंस धारकों के अस्त्र शस्त्र माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिप्रेक्ष्य में तत्काल थाने में जमा कराएं, प्रत्येक लायसेंसधारी को निर्धारित फार्म में पावती दी जाएगी। चुनाव संपन्न होने तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त अधिकारों के तहत जारी प्रतिबंधात्मक अवधि की समाप्ति के बाद जमा अस्त्र शस्त्र संबंधित लायसेंस धारकों को वापस किए जा सकते हैं।

**आपराधिक तत्वों की धरपकड़**-गड़बड़ी फैलाने वाले आपराधिक तत्वों की धरपकड़ प्रारंभ कर दी जाए, ताकि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्वक एवं निर्विघ्न संपन्न हो सके। आदतन अपराधी गुण्डा एवं सांप्रदायिक दंगा फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से अमल में लाया जाये। विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त वारंट्स की तामिली अभियान चलाकर पूर्ण की जाए एवं अपराधियों को हिरासत में लिया जाए, चूंकि इस प्रकार गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर को प्रतिदिन दी जानी होगी। जिन व्यक्तियों की धरपकड की जाती है तो उनकी जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से देना होगा ताकि उसकी सूचना छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर को दी जा सके।

**शराब बिक्री पर प्रतिबंध**-मतदान की तिथि से दो दिन पूर्व से लेकर मतदान के दिन तक मदिरा के विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। आपको यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिबंध अवधि में किसी भी दशा में मदिरा का विक्रय न हो। यदि मदिरा विक्रय होता हुआ पाया जाता है तो मदिरा को तत्काल जब्त कर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

**शराब दुकान**-चुनाव अवधि के दौरान यह सुनिश्चित करें कि जिले के निर्वाचन क्षेत्र के भीतर शराब दुकान, बीयर बार तथा एफएल.-2 एवं एफ एल-3 दुकाने एवं होटल रात्रि में निर्धारित समय पर बंद हो जाए। इस कार्य हेतु स्थानीय आबकारी अधिकारी/कर्मचारी आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

**शपथ पत्र**

मैं बबीता साहू पति बलदाऊ प्रसाद साहू ग्राम तिवरैया, तहसील व थाना धरसीवां जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि :-

यह कि उपरोक्त नाम व पता सत्य व सहीं है तथा पत्र व्यवहार किये जाने के लिए पर्याप्त है।

यह कि मेरा विवाह दिनांक 02.05.2009 को ग्राम तिवरैया, धरसींवा रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) निवासी श्री बलदाऊ प्रसाद साहू के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हुआ था।

यह कि मेरा मायका ग्राम सडडू (तरपोंगी) है। विवाह के पूर्व मेरा नाम हेमलता साहू था, इसलिए विवाह के पूर्व सभी शैक्षणिक दस्तावेजों 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12 वीं के अंकसूचियों तथा अन्य दस्तावेज जैसे स्थायी व मूल निवास पत्रों में उपरोक्त नाम हेमलता पिता कांशीराम लेख है।

यह कि विवाह के दौरान मेरे वास्तविक नाम हेमलता से विवाह योग्य गुण नहीं मिलने के कारण मेरे नाम में परिवर्तन कर अर्थात् बबीता साहू रखकर विवाह सम्पन्न किया गया है, इसलिये विवाह पश्चात् मेरे ससुराल ग्राम तिवरैया, धरसींवा में मैं बबीता साहू के नाम से ही जानी व पहचानी जाती हूँ।

यह कि विवाह के पश्चात् ससुराल में उपयोगी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मतदाता फोटो परिचय पत्र, पेन कार्ड एवं भारतीय स्टेट बैंक के खाता धारक के रूप में परिवर्तित नाम बबीता साहू के नाम पर बनवाया जाकर, उपयोग किया जा रहा है।

यह कि मेरे विवाह के पूर्व के सभी शैक्षणिक दस्तावेजों एवं विवाह पश्चात् तैयार किये गये दस्तावेजों में उल्लेखित नामों में परस्पर भिन्नता होने के कारण शासकीय योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो रही हूँ साथ ही अन्य व्यवहारिक दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

यह कि हेमलता व बबीता साहू दो अलग-अलग महिला न होकर, केवल एक ही महिला है, जो कि मैं अर्थात् बबीता साहू ही हूँ।

यह कि मेरे सभी शैक्षणिक सहित अन्य दस्तावेजों में दर्ज नाम हेमलता के स्थान पर, बबीता साहू जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता फोटो परिचय पत्र एवं भारतीय स्टेट बैंक के खाता धारक के रूप में नाम दर्ज है, के अनुरूप किये जाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

यह कि नाम परिवर्तन हेतु आवश्यक नियमावली/गतिविधि, प्रक्रिया शपथ पत्र व आवश्यक शुल्क भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में चालान क्रमांक 216336134 दिनांक 14.01.2025 राशि 400/- रू. के माध्यम से मेरे द्वारा अदा किया गया है।

यह कि राजपत्र में प्रकाशित करने हेतु यह शपथ पत्र समक्ष अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं बबीता साहू पति श्री बलदाऊ प्रसाद साहू ग्राम तिवरैया, तहसील व थाना धरसीवां जिला रायपुर (छ.ग.) यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 10 तक के कथन मेरी जानकारी के अनुसार सत्य व सहीं है। अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. के समक्ष हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूँ।

शपथकर्ता

## संपादकीय

### इसरो की उपलब्धि अंतरिक्ष में डाकिंग

**इसरो** के अंतरिक्ष डाकिंग ने देश की तकनीकी प्रगति रेखांकित कर भावी अंतरिक्ष खोजों का मार्ग प्रशस्त किया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो के नेतृत्व में चलने वाले भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि पहले सफल अंतरिक्ष डाकिंग प्रयोग के रूप में प्राप्त की है। यह उपलब्धि देश की अंतरिक्ष खोज यात्रा में एक प्रमुख उपलब्धि है। इससे वैश्विक अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में प्रमुख पक्ष के रूप में इसरो का सम्मान और मजबूत हुआ है। अंतरिक्ष डाकिंग दो अंतरिक्षयानों को कक्षा में एक दूसरे से जोड़ना है जिससे अंतरिक्ष यात्रियों, उपकरणों या ईंधन का हस्तांतरण संभव होता है। यह विकसित अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है जिसमें अंतरिक्ष स्टेशनों का निर्माण, अंतरिक्ष की कक्षा में ही मरम्मत तथा अंतर-ग्रहीय यात्रा शामिल हैं। अंतरिक्षयान के डाकिंग की क्षमता अंतरिक्ष की खोज करने वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण है जो अंतरिक्ष में जटिल कार्रवाइयां करने की क्षमता प्रदर्शित करती है। इसरो के डाकिंग प्रयोग में दो छोटे स्वदेशी विकसित अंतरिक्षयान शामिल थे जो कक्षा में चक्कर लगा रहे थे। इस मिशन ने स्वायत्त कार्यवाही की क्षमता प्रदर्शित की है जब दो अंतरिक्षयान एक दूसरे के निकट पहुंचे, सटीक रूप से एक दूसरे से जुड़े तथा उनके बीच ऐसे समय डाकिंग सफल हुई जब वे उच्च गति से धरती की कक्षा में चक्कर लगा रहे थे। इस आपरेशन के लिए सटीक नियोजन तथा अद्यतन तकनीकों का विकास जरूरी है जिनमें नौवहन, कंट्रोल व्यवस्थायें तथा रोबोटिक व्यवस्थायें शामिल हैं।



इस डाकिंग प्रयोग ने अपने माड्यूलर अंतरिक्ष स्टेशन विकसित करने की भारत की महत्वाकांक्षा का आधार तैयार किया है। यह परियोजना अगले दशक में मूर्त रूप लेगी। अंतरिक्ष डाकिंग तकनीक भविष्य में चंद्रमा और मंगल के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है। इससे अंतरिक्ष में बड़े अंतरिक्षयानों को जोड़ने तथा पुनः ईंधन सप्लाई व अंतरिक्षनाविकों के हस्तांतरण की क्षमता प्राप्त होती है जो लंबी अवधि तक चलने वाले मिशनों के लिए जरूरी है। डाकिंग तकनीक में महारत से भारत अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में संभावित साझीदार के रूप में विकसित हुआ है जिनमें 'ल्यूनर गेटवे' या अन्य सहयोगी अंतरिक्ष पहलें शामिल हैं। इस सफलता से इसरो की देश में संवेदनशील तकनीकें खोजने और उनको विकसित करने की क्षमता स्पष्ट होती है तथा बाहरी समर्थन पर निर्भरता घटती है। सफल डाकिंग कोई आसान काम नहीं है। इसरो को इसके लिए अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है जिनमें उच्च सटीकता वाले नौवहन और कंट्रोल सिस्टमों का निर्माण शामिल है जो स्वतः निर्णय लेने में सक्षम हों। 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रहे दो अंतरिक्षयानों के बीच समन्वय इसरो के सफल अंतरिक्ष डाकिंग प्रयोग का केन्द्र है। इसने भारत को अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के क्षेत्र में एक कदम आगे बढ़ाया है। यह संगठन के धरती की निकटस्थ कक्षाओं और उससे आगे जाने का दृष्टिकोण स्पष्ट करता है। इस उपलब्धि से भारत की अंतरिक्ष क्षमताओं में विश्वास पैदा होता है कि देश गगनयान, मानव अंतरिक्ष मिशन, चंद्र मिशन तथा अंतरग्रहीय मिशनों जैसे मिशन पूरे करने में सक्षम है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय ने इसरो की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए इसे महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के रूप में स्वीकार किया है। इससे उभरती अंतरिक्ष शक्ति के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होती है जो चुनौतीपूर्ण तथा अत्यधिक उच्च महत्व वाले अंतरिक्ष मिशन पूरे करने में सक्षम है। भारत इस समय अंतरिक्ष में नई-नई संभावनाओं की सीमायें तोड़ रहा है, ऐसे में इसरो का यह डाकिंग प्रयोग आने वाले वर्षों में और भी बड़ी उपलब्धियों का मार्ग खोलता है। इस प्रकार हर नए कदम के साथ भारत अंतरिक्ष खोज में लगे अग्रणी देशों की कतार में अपना स्थान मजबूत करता जा रहा है। अब तक केवल अमेरिका, रूस और चीन ही डाकिंग में सफलता प्राप्त कर सके हैं।

# सांस्कृतिक व आर्थिक प्रगति का प्रतीक

महाकुंभ का यह आयोजन न केवल दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश की विकसित होती आर्थिक शक्ति व सांस्कृतिक महत्व का भी प्रतीक है।



नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी'
(लेखक, उप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं)



महाकुंभ के पहले दिन 3 करोड़ से अधिक देशी विदेशी श्रृद्धालुओं ने प्रयागराज में पवित्र स्नान किया। इससे पिछले कुछ महीनों से लगाए जा रहे हमारे अनुमान सही सिद्ध हुए हैं। व्यापकता और महानता के पैमाने पर महाकुंभ का यह आयोजन न केवल इस ग्रह के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के रूप में इतिहास में दर्ज किया जाएगा, बल्कि यह बहुत लंबे समय तक बेजोड़ भी बना रहेगा। हमारा अनुमान है कि पहले के आयोजनों से बहुत अधिक लगभग 400 मिलियन तीर्थयात्री इसमें हिस्सा लेंगे। यदि आगंतुकों की संख्या इससे बहुत आगे निकल जाए तो यह भी आश्चर्य की बात नहीं होगी। इन श्रृद्धालुओं के लिए व्यापक व्यवस्थायें की गई हैं।

ये व्यवस्थाएं इतनी व्यापक हैं कि इनका अनुमान लगाना कठिन है। इस विशाल और महान आयोजन की व्यवस्थाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन में विश्व-स्तरीय सुविधायें प्रदान करने के लिए 540 से अधिक परियोजनायें मंजूर की हैं जिन पर लगभग 7,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कोई भी प्रयागराज जा कर नए शहर का विस्तार देख सकता है जो 4000 हेक्टर से अधिक क्षेत्र में फैला है। इसमें 1.5 लाख टेंट लगाए गए हैं तथा उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं व बिजनेस स्थलों समेत सभी मूलभूत सुविधायें जुटाई गई हैं। इस पवित्र स्थल पर श्रृद्धालुओं की सेवा करने में अनेकानेक उद्योगपति लगे हैं जिनके नाम उपभोक्ताओं के दिमाग में बने हुए हैं। कुल मिला कर हमारी उम्मीद है कि यहां 2 लाख करोड़ या 24 बिलियन डालर से अधिक की आर्थिक गतिविधियां होंगी।

यह आंकड़ा अपने आम में अत्यधिक आश्चर्यजनक है। इस व्यापक आयोजन के लिए सुरक्षा ढांचे में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई को शामिल किया गया है जो एक अतिरिक्त उपलब्धि है। हम यहां एक ऐसा स्थल बनाना चाहते हैं जहां सर्वोच्च स्तर के धार्मिक आयोजन के साथ ही सर्वोत्तम आधुनिक सुविधायें भी उपलब्ध हों। तीर्थयात्रियों की प्रारंभिक प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है कि वे इन व्यवस्थाओं से लगभग पूर्णतः संतुष्ट हैं। यह कहना अतिरंजना नहीं होगी कि हमने इस महान धार्मिक आयोजन को सफल तथा अपने चरित्र से बेजोड़ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पहले ही दिन से हमारा ध्यान इस बात पर था कि नियोजन के स्तर पर हमें इस बार महाकुंभ से सारी दुनिया को एक महत्वपूर्ण संदेश देना है। प्रतीकात्मक रूप से यह आयोजन ऐसे समय हो रहा है जब भू-राजनीतिक उथलपुथल काफी स्पष्ट है और धार्मिक असहिष्णुता दुनिया के अनेक हिस्सों में सिर उठा रही है। ऐसे में प्रयागराज का महाकुंभ ऐसा एक और अवसर है जिससे हम अपनी सनातन विरासत की समृद्धि सारी दुनिया के सामने प्रकट कर सकते हैं जिसकी जड़ें शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व व संपूर्ण मानवजाति के कल्याण के दर्शन में निहित हैं।

इस आयोजन में हजारों विदेशी श्रृद्धालु शामिल हुए हैं। इनमें केवल अनिवासी भारतीय ही नहीं, बल्कि दूसरी राष्ट्रीयताओं और धर्मों के भक्त भी शामिल हैं। वे पवित्र स्थल पर पहुंच कर भारत की धार्मिक शक्ति की विशालता और व्यापकता का अनुभव करना चाहते हैं। इस आयोजन से पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट होता है कि हमारा प्राचीन समाज पुनः अपनी सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत को उभारने के लिए प्रयासरत है।

यह आयोजन हमें अनेक क्षेत्रों में सारी दुनिया का नेता बनने के दावे की पुष्टि करता है। इस बार महाकुंभ के आयोजन के माध्यम से हम दुनिया को एक और महत्वपूर्ण संदेश देना चाहते हैं। इसका संबंध उत्तर प्रदेश की बढ़ती आर्थिक शक्ति से है। उत्तर प्रदेश को पहले परेशान 'बीमारू' राज्य के रूप में वर्गीकृत किया जाता था। हालिया दशक तक इसकी यही स्थिति थी। प्रदेश की स्थिति और उसके आर्थिक भविष्य में अब आया परिवर्तन सबको दिखाई दे रहा है। हमें यह विकास प्रयागराज में महाकुंभ के स्थल पर भी दिख रहा है जिसके निर्माण में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी है।

> व्यवस्थाएं इतनी व्यापक हैं कि इनका अनुमान लगाना कठिन है। इस विशाल और महान आयोजन की व्यवस्थाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन में विश्व-स्तरीय सुविधायें प्रदान करने के लिए 540 से अधिक परियोजनायें मंजूर की हैं जिन पर लगभग 7000 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

महाकुंभ से लौटने वाले करोड़ों तीर्थयात्री उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के बारे में सकारात्मक छवि लेकर जाएंगे। उनको अनुभव होगा कि आज उत्तर प्रदेश का लक्ष्य एक आधुनिक व जीवन्त अर्थव्यवस्था बनाना है। हमने वर्ष 2017 से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के सारे प्रयास किए हैं। हम देश के राज्यों में अग्रणी स्थिति तक पहुंचना चाहते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों तथा नियामक हस्तक्षेपों ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। हम इस समय देश में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गए हैं और राष्ट्रीय जीडीपी में हमारा शानदार योगदान 8 प्रतिशत है। पिछले सात-आठ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था 11 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है जो देश में सबसे अधिक है। चारों ओर भूमि से घिरा राज्य होने के बावजूद राष्ट्रीय निर्यातों में हमारा हिस्सा लगभग 5 प्रतिशत है। इसने हमारी मार्केटिंग विकास सहायता योजना को आगे बढ़ाने में सुविधा प्रदान की है।

इस वर्ष हम प्रदेश की नई निर्यात नीति की घोषणा करने जा रहे हैं जिसमें हम अगले पांच साल में नए बिजनेस अवसरों को रेखांकित करेंगे जो हमारे अत्यधिक उत्कृष्ट ढांचागत संरचना आधार से विकसित हो रहे हैं। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है, देश के एक्सप्रेसवे में हमारा हिस्सा 38 प्रतिशत है तथा हमारे पास चार अंतरराष्ट्रीय व न धरेलू हवाईअड्डे हैं। इसके साथ ही सात नए हवाईअड्डों का निर्माण हो रहा है जिनमें विश्व स्तरीय जेवर हवाईअड्डा भी शामिल है जो जल्द ही काम करने लगेगा। जमीनी स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं को ऊर्जान्वित करने के लिए उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण योजना 'एक जिला एक उत्पाद' योजना है।

2018 में शुरू की गई इस योजना में 75 जिलों के खास यूएसपी उत्पादों की पहचान कर स्थानीय पक्षों को इनका बिजनेस उच्च स्तर पर ले जाने को प्रेरित किया गया है। इसके लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रशिक्षण से लेकर मार्केटिंग तक पूरा समर्थन दिया गया है। योजना शुरू होने के समय से हमने राज्य भर के 1,33,472 कारीगरों की सहायता की है। इन प्रयासों से राज्य की अर्थव्यवस्था निर्णायक रूप से प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है। इससे अर्थव्यवस्था को अच्छे लाभ हुए हैं और इससे अर्थव्यवस्था को और आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत हुई है।

हम निकट भविष्य में ही राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं। यह हमारी आर्थिक प्रगति का प्रमुख लक्ष्य है जिस पर पिछले कुछ साल से चल रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों व श्रृद्धालुओं को उत्तर प्रदेश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का अनुभव होगा।

# शिक्षकों की रूपांतरणकारी भूमिका

> "शिक्षा एक गतिशील क्षेत्र है, और शैक्षणिक प्रगति, सांस्कृतिक बदलाव और तकनीकी नवाचारों के साथ अपडेट रहना आवश्यक है।"

साक्षी सेठी
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)



शिक्षा केवल ज्ञान का हस्तांतरण नहीं है। यह दिमाग को आकार देने, विकास को बढ़ावा देने और इससे भी अधिक क्षमता को विकसित करने का काम है। शिक्षकों के रूप में, भूमिका व्याख्यान देने या असाइनमेंट को ग्रेड करने से कहीं आगे तक फैली हुई है। इसमें व्यक्तियों को महत्वपूर्ण विचारक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए मार्गदर्शन, प्रेरणा और सशक्त बनाना शामिल है। अपनी भूमिकाओं पर चिंतन करने से हम अपनी जिम्मेदारियों को अधिक सचेत रूप से अपना पाते हैं और शिक्षार्थियों और समाज की बदलती जरूरतों के अनुकूल ढल पाते हैं। समकालीन शिक्षा में, शिक्षक की भूमिका ज्ञान के एकमात्र स्रोत से बदलकर सीखने के सूत्रधार की हो गई है। यह परिवर्तन छात्रों को खोज करने, सवाल करने और उनकी समझ बनाने के लिए मार्गदर्शन करने के महत्व को रेखांकित करता है। यह एक ऐसा वातावरण बनाने के बारे में है जहां छात्र अपने विचारों को व्यक्त करने, गलतियां करने और उनसे आगे बढ़ने में सुरक्षित महसूस करें। बोर्ड के छात्रों के साथ काम करते समय शिक्षक की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। जब उनके बारे में बात की जाती है, तो शिक्षक की प्राथमिक जिम्मेदारी पाठ्यक्रम की मजबूत समझ सुनिश्चित करना है, जिसमें जटिल अवधारणाओं को तोड़ना, ज्ञान अंतराल की पहचान करना और उन्हें संबोधित करना और प्रभावी अध्ययन रणनीतियां प्रदान करना शामिल है।

शिक्षण सामग्री से परे, शिक्षकों को छात्रों को दबाव में आत्मविश्वास से प्रदर्शन करने के लिए समय प्रबंधन और परीक्षा तकनीक विकसित करने में मदद करनी चाहिए। भूमिका विषय विशेषज्ञता और परीक्षा प्रारूप और रुझानों के बारे में गहरी जागरूकता की मांग करती है। आज, बोर्ड के छात्रों के लिए आधुनिक शैक्षिक परिदृश्य में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएँ और सीखने में प्रौद्योगिकी के तेजी से एकीकरण जैसी चुनौतियाँ शामिल हैं। शिक्षकों को अनुकूलनीय बने रहने की जरूरत है, सीखने को आकर्षक और सुलभ बनाने के लिए डिजिटल उपकरणों का लाभ उठाते हुए उन जरूरतों को पूरा करने के लिए रणनीतियों का उपयोग करना और यह सुनिश्चित करना कि हर छात्र शामिल और मूल्यवान महसूस करे। इसके अतिरिक्त, छात्रों की विविध सीखने की जरूरतों को स्वीकार करना और जब भी संभव हो निर्देश को वैयक्तिकृत करना भी उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि छात्र अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं जो अक्सर उनके भविष्य के शैक्षिक और करियर पथ को निर्धारित करती हैं। इस संदर्भ में शिक्षकों के रूप में हमारी भूमिकाओं पर विचार करने से एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता का पता चलता है जो अकादमिक कठोरता, भावनात्मक समर्थन और जीवन-कौशल विकास को जोड़ता है।



एक शिक्षक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में से एक आजीवन सीखने वाला होना है। शिक्षा एक गतिशील क्षेत्र है, और शैक्षणिक प्रगति, सांस्कृतिक बदलाव और तकनीकी नवाचारों के साथ अपडेट रहना आवश्यक है। व्यक्तिगत विकास के लिए यह प्रतिबद्धता न केवल शिक्षण प्रभावशीलता को बढ़ाएगी बल्कि छात्रों के लिए निरंतर सीखने के मूल्य का मॉडल भी बनाएगी। आलोचनात्मक सोच, सहयोग और अनुकूलनशीलता जैसे शिक्षण मूल्य छात्रों को परीक्षा हॉल से परे चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

इस बात पर जोर देना आवश्यक है कि शिक्षा उन्हें जीवन के लिए कौशल से लैस करने के बारे में है, न कि केवल रिपोर्ट कार्ड पर अंक देने के बारे में। शिक्षकों के रूप में हमारी भूमिकाओं पर विचार करने से युवा जीवन को आकार देने में हमारे पास मौजूद अपार जिम्मेदारी और अवसर पर प्रकाश डाला गया है। इसके लिए अकादमिक विशेषज्ञता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और अटूट समर्पण की आवश्यकता होती है।

न केवल बुद्धि बल्कि अपने छात्रों की भावना का पोषण करके, हम शिक्षकों के रूप में उन्हें उनकी परीक्षाओं में और सबसे महत्वपूर्ण रूप से जीवन में सफलता की ओर ले जा सकते हैं। अपनी बहुमुखी भूमिकाओं को जुनून और उद्देश्य के साथ अपनाकर, हम अपने विद्यार्थियों के लिए परिवर्तनकारी अनुभव सृजित कर सकते हैं तथा ज्ञान और बुद्धिमत्ता की एक स्थायी विरासत छोड़ सकते हैं।

## आप की बात

### कर्ज की चुनौती

**डोनाल्ड** ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के एक दिन बाद ही अमेरिका में डेट सीलिंग यानी कर्ज की सीमा का संकट फिर सिर उठाने लगा है। यह समस्या तब उत्पन्न होती है जब अमेरिकी सरकार का कर्ज एक निश्चित सीमा से अधिक हो जाता है, जिसे कांग्रेस द्वारा निर्धारित किया जाता है। अमेरिका की निवर्तमान वित्त मंत्री जेनेट येलन ने कुछ दिन पहले चेतावनी दी थी कि अमेरिका 21 जनवरी को अपनी डेट लिमिट पर पहुंच जाएगा। इसके बाद वित्त विभाग असाधारण उपाय करना शुरू देगा, जैसे कि कुछ बिलों का भुगतान नहीं करना या प्राथमिकता के आधार पर भुगतान करना। इस समस्या के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यदि अमेरिका अपने कर्ज का भुगतान नहीं कर पाता है, तो यह दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता का कारण बन सकता है। इसके अलावा, अमेरिकी नागरिकों को भी इसका नकारात्मक प्रभाव झेलना पड़ सकता है, जैसे कि सोशल सिक्योरिटी बेनिफिट्स में कटौती या अन्य सरकारी सेवाओं में कमी। इस समस्या का समाधान करने के लिए, अमेरिकी सरकार को अपने कर्ज को कम करने और अपने वित्तीय संसाधनों को प्रबंधित करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। इसके लिए, सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी, करों में वृद्धि करनी, और अपने राजस्व स्रोतों को बढ़ाने के लिए उपाय करने होंगे।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### भ्रष्टाचार पर दोहरा रवैया

**देश** में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो गई हैं। हर विभाग से भ्रष्टाचार की खबरें आती हैं। हालांकि सरकार द्वारा गठित लोकायुक्त और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा भ्रष्ट लोगों को पकड़ा भी जाता है। लेकिन यह भ्रष्टाचार रूपी पेड़ से कुछ पत्ते तोड़ने जैसा होता है । पेड़ की जड़ पर प्रहार नहीं किया जाता है। इसी कारण यह फल फूल रहा है। दरअसल भ्रष्टाचार को लेकर सरकार द्वारा दोहरा रवैया अपनाया जाता है। पहला यह कि रिश्वत लेने को जमानती अपराध माना गया है। पकड़े जाने पर थाने से ही तुरंत जमानत हो जाती है। दूसरा कोढ़ में खाज यह कि भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार द्वारा वर्षों तक आरोपी के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जाती है, जिससे मामला लंबित रहता है। कई आरोपी कर्मचारी तो अपना पूरा कार्यकाल कर लेते हैं, तब तक स्वीकृति नहीं दी जाती है। यदि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है तो इसे गैर जमानती अपराध बनाने की पहल करनी होगी। दूसरा यह कि व्यवस्था ऐसी हो कि रिश्वत लेते पकड़े जाने पर कर्मचारी के तुरंत निलंबन के साथ ही अभियोजन की स्वीकृति हो, ताकि मामला अदालत में जा सके। जमानत नहीं होने से जेल में विचाराधीन आरोपी को अपने गुनाह का अहसास तो हो सके।

– **मोहन जोशी**, इंदौर

### महाकुंभ में आग

**महाकुम्भ** की आग ने उन सनातन विरोधियों के मनों की आग को कुछ ठण्डक ज़रूर पहुंचाई होगी जिनके मन महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता से कुण्ठित थे। जिनमें अखिलेश यादव और राहुल गांधी मुख्य रूप से रात- दिन इसी उलझन में थे कि किस प्रकार महाकुम्भ की सफलता पर कोई दाग़ कैसे लगे? अतः जब महाकुम्भ के कुछ छ टैंटों में आग का समाचार संचार माध्यमों से प्रसारित हुआ तुरन्त सबसे पहली प्रतिक्रिया अखिलेश यादव और कांग्रेस की तरफ से आई। अखिलेश यादव तो यह भी भूल गए कि उनकी सरकार में 2013 में जब कुम्भ लगा था तो प्रयाग रेलवे स्टेशन पर ही भगदड़ में 42 लोग मारे गए थे। जो कि पूरी तरह शासन और प्रशासन के कुप्रबंधन का परिणाम था। जबकि महाकुम्भ में लगी आग का दोष सरकार पर मंढना इसलिए उचित नहीं क्योंकि टैंट में आग मानवीय भूल के कारण लगी न कि सरकारी कुव्यवस्था के कारण। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने तो आग के लिए पूरी तरह योगी सरकार को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। अजय राय तो अभी मौनी अमावस्या के स्नान पर आस लगाए बैठे हैं कि उस दिन भी कुछ अशुभ हो। तमाम विपक्ष नहीं चाहता कि 2025 का कुम्भ सफलता पूर्वक सम्पन्न हो जाए। ये सब चाहते हैं कि कुम्भ में कुछ अशुभ हो और ये फाग मनाएं।

– **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### अदालत का संदेश

**दिल्ली** दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक गहरी और सार्थक टिप्पणी की। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने कहा, अब तो जेल में बैठकर चुनाव लड़ना और जीतना आम हो गया है। यह चिंताजनक है। जेल में बंद सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। यह बयान न केवल राजनीतिक तंत्र पर, बल्कि समाज में नैतिकता और शुचिता की आवश्यकता पर गंभीर प्रश्न उठाता है। क्या आपराधिक आरोपों में घिरे व्यक्तियों को जनप्रतिनिधित्व का अधिकार मिलना चाहिए? यह सवाल आज के दौर में विचारणीय है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा और विश्वास अर्जित करना होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी राजनीतिक व्यवस्था को स्वच्छ और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक सशक्त संदेश है। यह समय है कि देश का हर नागरिक इस विषय पर मंथन करे और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करे कि हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली में नैतिकता और ईमानदारी की नींव सुदृढ़ बनी रहे।

– **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विधायक अनिला भेडिया की अध्यक्षता में हुई नगरीय निकाय चुनाव से संबंधित बैठक





पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के तत्वावधान मे क्षेत्रीय विधायक अनिला भेडिया के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस कार्यालय में नगरीय निकाय चुनाव के संबंधित आवश्यक बैठक रखी गई। जहां स्वागत भाषण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर ने दिया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि अनिला भेंडिया ने संबोधित करते हुए कहा कि सब एक जुट होकर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाएं साथ अध्यक्ष पद के दावेदार और पार्षद पद के दावेदारों से कहा कि जिसको भी टिकट मिले सब एक होकर उसको जिताना है, बागी और निर्दलीय होकर चुनाव नहीं लड़ना है तथा नाराज़ नहीं होना है। संचालन ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री विवेक मसीह ने और आभार प्रदर्शन पूर्व एल्डरमैन प्रमोद तिवारी ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका, निवृत मान अध्यक्ष शीबू नायर, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, प्रदेश महामंत्री इंटक अभय सिंह,जिला महामंत्री काशी राम निषाद,संगीता नायर अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस, जिला सचिव रवि जायसवाल, युवराज साहू, विजय जोगदंड,के. ईश्वर राव, रामजतन भारद्वाज, तिलक मानकर,जिला अध्यक्ष झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदीप बबलू,जुबैर अहमद जिला अध्यक्ष अल्पसंखक विभाग, पार्षद रुखसाना बेगम, रोशन पटेल, स्वप्निल तिवारी, चंदू सिन्हा, सूरज विभार,बृजमोहन सिंह नेताम, श्रुति यादव, विजय लक्ष्मी, प्रमोद तिवारी, ममता पांडेय, अप्पू महेन्द्रन, जगदीश श्रीवास, राजकुमार साहू, नयूंम खान, रामू शर्मा, रूबी एंथोनी, सुदामा शर्मा, जितेंद्र मेश्राम, जोगेन्द ठाकुर, भरत देवांगन, परितोष हंसपाल,अयान अहमद, जसविंदर गिल, रफीक कुरैशी, विलियम भांवरा, जावेद खान, बसंत साहू, फ्रांसिस कोलिन, विलसन मैथ्यू, प्राची गायकवाड़, सरस्वती साहू, आकाश सिंह, राकेश जायसवाल, संजय सोनवानी, राजेंद्र निषाद, बबला खापर्डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर के निरीक्षण में डीईओ कार्यालय के 21 अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित

## कारण बताओ नोटिस जारी कर सभी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर बेमेतरा रणबीर शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के 21 अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय समय 10:00 बजे तक अपने कार्यालय में नहीं पहुंचे पाए थे। इस पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और सभी को कड़ी फटकार लगाई। सभी अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और 1 दिन के वेतन काटे जाने के कड़े निर्देश दिए। अगली बार इस तरह की स्थिति निर्मित होने पर और कड़ी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दिए। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों में एस पी कोशले सहायक संचालक, सुनील तिवारी जिला सांख्यिकी अधिकारी, गजाधर प्रसाद बघेल लेखा परीक्षक, सुधीर हरि श्रीवास्तव सहायक ग्रेड1, भूपेंद्र पांडेय लेखापाल, सुभाष कुमार पाटिल सहायक ग्रेड 2, चेतन बंजारे सहायक ग्रेड 2, प्रवीण सिंह राजपूत सहायक ग्रेड 2, स्नेहलता महेश्वरी सहायक ग्रेड 3, विवेक दत्त कोशले सहायक ग्रेड 3, फनेन्द्र लोधी डीओसी, जितेंद्र प्रसाद गोयल डाटा एंट्री ऑपरेटर, शेखर लाल भृत्य, प्रवीण कुमार भृत्य, समीर परगनिया भृत्य, ओंकार प्रसाद वर्मा भृत्य, धनंजय प्रसाद सहायक परियोजना अधिकारी, रेणुका चौबे बीआरपी, अनिल कुमार यादव डाटा एंट्री ऑपरेटर, नीलिमा वर्मा लिटरेसी, सहदेव कुमार साहू भृत्य शामिल है। अनुपस्थित सभी 21 अधिकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही सभी को अनुपस्थित मानकर उनका एक दिवस का वेतन काटने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा के इस कार्यवाही से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हड़कंप मच गया है। कलेक्टर के इस आकस्मिक निरीक्षण से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बरसों से अनियमित रूप से और विलंब से आने वाले अधिकारी कर्मचारियों मैं एक सख्त और कड़ा संदेश गया है।

# एसडीएम ने ली चुनाव तैयारी को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक




पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

### नामांकन लेने इनकी लगी ड्यूटी

नगर पंचायत उतई में अध्यक्ष व पार्षद पद के नामांकन लेने हेतु बुधवार सुबह 10:30 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र उतई कालेज में लिया जायेगे। अध्यक्ष पद के नामांकन लेने हेतु रिटर्निंग आफिसर हितेष पिस्दा, अधिकृत सहायक मुकेश कुमार लहरी, लुकेश्वरी देंवागन, नूतन कुमार यादव को अधिकृत किया गया है। वार्ड 1 से 8 तक पार्षद पद के नामांकन लेने हेतु ज्योत्स्ना कलिहारी नायब तहसीलदार, राजीब चन्द्राकर, दिलीप कुमार साहू की ड्युटी लगाई गई हैं। वार्ड क्रमाक 9 से 15 तक पार्षद पद का नामांकन लेने हेतु नगर पंचायत के सीएमओ राजेंद्र नायक, सहायक रिटर्निंग आफिसर, सहायक पुष्पराज साहू, सुनींल कुमार पटेल की ड्यूटी लगाई गई है।

नगर पंचायत उतई में अध्यक्ष व 15 पार्षद पद का चुनाव 11 फरवरी को होगा। चुनाव आचार सहिता लगते ही उतई कालेज स्थित निर्वाचन कार्यालय में भिलाई एसडीएम व रिटर्निंग ऑफिसर हितेश पिस्दा ने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओ व कार्यकर्ता की बैठक ली। जिसमे उन्होंने सबसे पहले एक दूसरे का परिचय लिया। उसके बाद चुनाव सम्बन्धित जानकारी दी। इस अवसर पर रिटर्निंग आफिसर हितेष पिस्दा, नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेंन्द्र हीरवानी, सीएमओ राजेंद्र नायक, नायब तहसीलदार ज्योत्स्ना कलिहारी, पार्षद प्रहलाद वर्मा, राकेश साहू, सतीश पारख, मुकेश कुमार लहरे, लक्ष्मीनारायण साहू, भीष्म देंवागन, शेलेष देवागन सहित नगर पंचायत उतई के कर्मचारी उपस्थित थे।

# कानून-व्यवस्था बनाए रखने प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के दौरान जिले में लोक शांति बनाये रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय भी किए गए है। कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कबीरधाम जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया है। जारी आदेश अनुसार नगरीय एवं पंचायत निकाय क्षेत्रों के अंदर कोई भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दुक, रायफल, पिस्टल, भाला, बल्लम, बरछा, तलवार, गुप्ती, खूखरी लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं, रैली, जुलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। सम्पूर्ण नगरीय एवं पंचायत निकाय क्षेत्रों में कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और आपत्तिजनक नारे नहीं लगायेगा।

# पार्षद टी. ज्योति ने वार्ड क्रमांक 26 के सार्वजनिक मंच सौंदर्यीकरण के लिए स्टील ग्रिल एवं टाइल्स लगवाया







पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पार्षद टी. ज्योति ने पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 26 के निवासियों की मांग पर सार्वजनिक मंच में सौंदर्य करण के लिए स्टील ग्रिल एवं टाइल्स लगवाया है, साथ ही पानी की समस्या ना हो इसके लिए पानी टंकी की व्यवस्था की गई है ।इसके लिए वार्डवासियों ने पार्षद टी. ज्योति का आभार जताया। वार्ड वासियों का कहना है कि टी ज्योति जो चुनाव में वायदे किए वो पूरा निभाया इसलिए वार्ड वासियों में काफी खुशी का माहौल है। टी.ज्योति ने कहा कि जनता ने मुझे पार्षद के रूप में दो कार्यकाल अर्थात 10 साल सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने जो मांगे रखी मैं वार्ड में पूरी मांगो का निराकरण किया। सरकार की जो भी योजनाएं आई उसे मैं वार्ड वासियों के समक्ष रखा और उनकी मदद कर योजनाओं का लाभ भी दिलाया। माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना के लाभ भी दिलवाया। वार्ड वासियों ने 10 साल मुझे सेवा करने का मौका दिया इसलिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।

# श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिक उत्सव पर निकाली गई भाग्य कलश यात्रा



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर ग्राम कठिया में भव्य कलश यात्रा निकाला गया जिसमें लगभग 1186 बड़ी संख्या में महिला एवं बच्चे कलश यात्रा में उपस्थित थे यह कार्यक्रम का आयोजन व्यापारी संघ के द्वारा किया गया है विशेष सहयोग बलराम निषाद के नेतृत्व पर किया गया है अतिथि के रूप में राहूल टिकरिया उपस्थित थे एवं प्रसाद वितरण कार्य किया गया है नन्हे मुन्ने बच्चों ने राम लखन और हनुमान बने थे और हनुमान मंदिर पर पुजा पाठ का कार्यक्रम भी किया गया है एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक उत्सव के अवसर पर संगठन ने लगाये पौधे



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कठिया (रांका) पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर कठिया के किरीतपुर मोड के पास पीपल का एक पेड़ लगाया गया जिसमें संगठन अध्यक्ष है कृष्ण कुमार साहू ,सचिव गणेश साहू, सदस्यगण गणेश सेठ, वीरू सेठ प्रकाश साहू जलेश साहू विनय ट्रांसपोर्ट, परदेसी साहू एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। वृक्षारोपण के पश्चात रामचंद्र जी की कलश शोभायात्रा निकाली गई ।शाम को भंडारे का प्रसादी वितरण किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के तहत प्राचार्य ने दिलाई शपथ



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत प्राचार्य कविता बाचपेयी के दिशा निर्देशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा बाल विवाह मुक्त बेमेतरा बनाने का शपथ प्राचार्य द्वारा कराया गया। इस तारतम्य में समस्त शिक्षकों व छात्राओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें संस्था के पी एस राजपूत, प्रमोद कुमार ठाकुर, कौशल कुमार वर्मा, प्रवीण मनहरे, नीता गायकवाड, मुस्कान शर्मा मांडवी साहू एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के उपस्थित और मार्गदर्शन में कलेक्टर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्राक्रिया संपादित करने के लिए सेक्टर ऑफिसरों और मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि या अव्यवस्था को रोकने के लिए प्रशिक्षण के दौरान बताए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने अफसरों से कहा कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण है, गंभीरता से प्रत्येक बिंदु को समझें। जिससे चुनाव के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने सेक्टर ऑफिसरों को अपने सेक्टर क्षेत्र का भ्रमण करने के लिए निर्देशित किया।

# राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता का खिताब बेमेतरा ने जीता




पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर स्थित छत्रपति शिवाजी आउटडोर स्टेडियम मे किया गया जिसमे बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा की सब जूनियर बलिकाओ ने रायपुर को 30/0 और सरगुजा को 35/0 से वही बालोद को 10/0 और फिर सेमीफाइनल में बेमेतरा की टीम ने सरगुजा को 20/0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर बालोद की टीम को एकतरफा मैच में 10/0 से हराकर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की बदोलत प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक बार फिर यहाँ खिलाडियों ने यह साबित कर दिया कि पढाई के साथ साथ खेलकुद का जीवन मे विशेष महत्व है। खिलाडियों ने अपने गाँव हसदा अपने स्कूल तथा पुरे बेमेतरा जिले का नाम और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। सब जूनियर बालिका टीम 15 वर्ष मे टिकेश्वरी कप्तान, श्रद्धा मरकाम, द्रोपत्ति निर्मलकर, प्रेमलता साहू, जानवी पाल, लावण्या ध्रुव, पिंकी निर्मलकर, भूमिका धीवर, ईशा निर्मलकर, रीना धीवर ने रग्बी प्रतियोगिता मे जिले का प्रतिनिधित्व किया। वहीं सब जूनियर बालक टीम ने सरगुजा को 30/0 से और महासमुंद को 15 /10 से तथा वही दुर्ग को 20 /0 से और फिर सेमीफाइनल मे महासमुंद से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयी। सब जूनियर 15 वर्ष बालक टीम मे मनीष कुमार, शिवम, सूर्या, नारायण, हर्ष, केवल, दीपांशु, आदित्य साहू, रवेंद्र मरकाम, सूरज शामिल था। जिसमे स्कूल के व्यायाम शिक्षक, लोकेश्वर राव, रामेश्वरी साहू तथा सीनियर खिलाडी आकाश वर्मा का विशेष योगदान है। विजयी खिलाडियों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम के संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा तथा शिप्रा सरकार, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्राम हसदा के वरिष्ठ जनों संध्या परगनिहा, बलिराम धिवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, सरपंच तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा,अभिषेक, करण, आदित्य, कृष्णा,ताकेश्वर दिलीप वर्मा, मानचंद निर्मलकर, संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने विजयी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही संस्था प्रमुख का कहना है कि ये खिलाडियों के कठिन परिश्रम का फल है।

# नगरीय निकाय चुनाव के नाम निर्देशन की कार्यवाही शुरू



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु 22 जनवरी से नाम निर्देशन की कार्यवाही नगरीय निकायों में शुरू हो गई है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु 22 जनवरी से 28 जनवरी 2025 तक (25 जनवरी 2025 एवं 26 जनवरी 2025 सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) नाम निर्देशन की कार्यवाही की जा रही है। नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 दोपहर 03 बजे तक नियत है। नाम निर्देशन पत्रों की सवींक्षा जाँच 29 जनवरी 2025 को किया जाएगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 दोपहर 03 बजे तक नियत है एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीको का आबंटन 31 जनवरी 2025 को रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा किया जाएगा। नाम निर्देशन हेतु जिले के नगरीय निकायों में स्थान का निर्धारण किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद निर्धारित है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरूर के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही, नगर पंचायत अर्जुन्दा के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा, नगर पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी, नगर पंचायत चिखलाकसा के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा निर्धारित किया गया है। इन कार्यालयों में रसीद काउण्टर, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का काउण्टर बनाया गया है साथ ही मतदाता सूची का अवलोकन हेतु काउण्डर लगा है। नाम निर्देशन पत्र हेतु जमानत राशि पार्षद के लिए 1000 रूपए एवं अध्यक्ष के लिए 10000 रूपए है । जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग एवं महिला अभ्यर्थी का 50 प्रतिशत छूट है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। नाम निर्देशन का समय प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक हैं। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु मतदान 11 फरवरी 2025 को प्रातः 08 बजे से शाम 05 बजे तक किया जाएगा।

# कलेक्टर ने किया कन्या शाला का औचक निरीक्षण



**बेमेतरा।** जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज कन्या शाला बेमेतरा का औचक निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का गहनता से जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उनकी शिक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने बच्चों से पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि, शिक्षकों के सहयोग और स्कूल में मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में भी पूछा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी दैनिक पढ़ाई की दिनचर्या, विषयों में आ रही कठिनाइयों और उनके भविष्य के सपनों के बारे में बात की। बच्चों ने कलेक्टर को बताया कि उन्हें स्कूल में अच्छा भोजन और पढ़ाई का माहौल मिल रहा है, जिससे वे अपनी पढ़ाई में पूरी तरह ध्यान दे पा रहे हैं। मध्यान्ह भोजन की जांच के दौरान, कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता, पोषण स्तर और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया। भोजन की गुणवत्ता को संतोषजनक पाया गया और बच्चों ने भी इसे स्वादिष्ट और पौष्टिक बताया। कलेक्टर ने स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया कि भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न हो और बच्चों को हमेशा ताजा और पौष्टिक भोजन मिले।

# मतदान दलों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने सहित मतदान एवं मतगणना संबंधित बताई गई बारीकियां

## निर्वाचन सेक्टर अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु अधिसूचना जारी होने के साथ जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के मार्गदर्शन में निर्वाचन हेतु तीव्र गति से तैयारियां की जा रही हैं। जिसके तहत बुधवार को जिले के सभी नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के सेक्टर अधिकारियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि मतदान एवं मतगणना में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अहम होती है सभी सेक्टर अधिकारियों को सफल निर्वाचन संचालन हेतु सतर्कतापूर्वक अपनी भूमिका के निर्वहन आवश्यक है। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी सेक्टर अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया, विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु ईव्हीएम तथा पंचायत निर्वाचन हेतु मतपत्र द्वारा मतदान प्रक्रिया, मतदान के समय रखी जाने वाली सावधानी एवं मतगणना प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में बताया गया।इस कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वास राव मस्के ने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान और मतगणना के संबंध में जानकारी देते हुए सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों की व्यवस्था एवं सुविधाएं सुनिश्चित करने, मतदान दलों हेतु रूट चार्ट निर्माण, मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री वितरण, मतदान पूर्व सभी तैयारियों, मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया, परिणामों की घोषणा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सभी जनपदों के अधिकारी कर्मचारी एवं सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले के सभी त्रिस्तरीय पंचायतों के रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन प्रक्रिया के दौरान रखी जाने वाली सावधानी एवं निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए मतपत्र द्वारा मतदान प्रक्रिया, मतदान के समय रखी जाने वाली सावधानी एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वास राव मस्के ने सभी अधिकारियों को मतदान और मतगणना के संबंध में जानकारी देते हुए संपत्ति विरूपण, चुनाव चिन्ह आवंटन, नामांकन प्रक्रिया, नाम वापसिहेतु आवेदन, मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया, परिणामों की घोषणा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में एसडीएम नंद जी पांडे, आकांक्षा त्रिपाठी, ऋतुताज बिसेन, ओंकार यादव सहित सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्र 27 जनवरी से 3 फरवरी तक प्राप्त किए जा सकेंगे और नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा उपरांत 6 फरवरी तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण हेतु मतदान क्रमशः 17 फरवरी, 20 फरवरी, 23 फरवरी की प्रातः 7 से बजे से अपराह्न 03 बजे तक की जाएगी। मतदान के उपरांत मतदान केंद्र में मतगणना की जाएगी और खंड मुख्यालय स्तर पर की जाने वाली मतगणना प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण हेतु क्रमशः 18 फरवरी, 21 फरवरी, 24 फरवरी की प्रातः 9 बजे से की जाएगी। मतगणना उपरांत पंच, सरपंच, जनपद पंचायत स्तर पर परिणाम प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण हेतु क्रमशः 19 फरवरी, 22 फरवरी और 25 फरवरी को प्रातः 9 बजे से किए जाएंगे। जिला पंचायत सदस्य स्तर पर परिणामों की घोषणा प्रथम द्वितीय और तृतीय चरण हेतु क्रमशः 20 फरवरी, 23 फरवरी और 25 फरवरी को की जाएगी।

# जेएलएन डिग्री कालेज सक्ती मे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



स्थानीय जे.एल.एन. कालेज, सक्ती में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया डॉ. शालू पाहवा के निर्देशानुसार दो दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस में निम्न विधाएं बिंदी लगाना, पूजा थाल सजाना, रंगोली, छत्तीसगढी व्यंजन, फ्लावर डेकोरेशन एवं मेंहदी आदि प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराये गये। इस विधा में छात्राओं ने अपनी सहभागीता निभायी, तथा उनकी उपलब्धिया के अनुसार चयनित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय स्थान दिया। इस विधा में क्रमानुसार फूल थाल सज्जा में प्रथम स्थान कु. मीनाक्षी यादव कक्षा बी.एस.सी. अंतिम, कु. लेखा चन्द्रा बी.एस.सी. अंतिम बायो. द्वितीय स्थान फूल सज्जा कु. खुशबू देवांगन प्रथम स्थान, मेंहदी कु. गरिमा देवांगन, कु. सोनल बी.एस.सी.प्रथम सेमेस्टर एवं बी.ए.प्रथम सेमेस्टर प्रथम स्थान कु. पूजा एवं साथी द्वितीय स्थान, रंगोली में कु. भावना देवांगन एवं साथी प्रथम स्थान, कु. मनीषा साहू एवं साथी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय दिवस का कार्यक्रम महाविद्यालय ग्राउंड में किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं ने विभिन्न खेलो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 100 मीटर 200 मीटर, कुर्सी दौड़, एवं रिले रेस, चम्मच दौड़, पीछे तेज दौड़ना, उचक-उचक कर दौड़ना, कुर्सी स्लो साईकल आदि खेल शामिल हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया डॉ. शालू पाहवा ने छात्र/छात्राओं को प्रेरित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि खेल हमें मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ टीम वर्क और आपसी सद्भावना भी सिखाते है। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं ने श्रेणियों में स्थान प्राप्त किये 100 मीटर बालिका में प्रथम स्थान कु. करिश्मा बरेठ बी.ए.अंमित्त एवं द्वितीय स्थान कु. आस्था सारथी बी.ए.प्रथम सेमेस्टर, 100 मीटर बालक प्रथम स्थान कमलेश्वर बी.ए. द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान इस तरह अन्य प्रतिभागियों का उपलब्धियों के आधार पर मनोबल को बढ़ाते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान से सम्मानित किया गया।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय नारी सशक्ति करण कार्यशाला सम्पन्न





पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वधाम में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में नारी जागरण आंदोलन के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ जांजगीर चाम्पा सक्ति के नेतृत्व में एक दिवसीय नारी शक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन 19 जनवरी को किया गया. उक्त कार्यक्रम में टोली के रूप में प्रांतीय मार्गदर्शिका डॉ. कुंती साहू , शांता साहू एवं मीना ध्रुव उपस्थित रही अतिथि के रूप में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू परिसर की प्रांत सह संयोजिका सुनीता सोनसरे उपस्थित रही. पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के अनुसार 21वीं सदी नारी प्रधान होगी जिसमें संपूर्ण विश्व की बागडोर उनके हाथों में होगी। हमें एहसास हुआ नारी जाति होने के कारण महाकाल की सृजन वाहिनी की नेतृत्वकर्ती है, आने वाले वर्ष 2026 स्नेहमयी परम वंदनीया मातृ श्री की जन्म शताब्दी वर्ष है अपनी गुरु सत्ता के पावन चरणों में नारी जागरण आंदोलन को शिखर तक पहुंचने में योगदान देकर शानदार श्रद्धांजलि समर्पित करने हेतु तैयारी में हम बहिनों को न केवल प्राणपण से जुट जाना है,वरन अविराम चलते रहना है।आत्मविश्वास को जगाने तथा नारी जागरण आंदोलन हेतु उन्हें प्रशिक्षित करने, और उन्हें उनके योग्य कार्यों में नियोजित संगठित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससे वे "21वीं सदी नारी सदी" में सक्रिय व गौरवशाली भूमिका में रह सकें, स्वयं प्रशिक्षित होने के साथ अपने परिवार, समाज, राष्ट की उन्नति में अपना दिव्य व महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु समर्थ बन सकें।इस कार्यक्रम में मातृशक्तियों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ी .भैया, बहन मिलकर पूज्य गुरुदेव की "21वीं सदी नारी सदी" "21वीं सदी उज्वल भविष्य" कि उद्घोषणा को सार्थक, साकार करने का माध्यम बन पाएंगे, अंत में जिले भर से आयी बहनों एवं भाइयों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन नेहा गुप्ता व पूर्णिमा श्रीवास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 150 की संख्या में बहनों एवं भाइयों की उपस्थिति रही. जिसमें मुख्य रूप से महेश साहू, प्रमिला कर्ष, संतोषी कर्ष, चन्द्रकांति वर्मा, रेवती केंवट, विमला साहू, विद्या साहू,गीता राठौर, सावित्री राठौर, ऋतंभरा कश्यप, अशोक आदित्य,लखन राठौर,नरेश राठौर, प्रहलाद राठौर तथा शक्तिराज गुप्ता, मोहन साहू दयाराम कर्ष थे।

# जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय दंडाधिकारी का प्रभार

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर बालेश्वर राम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी डभरा के कार्य, अपने क्षेत्र के लिए सक्षम अधिकारी लोक परिसर बेदखली अधिनियम के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, अपने अनुविभाग हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपने प्रभार के तहत छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र ( वित्तीय स्वीकृति की सीमा के अंतर्गत) के प्रकरणों का निराकरण, अपने अनुविभाग में भू-अर्जन अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन, अपने प्रभार क्षेत्र में नजूल अधिकारी के दायित्व का निर्वहन, अपने अनुविभाग के लोक न्यास अधिनियम के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, अपने अनुविभाग में प्रेस रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दाण्डिक प्रकरणों का निपटारा एवं क्षेत्र में कानून तथा शांति व्यवस्था कायम रखना, अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पंचायत राज अधिनियम में निर्धारित धाराओं के कर्तव्यों का निर्वहन, अपने क्षेत्राधिकार सत्कार अधिकारी करने के साथ-साथ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य प्रशासनिक कार्यों का भी संपादन करेंगें, संयुक्त कलेक्टर अरुण कुमार सोम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी सक्ती के कार्य, जिला सत्कार अधिकारी, अपने क्षेत्र के लिए सक्षम अधिकारी लोक परिसर बेदखली अधिनियम के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, अपने अनुविभाग हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपने प्रभार के तहत छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र (वित्तीय स्वीकृति की सीमा के अंतर्गत) के प्रकरणों का निराकरण, अपने अनुविभाग में भू-अर्जन अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन, अपने प्रभार क्षेत्र में नजूल अधिकारी के दायित्व का निर्वहन, अपने अनुविभाग के लोक न्यास अधिनियम के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, अपने अनुविभाग में प्रेस रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दाण्डिक प्रकरणों का निपटारा एवं क्षेत्र में कानून तथा शांति व्यवस्था कायम रखना, अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पंचायत राज अधिनियम में निर्धारित धाराओं के कर्तव्यों का निर्वहन करने, अपने क्षेत्राधिकार सत्कार अधिकारी के साथ-साथ कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य प्रशासनिक कार्यों का भी संपादन करेंगें।

# जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती के 65 छात्र - छात्राओं ने किया साराडीह बैराज का

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com





स्थानीय जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती, के बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के विज्ञान संकाय के छात्र/छात्राओं द्वारा ग्राम साराडीह बैराज के ग्रीन पार्क का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा द्वारा उक्त भ्रमण के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के अन्तर्गत जन्तुविज्ञान एवं वनस्पति शास्त्र के 65 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया,dentification Ïlæ Planet pathology की जानकारी वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक प्रो. मनीष राठौर ने दिया। एवं Ecological Conservation की जानकारी जन्तु विज्ञान की प्राध्यापक प्रो. मंजू चन्द्रा ने दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया ने शैक्षणिक भ्रमण में छात्र/छात्राओं को बताया कि शिक्षा प्राप्त करने के दो माध्यम है। 1. श्रव्य 2. दृश्य। श्रव्य सुनकर एवं दृश्य देखकर अध्ययन किया जा सकता है। शैक्षणिक भ्रमण में दृश्य माध्यम से छात्र/छात्राओं को विषय से सम्बंधित जानकारी दी जाती है। हमारा उद्देश्य छात्र/छात्राओं को किताबो से बाहर की दुनिया एवं सामान्य जानकारी से अवगत कराना है। ताकि प्रायोगिक का ज्ञान प्राप्त कर सकें। इस शैक्षणिक भ्रमण में प्राचार्य महोदया ने परीक्षा समीप होने के कारण छात्र/छात्राओं को लगनपूर्वक पढ़ाई के लिए समझाइस दी। ताकि मेरिट में अपना नाम दर्ज कराकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर शहर का नाम भी गौरवान्वित कर सकें। उक्त शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा का योगदान सराहनीय रहा। जन्तुविज्ञान के प्रो. मंजू चन्द्रा, प्रो.मनीष राठौर के नेतृत्व में किया गया।

# कलेक्टर तोपनो ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रभार में किया फेरबदल

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ आईएएस, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टरों के मध्य पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए पुनः कार्य विभाजन आदेश जारी किया है। कलेक्टर तोपनो द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में नव पदस्थ आईएएस वासु जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सक्ती तथा नोडल अधिकारी शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, साक्षर भारत, स्वामी आत्मानंद, कौशल विकास, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुधन विकास विभाग के साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपें गये अन्य प्रशासनिक कार्यों का संपादन करेंगे, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, अनुविभाग सक्ती, डभरा एवं मालखरौदा के अंतर्गत छ.ग. भू-राजस्व सहिंता 1959 के अधीन मौलिक एवं अपील/पुनर्विलोकन तथा पुनरीक्षण प्रकरणों का निराकरण के प्रकरणों को छोड़कर) उपरोक्त दर्ज होने वाले प्रकरणों में से प्रत्येक दसवें प्रकरण को न्यायालय कलेक्टर को प्रेषित करेंगे 7 (पंचायत राज अधिनियम, 1993 के धारा 91 के प्रकरण छोड़कर), इसके साथ ही अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा प्रभारी अधिकारी, वित्त एवं स्थापना, जिला नाजरात शाखा, संयुक्त कलेक्टर /डिप्टी कलेक्टर/ तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के यात्रा भत्ता एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक, सेवानिवृत्त तृतीय / चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के परिवार कल्याण निधि/ यात्रा भत्ता / चिकित्सा प्रतिपूर्ति भत्ता देयकों एवं अवकाश स्वीकृति (नस्तियों का निराकरण में जहां नीतिगत एवं वित्तीय निर्णय हो आवश्यक रूप से कलेक्टर के समक्ष नस्ती प्रस्तुत करेंगे)। अनुपयोगी डेड स्टाक जो 5000.00 रूपए कीमत तक की हो का अपलेखन करने हेतु नस्ती कलेक्टर को प्रस्तुत करने के साथ ही विशेष विवाह अधिकारी, आवास आबंटन शाखा, लायसेंस शाखा, जिला कोषालय, विभागीय जांच अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी (सूचना का अधिकार अधिनियम-2005), पुलिस गृह विभाग, जेल विभाग, निर्धारित सीमा अंतर्गत शोधक्षमता प्रमाण-पत्र जारीकर्ता अधिकारी, सत्कार शाखा, जिला न्यायालय से समन्वय, सभी प्रशासनिक कार्य, दायित्व एवं निर्णय के दैनिक प्रकृति के कार्य (वित्तीय स्वीकृति अनुशासनिक कार्य एवं स्थानांतरण प्रकरण को छोड़कर), भू-अर्जन शाखा, नजूल अधिकारी तथा नोडल अधिकारी खाद्य शाखा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, लोक निर्माण विभाग, छग गृह निर्माण मण्डल, खनिज शाखा, आबकारी विभाग के साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपें गये ।

# फर्जी अंकसूची का उपयोग कर नौकरी करने व साक्ष्य छुपाने पर मिली सजा

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



फर्जी अंकसूची का उपयोग कर नौकरी करने व साक्ष्य छुपाने के आरोपी को अलग अलग धाराओं में सुनाई 03-03 व 02 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा। आरोपी रामकृष्ण राठौर पिता स्व.मायाराम राठौर निवासी जगदल्ला मनका स्कूल के पास चांपा थाना चांपा जिला जांजगीर चांपा द्वारा आदर्श हायर सेकेंडरी शाला शक्ति(बोर्ड म.प्र.) हायर सेकेंडरी की फर्जी अंकसूची के आधार पर 28/12/1984 को मुख्य अभियंता मिनी माता हसदेव बागों परियोजना में एलडीसी के पद पर नियुक्त होकर कार्यालय यंत्री सब माइनर डिवीजन क्रमांक 01 जांजगीर जिला बिलासपुर में एलडीसी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया उसके बाद जांजगीर चांपा सब डिवीजन नंदेलीभाठा तहसील सक्ती में उक्त पद पर कार्यरत रहा । सन 2015 में मामले के प्रार्थी जितेंद्र राठौर द्वारा जब आरटीआई के तहत सक्ती कार्यालय से आरोपी द्वारा नियुक्ति समय उसके द्वारा विभाग में जमा की गई अंकसूची जिसमें उसकी जन्मतिथि 05/08/1958 अंकित उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पेश किया गया तब इसकी सूचना लगने पर आरोपी द्वारा अपने विभाग में समस्त अंकसूची गुम होने का पत्र एवं एक शपथ पत्र इस आशय का कि उसकी वास्तविक जन्मतिथि 05/08/1953 है, उसकी अंकसूची में त्रुटिपूर्वक जन्मतिथि 05/08/1958 अंकित हो गई है प्रस्तुत किया गया जिस पर विभाग द्वारा उसकी जन्मतिथि 05/08/1958 न होकर 05/08/1953 होना मानकर आरोपी को 31/08/2015 को सेवानिवृत्त कर दिया गया। परन्तु प्रार्थी की शिकायत पर थाना जांजगीर में आरोपी के विरुद्ध इसी घटना के संबंध में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान आरोपी का दाखिला खारिजी संकलन की गई जिसमें उसकी जन्मतिथि 05/08/1953 अंकित पाई गई।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय : - केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031
फोन : +91 44 4564 4000 । फैक्स : +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8 (1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित), का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गारंटर 1. चंद्र भूषण जायसवाल, 2. मनचला जायसवाल, 3. संजया जायसवाल, 4. सरस्वती को मांग नोटिस दिनांक 14.08.2024 को जारी किया गया था, जिसमें सूचना में उल्लेखित बकाया राशि रू. 12,64,336.53/- (रुपये बारह लाख चौसठ हजार तीन सौ छत्तीस और तिरपन पैसे मात्र) दिनांक 14.08.2024 तक उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 20.01.2025 को ले लिया है।
उधारकर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईडीएफसी फर्सट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते बकाया राशि रु. 12,64,336.53/- (रुपये बारह लाख चौसठ हजार तीन सौ छत्तीस और तिरपन पैसे मात्र) और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

संपत्ति की वह पूरी जमीन जो ख.एच. नंबर 112/4 (ख.एच. नंबर 112/3 का हिस्सा) पर है, कुल क्षेत्रफल 0.073 हेक्टेयर है। इसमें से 0.032 हेक्टेयर का डेवलप्ड एरिया है। यह गांव सुरंगपानी, पी.एच. नंबर 34, आर.एन.एम. और ब्लॉक- पत्थलगांव, तहसील : पत्थलगांव, जिला : जशपुर, छत्तीसगढ़-496113 पर स्थित है और इसकी चौहद्दी: सीमाएं : पूर्व : सड़क, पश्चिम : अमृत खलखो की जमीन, उत्तर : सड़क, दक्षिण : कंदरा

दिनांक: 20.01.2025
स्थान : छत्तीसगढ़
ऋण खाता नं. 38652765 & 116102264

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएन: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय : - केआरएम टावर्स, 8वी मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई- 600031
फोन : +91 44 4564 4000 । फैक्स : +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसे आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ मिला दिया गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी से संबंधित तारीखों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 106569937 | संपत्ति पर ऋण | 20.07.2024 | 21,66,131.69/- |

**उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम :** 1. गणेश राम (स्वर्गीय संतरा बाई के उपलब्ध कानूनी उत्तराधिकारी की हैसियत में) 2. गणेश राम 3. किशोर कुमार महिलाने 4. किशोर कुमार महिलाने (स्वर्गीय संतरा बाई के उपलब्ध कानूनी उत्तराधिकारी की हैसियत में)

**संपत्ति का पता :** विच्छेदित भूमि पर आवासीय घर का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल खसरा संख्या 441/6, क्षेत्रफल 0.035 हेक्टेयर या 354.2 वर्ग मीटर, संपत्ति मौजा ग्राम में स्थित है : बिलासपुर, पुराना फोन नंबर 40/22, नया फोन नंबर 22, पुराना आर.आई.सी. भटगांव, नया आर.आई.सी. बिलासपुर, पुरानी तहसील : बिलाईगढ़, नई तहसील : भटगांव, पुराना जिला : बलौदाबाजार-भाटापारा, नया जिला : सारंगढ़-बिलाईगढ़, छत्तीसगढ़-493559, और सीमा : **पूर्व :** सड़क, **पश्चिम :** आनंदराम की भूमि, **उत्तर :** जीतराम की भूमि, **दक्षिण :** बेदराम की भूमि

आपसे कहा जाता है कि आप उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए ब्यौरे के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को संबंधित तारीखों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागतों, प्रभारों आदि के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के खिलाफ सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) और धारा 14 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा रूप से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

हस्ताक्षरकर्ता/-
अधिकृत अधिकारी
दिनांक : 23.01.2025
स्थान : छत्तीसगढ
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**




**शिक्षकों को यह बात दिमाग में रखकर काम करना चाहिए कि बच्चों के पास कौन से संसाधन उपलब्ध होंगे। उसके हिसाब से ही बच्चों को काम दें। साथ ही शिक्षकों की प्राथमिकता ऐसी रचनात्मक गतिविधियां कराना होना चाहिए कि बच्चों का स्क्रीन टाइम घट सके।**

# ऐसे बने घर में अपने बच्चों के टीचर

ग्लोबल टीचर प्राइज जीतने वाली ब्रिटेन की शिक्षिका एंड्रिया जाफिरकाऊ कहती हैं कि आभासी तरीके से बच्चों को पढ़ाना कठिन है क्योंकि कक्षा का माहौल बच्चों को एकाग्र बनाता है। वह कहती हैं कि इस वक्त शिक्षकों को यह बात दिमाग में रखकर काम करना चाहिए कि बच्चों के पास कौन से संसाधन उपलब्ध होंगे। उसके हिसाब से ही बच्चों को काम दें। साथ ही शिक्षकों की प्राथमिकता ऐसी रचनात्मक गतिविधियां कराना होना चाहिए कि बच्चों का स्क्रीन टाइम घट सके। वे घर में रंग, कागज, कलम और रोचक खेल खेलते हुए समय बिताएं।

कोरोना वायरस की इस लड़ाई ने मासूम बच्चों को उनके स्कूल, टीचर और दोस्तों से दूर कर दिया है। पर बच्चों के लिए सबसे जरूरी उनकी पढ़ाई है इसलिए कोविड-19 से लड़ रहे देशों में ई-लर्निंग को वैकल्पिक माध्यम बनाया जा रहा है। इस तकनीक के बाबजूद अभिभावकों के लिए यह समय चुनौतीभरा है क्योंकि बच्चों को पढ़ाने का दारोमदार पूरी तरह उन पर आ गया है। आइए आज जानते हैं कि अभिभावक घर में रहकर अपने बच्चों को ई माध्यमों से पढ़ाई के लिए किस तरह प्रोत्साहित कर सकते हैं और शिक्षक की भूमिका निभा सकते हैं।

**अरब दुनिया के बच्चे स्कूल से हैं दूर-** विश्व आर्थिक मंच ने संस्कृति व शिक्षा से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ कोरोना वायरस के दौर की चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान वहां मौजूद शिक्षकों ने माना कि अपने बच्चे को पढ़ाना दुनिया में सबसे ज्यादा कठिन काम है क्योंकि वह अभिभावक की जगह शिक्षक से पढ़ने का आदी होता है। ऐसे में अभिभावकों की चुनौतियां बहुत अधिक हैं, इन विशेषज्ञों ने अभिभावकों के लिए ये सुझाव दिए हैं.

**सवाल पूछने दें** - रचनात्मकता सवालों से पैदा होती है, बच्चों के हर सवाल को धैर्य से सुने और उसका हल खोजने में उनकी मदद करें।

**लक्ष्य तय करें** - हर दिन के लिए एक लक्ष्य या चुनौती तय करें, जिससे बच्चों के साथ मिलकर पूरा करने में लग जाएं। उन्हें पूरा समय दें।

**री-डू सिखाएं** - घर में पड़े इस्तेमाल न होने वाले सामान को निकालकर बच्चों संग उससे कुछ रचनात्मक बनाएं इससे बच्चों में पुरानी चीजों के दोबारा इस्तेमाल की आदत बनेगी।

**ऑनलाइन मदद** - पढ़ाई या कुछ रचनात्मक बनाते समय ऑनलाइन माध्यमों की मदद लेने से न झिझकें, हर वक्त बच्चों के सामने परफेक्ट दिखने सही नहीं। अलग सोचे - बच्चों की आर्ट, क्राफ्ट से बाहर की रचनात्मक दुनिया से पहचान करवाएं। कपड़े कैसे तय करें, कमरे की सफाई, किचन आदि काम सिखाएं।

**स्कूल वापसी** - इस बात को सुनिश्चित करें कि बच्चे अपने शिक्षक और दोस्तों के संपर्क में बने रहे क्योंकि तब ही उनके मन में स्कूल वापस लौटने का ख्याल बना रहेगा।

**तकनीक सीखें** - ई-लर्निंग के जरिए अगर बच्चा पढ़ रहा है तो इस दौरान उसे तकनीक संबंधी समस्या आ सकती है इसलिए बच्चे के साथ मिलकर इन तकनीकों को सीखें।





# सब्जी में ऊपर से नमक डालना हो सकता है खतरनाक

**नमक, स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी उपयोगी है। मगर, हर चीज की एक तय सीमा होती है। इसी तरह नमक से ज्यादा प्यार भी आपकी सेहत के लिए हजारों खतरे पैदा कर सकता है। बेशक आपको नमक इतना पसंद है कि आप सब्जी में ऊपर से नमक डालने को मजबूर हो जाती हैं, लेकिन इस आदत के जरिए आप अनजाने ही कई बीमारियों को न्योता दे रही होती हैं।**

खाना बनाते वक्त नमक सबसे पहले याद आता है। आप चाहे जितने भी अच्छे और खुशबूदार मसाले डाल लें, लेकिन अगर खाने में नमक नहीं है, तो सारा खाना बेस्वाद हो जाता है। बेशक आप सब्जी में ऊपर से नमक डालने को मजबूर हो जाती हैं, लेकिन इस आदत के जरिए आप अनजाने ही कई बीमारियों को न्योता दे रही होती हैं।

## नमक और आपकी सेहत

नई दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ.जुगल किशोर कहते हैं, 'नमक हमारे शरीर की इलेक्ट्रोलाइट संबंधी जरूरतों को पूरा करता है यानी इससे हमें सोडियम, पोटैशियम और कैल्शियम मिलता है। इसके अलावा इससे आयोडीन भी मिलता है। लेकिन, खाने में नमक ज्यादा हो जाए तो भी दिक्कत है और कम हो तो भी दिक्कत है। रोजाना की खुराक में नमक यानी सोडियम क्लोराइड की मात्रा पांच ग्राम से कम होनी चाहिए। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि नमक ज्यादा खाने की आदत के साथ रक्तचाप संबंधी समस्या भी बढ़ने लगती है। जितनी भी दिल से जुड़ी बीमारियां हैं, वे रक्तचाप के कारण ही होती हैं। इसके अलावा नमक के ज्यादा सेवन से किडनी पर भी दबाव पड़ता है। उच्च रक्तचाप का मस्तिष्क पर भी असर पड़ता है। यानी शरीर के जो मुख्य अंग हैं, वे ज्यादा नमक के सेवन से प्रभावित होने लगते हैं। यही वजह है कि नमक का सेवन संतुलित मात्रा में करने की सलाह दी जाती है। एक और बात को ध्यान में रखने की जरूरत है, रोटी, चावल, दलिया आदि खाद्य पदार्थों में प्राकृतिक तौर पर सोडियम मौजूद होता है। ऐसे में इनमें नमक न भी डाला जाए तो भी सोडियम की पूर्ति हो जाती है। उच्च रक्तचाप के मरीज को भी चार से पांच ग्राम नमक ही दिन भर में खाना चाहिए। सेहतमंद रहने के लिए किसी भी डिश में ऊपर से नमक डालकर खाने की आदत को भी बदलना जरूरी है।

## मात्रा तय करें

खाना बनाते वक्त आप उसमें कितना नमक डाल रही हैं, उसकी मात्रा को देखना एक अच्छा आइडिया है। कितने लोगों के लिए सब्जी पकाई जा रही है, उसे किस तरह से पकाया जा रहा है, नमक डालते वक्त इन सब बातों को जरूर ध्यान में रखें। अगर आपके परिवार के सदस्यों को ज्यादा नमक खाने की आदत है तो धीरे-धीरे खाने में नमक की मात्रा कम करती जाएं। संभव है कि शुरुआत में उन्हें परेशानी हो, पर जल्द ही उन्हें कम नमक वाला खाना भी पसंद आने लगेगा। मसाले, टमाटर और धनिया व पुदीना आदि भी खाने में नमक की कम मात्रा को संतुलित करने में आपकी मदद करेंगे। इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर में सीनियर डाइटीशियन डॉ.हिमांशी शर्मा के मुताबिक, 'इसमें कोई दोराय नहीं है कि आयोडीन युक्त नमक हमारी सेहत के लिए जरूरी है। गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ होने वाले शिशु की सेहत पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे दिमाग चुस्त-दुरुस्त रहता है और याददाश्त मजबूत बनी रहती है। लेकिन कुछ लोग रोजाना के खाने में ज्यादा नमक का सेवन करने लगते हैं। यह मात्रा कई बार रोजाना नौ से दस ग्राम नमक के सेवन तक पहुंच जाती है। रोजाना की डाइट में नमक की मात्रा पांच ग्राम तक ही सीमित रखें। हमेशा याद रखें कि बिना डॉक्टरी सलाह के कभी भी नमक का सेवन पूरी तरह से बंद नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से भी आपको सेहत से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं।'

## विकल्प हैं बेहतर

अगर आपको ज्यादा नमक खाने की आदत है, तो इससे निजात पाने के लिए नमक के अन्य विकल्पों पर अपना ध्यान केंद्रित करें। इसके लिए आप नीबू और सिरका की मदद ले सकती हैं। स्वाद के लिहाज से नमक की कमी को यह काफी हद तक पूरा करते हैं। अदरक, लहसुन और कुछ सूखे मसाले भी इसमें मददगार साबित हो सकते हैं। बेशक ये नमक का विकल्प नहीं बन सकते हैं, लेकिन नमक की ज्यादा खाने की जो लत है, उसे कम करने में ये चीजें काफी मददगार साबित हो सकती हैं।

बदलें खाना पकाने का तरीका

कुछ सब्जियां और व्यंजन ऐसे होते हैं, जो लोगों को कम ही पसंद आते हैं। कई बार उनका स्वाद बढ़ाने के लिए हम उसमें नमक ज्यादा मात्रा में डालने लगते हैं। सलाद में ज्यादा मात्रा में नमक डालना, खाने के साथ सब्जी की तरह ढेर सारा अचार खाना आदि पहली नजर में बेहद सहज लगता है, पर धीरे-धीरे खानपान से जुड़ी ये आदतें हमारे शरीर में प्रतिदिन पांच ग्राम से ज्यादा नमक पहुंचाने लगती हैं। इसका असर सेहत पर देर-सबेर नजर आने लगता है। ऐसे में जरूरत है खाना पकाने का तरीका बदलने की। आपके परिवार के सदस्य जिन सब्जियों का नाम सुनकर ही मुंह बनाने लगते हैं, उन्हें अब दूसरे तरीके से पकाकर देखिए। सादा तरीके से उन सब्जियों को बनाने की जगह उन्हें रोस्ट या ग्रिल करके पकाएं। इससे खाना स्वादिष्ट भी लगेगा और नमक पर भी नियंत्रण बना रहेगा।

## प्रोसेस्ड फूड से बनाएं दूरी

रेडी-टू-ईट फूड और तरह-तरह के प्रोसेस्ड फूड को अपनी डाइट में कम-से-कम मात्रा में शामिल करें। इनमें नमक और चीनी दोनों की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। इसकी जगह घर में बने ताजा खाने को तरजीह दें। सही मात्रा में नमक के सेवन का यह सबसे अच्छा तरीका है। आप अपनी डाइट में सेहतमंद खाद्य पदार्थों को जितनी ज्यादा मात्रा में शामिल करेंगी, नमक की मात्रा उसी अनुपात में संतुलित होती जाएगी।

## न करें यह गलती

फल खा रहे हों या सलाद या फिर सामान्य तौर पर खाना। नमक कम लगने पर हम ऊपर से नमक डालने लगते हैं। यह सेहत के लिए ठीक नहीं है। एक तो नमक ज्यादा मात्रा में शरीर में पहुंचता है, वहीं सलाद और फल के पोषक तत्व भी कम होने लगते हैं। सीमित मात्रा में नमक का सेवन ही काफी नहीं है, उसे किस तरीके से खाया जाना चाहिए, यह तरीका जानना भी उतना ही जरूरी है।





# सुकून चाहती हैं तो वर्क-लाइफ बैलेंस स्थापित करें

**अपने प्रोफेशनल जीवन में आप आगे बढ़ना चाहती हैं, नए मुकाम हासिल करना चाहती हैं। लेकिन इस बात पर भी ध्यान देना जरूरी है कि आपकी महत्वाकांक्षाएं कहीं आपके जीवन को प्रभावित तो नहीं कर रहीं। प्रोफेशनल लाइफ में आगे बढ़ने के साथ जिंदगी खुशगवार बनाए रखना बेहद जरूरी है, तभी आप वर्क-लाइफ बैलेंस स्थापित कर सकती हैं। कुछ बातें इस काम में आपकी मदद करेंगी**

## स्मार्ट तरीके से काम करें

अगर आप अपनी नींद के घंटे घटाकर काम कर रही हैं तो कोई उसकी हिमायत नहीं करेगा। अमेरिकी अकादमी से संबद्ध मैट माइट अपने ब्लॉग वर्कलाइफ बैलेंस में कहते हैं, 'आजकल लोग अपने दिमाग को ज्यादा काम करने और कम सोने के लिए अड्टयस्त बना रहे हैं, लेकिन यह चलन सही नहीं है। आपके लिए काम के घंटे जितने महत्वपूर्ण हैं, काम के बाद का समय उतना ही मूल्यवान है।' मेंटल हेल्थ फाउंडेशन का सुझाव है कि काम ज्यादा नहीं, स्मार्ट होना चाहिए। इसके लिए वरीयता स्पष्ट होनी चाहिए और हर काम के लिए समय तय होना चाहिए। गैर जरूरी चीजों में नहीं उलझना चाहिए।

## काम को घर न लाएं

ऑफिस से बाहर निकलने से पहले उन कामों की सूची बना लें, जो पूरे नहीं हो पाए। लेकिन काम की लिस्ट बनाने के बाद खुद को पूरी तरह ऑफिस के काम से आजाद कर लें। यही सोचें कि आप शाम को घर पर परिवार के साथ क्या करने जा रही हैं। अगर आप मानसिक तौर पर ऑफिस में ही फंसी हुई हैं तो एक गहरी सांस लें और इस बात का अहसास करें कि आप ऑफिस से बाहर आ गई हैं। इससे आपका मन शांत और स्थिर रहेगा।

## ना कहना सीखें

अगर आप काम के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगी, तो स्वाड्टाविक रूप से आप पर काम का बोझ बढ़ जाएगा। अगर आप आदतन काम के लिए हां कह देती हैं तो कुछ अतिरिक्त काम मिलने पर तुरंत हां कहने से पहले थोड़ा ठहर जाएं। आप कुछ देर बाद उस पर जवाब देने के लिए कह सकती हैं और इस दौरान इस बात पर विचार कर सकती हैं कि आपको हां कहना चाहिए या नहीं। अगर हां कहना चाहती हैं, तो अच्छी बात है लेकिन अगर ना कहने की इच्छा है, तो ना ही कहें और अपनी प्रतिक्रिया देने से पहले स्वयं कई बार ना बोलने का अड्टयास करें।

## काम के लिए 'शहीद' होने की जरूरत नहीं

कुछ महिलाओं में यह प्रवृति होती है कि वे सब काम खुद ही कर लेना चाहती हैं। उन्हें इस भाव में जीना अच्छा लगता है कि वे व्यस्त हैं और उनके बारे में ज्यादा चर्चा होती है। इस बात को गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि इससे दूसरे लोगों पर क्या प्रभाव पड़ रहा होगा। ज्यादातर लोग अत्यधिक काम यह सोचकर ले लेते हैं कि इससे दूसरों की नजर में उनका सम्मान बढ़ जाएगा। इस प्रवृति के साथ आपके सिर कितना बोझ बढ़ जाएगा, अगर आप इस बात पर विचार करें तो शायद आप ऐसा व्यवहार नहीं करेंगी।

## हर वक्त आपाधापी अच्छी नहीं

चाहे ऑफिस हो, जिम हो या कोई पार्टी हो, क्या आप हर जगह दौड़ते-ड्टागते पहुंचती हैं आपको इस बात पर निगरानी रखने की जरूरत है। आपको खुद से यह पूछने की जरूरत है कि आपकी जिंदगी कैसी चल रही है। असल में जल्दबाजी करने वाले लोग एक चीज खत्म होने पर दूसरी चीज के लिए हड़बड़ी करने लगते हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में आप अपने दोस्तों और अपने परिवार वालों के लिए समय कैसे निकालेंगी आपाधापी में थकान होना ड्टी स्वाड्टाविक है, इसीलिए हर वक्त भागमभाग से बचें।

## रिटायरमेंट के बारे में सोचें

कुछ महिलाएं काम में इस कदर डूब जाती हैं कि उन्हें उसी में आनंद मिलता है। अगर आप पूरा वक्त काम में ही दे देंगी तो किसी बुरे हालात में फंस जाने मसलन, जॉब न कर पाने की स्थिति खड़ी हो जाने, जॉब छूटने या व्यवसाय नहीं चल पाने पर आप खुद को कैसे संभालेंगी और इनसे इतर रिटायरमेंट के बाद आप समय किस तरह बिताएंगी, क्या आपने इस बारे में सोचा है अगर रिटायरमेंट के बाद भी आप थोड़ा-बहुत काम करें तो आपके लिए अच्छा है, लेकिन आपको अपने कुछ और शौकों को पूरा करने के बारे में भी सोचना चाहिए ताकि रिटायरमेंट के बाद भी आप सक्रिय रह सकें।



# शहीद के सम्मान की दिशा मे समुचित प्रयास का विधायक द्वारा आश्वासन

## सरयू साहित्य परिषद द्वारा विधायक इन्द्र साव को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

1971 में युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहूति देकर सर्वोच्च बलिदान देने वाले पायलट आफिसर शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे के सम्मान के प्रति क्षेत्र मे उपेक्षा का वातावरण अब जनमानस के बीच एक गहरी टीस के रुप मे उभर रही है,विभिन्न संस्थाओं सुधिजनों तथा जन प्रतिनिधियों के बीच उपेक्षा के मसले पर अभिव्यक्ति की बानगी प्रारंभ हो गयी है, क्षेत्र की संवेदना एवं भावना को सरयू साहित्य परिषद द्वारा विभिन्न प्रकल्पों तक पंहुचाया जा रहा है तथा वीर शहीद के समुचित सम्मान की मांग की जा रही है।

**विधायक को दिया गया ज्ञापन :** लगभग आधी सदी बीत जाने के बाद भी वीर शहीद को समुचित सम्मान नहीं मिलने तथा रेस्ट हाउस के अहाते मे लगी पट्टिका जो सम्मान कम उपेक्षा का उदाहरण अधिक प्रस्तुत कर रही है,इन्ही बिन्दुओ को मददेनजर कर सरयू साहित्य परिषद द्वारा जहां पीडब्लू डी एसडीओ तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है, वहीं इसी कड़ी मे क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव को परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा एवं मुकेश शर्मा के नेतृत्व मे वीर शहीद के समुचित सम्मान के आशय का एक ज्ञापन सौंपा गया।



### विधायक द्वारा संवेदना पूर्ण आश्वासन

प्रेरणा के पुंज हमारे वीर सैनिक एवं आदर्शमय उनका त्याग और बलिदान निःसंदेह कदम कदम पर समाज को प्रेरणा देने का कार्य करतें है, इसीलिए उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखना जहा समाज का दायित्व है वहीं उनके योगदानों के प्रति कृतज्ञता के भाव की अभिव्यक्ति भी है, लेकिन भाटापारा मे इस मसले पर उदासीनता का वातावरण तथा शासन प्रशासन द्वारा उपेक्षा की बानगी निःसंदेह चिंतनीय विषय है, वीर शहीद के सम्मान की उपेक्षा क्षेत्र मे एक बड़ी पीड़ा के रुप मे उभर रही है,सरयू साहित्य परिषद द्वारा वीर शहीद के समुचित सम्मान के मांग का ज्ञापन विधायक इन्द्र साव को सौंपा गया जिस पर उनके द्वारा संवेदना पूर्वक विचार करते हुए शहीद के समुचित सम्मान के लिए समुचित प्रयास एवं इस दिशा मे ठोस क्रियान्वयन के प्रयास का आश्वासन उनके द्वारा दिया गया।

### नाम पट्टिका का सम्मान जनक हो स्थापना

शहीद के सम्मान की उपेक्षा मसले पर विधायक के संवेदना पूर्ण अभिव्यक्ति एवं समुचित प्रयास के आश्वासन से जनमानस के बीच एक आस की लहर दौड़ रही है तथा लोगों को इस दिशा मे ठोस पहल होने की आस जग रही है, इसी के तहत जनमानस का कहना है कि इस दिशा मे प्रथम एवं महत्वपूर्ण पहल यह हो कि उनकी नाम पट्टिका व्यवस्थित एवं अच्छे ढंग से लगायी जाए जिसमें उनके जीवन वृत्त की झांकी के साथ वीर शहीद के योगदान का उल्लेख हो, जिससे नयी पीढ़ी उनके बारे मे संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के साथ ही समाज प्रेरणा ग्रहण कर सके, जनमानस की उपरोक्त मांग जहां वीर शहीद के स्मृति को जीवंत बनाए रखने की भावना को प्रदर्शित करती है वहीं प्रेरणा पुंज के रुप मे भी समाज को निरंतर त्याग बलिदान और समर्पण के संदेश को चिर स्थायी रखने की भावना भी प्रदर्शित होती हुई प्रतीत होती है, अब देखना यही है कि जनमानस की यह भावना एवं मांग कब क्रियान्वयन का रुप ग्रहण करती है।

# होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रस्तुत करेगा भविष्य की मोबिलिटी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया बहुप्रतीक्षित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में मोबिलिटी के भविष्य को फिर से परिभाषित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एचएमएसआई इस एक्सपो में कई नवाचारपूर्ण और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पाद प्रदर्शित करेगा, जो 17-22 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यह कंपनी की नवाचार और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। होंडा पैवेलियन की अगुवाई करेगी बिल्कुल नई एक्टिवा ई और क्यूसी1 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स, जिनकी प्रारंभिक कीमतों की घोषणा की गई है। बिल्कुल नई एक्टिवा ई और क्यूसी1 की शुरुआती कीमत क्रमशः 1,17,000 और 90,000 (एक्स-शोरूम, बेंगलुरु) रखी गई है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए केयर पैकेज भी पेश किए हैं, जो उनके समग्र मूल्य को बनाए रखने और वाहन की दीर्घायु को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इस अवसर पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ,



त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा एचएमएसआई में, हम निरंतर नवाचार और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने में विश्वास रखते हैं। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 हमारे कार्बन न्यूट्रैलिटी और सतत मोबिलिटी समाधानों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित करने का आदर्श मंच है। एक्टिवा ई और क्यूसी1 के साथ, हम दो अलग-अलग तकनीकी रूप से उन्नत इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स पेश कर रहे हैं, जो विभिन्न उपभोक्ता आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। एक्टिवा ई की स्वैपेबल बैटरी तकनीक ग्राहकों के लिए एक तनाव-मुक्त समाधान प्रदान करती है, क्योंकि होंडा बैटरी प्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी लेता है, जिससे बैटरी के खराब होने की चिंता समाप्त हो जाती है। एचएमएसआई अपने बेहतरीन रखरखाव और सर्विसिंग के माध्यम से वाहन के मूल्य को संरक्षित करने और स्वामित्व का आनंद प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# हिन्दुस्तान जिंक ने भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 में ऑटोमोटिव इनोवेशन को बढ़ावा देने वाले लार्ज मेटल पोर्टफोलियो का किया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी नवीन और अभिनव जिंक डाई कास्टिंग एलॉय उत्पाद रेंज एचजेडडीए 3 और एचजेडडीए 5 के साथ-साथ ऑटो सेगमेंट के लिए उच्च गुणवत्ता वाले जिंक उत्पादों की अपनी पूरी रेंज प्रदर्शित की। ऑटोमोटिव एवं मोबिलिटी उद्योग के लिए आयोजित इस विश्चस्तरीय कार्यक्रम में कंपनी ने दुनिया के सबसे बड़े जिंक उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ-साथ लेड, चांदी और मूल्यवर्धित उत्पादों को भी प्रस्तुत किया, जो ऑटोमोटिव उद्योग के लिए तैयार किए गए हैं। ऑटोमोटिव क्षेत्र में गैल्वनाइज्ड स्टील के माध्यम से जिंक का उपयोग, हल्के स्टील बॉडी बीआईडब्लयू या बॉडी इन व्हाइट को उच्च स्तर का जंग प्रतिरोधी क्षमता प्रदान कर ईधन और उत्सर्जन में महत्वपूर्ण बचत प्रदान करता है, जिससे जंग से लंबे समय तक एंटी-पर्फोरेशन वारंटी के साथ लंबे समय तक चलने वाले वाहन सुनिश्चित होते हैं। कंपनी के ज़िंक डाई कास्टिंग एलॉय विशेष रूप से हॉट चैंबर डाई कास्टिंग प्रक्रिया के लिए विकसित किए गए हैं, जो ऑटोमोटिव क्षेत्र की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए निर्मित हैं। बाजार में आमतौर पर ज़ामक के रूप में उपलब्ध जिसे देश में आयात किया जाता है, इन मिश्र धातओं का हिन्दुस्तान ज़िंक प्राथमिक उत्पादक है। हिन्दुस्तान ज़िंक के डाई कास्टिंग एलॉय असाधारण कास्टिंग, दीर्घकालिक आयामी स्थिरता, तेज मशीनिंग और प्लेटिंग, पेंटिंग और क्रोमेट उपचार के लिए बेहतर फिनिशिंग प्रदान करते हैं। एचजेडडीए 3 और एचजेडडीए 5 दोनों ही ऑटोमोबाइल को उच्च शक्ति, विद्युत चालकता, जंग से प्रतिरोध और आयामी सहनशीलता प्रदान करते हैं। बेहतर डाई-कास्टिंग एलॉय के क्षेत्र में कंपनी के प्रवेश से ऑटो ओईएम और घटक निर्माताओं के लिए अन्य देशों से आयात कम करने और देश में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की मूल्य श्रृंखला बनाने का अवसर मिलता है।

# आठवें वेतन आयोग के गठन का आल इंडिया फेडरेशन ने किया स्वागत : चंद्रशेखर

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 16 जनवरी को आयोजित केबिनेट बैठक मे केंद्रीय कर्मचारी एवं पेंशनरों के लिए आठवें वेतन आयोग गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने स्वागत किया है। संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया की तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा गठित सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। तथा 1 जनवरी 2026 से



आठवें वेतन आयोग की अनुशंसा लागू किया जाएगा। मोदी सरकार ने पूर्व मे आठवें वेतन आयोग के गठन पर कोई पहल नहीं की थी। जबकि सातवे वेतन आयोग का गठन तत्कालीन केंद्र की मनमोहन सरकार मे फरवरी 2014 मे कर दिया था। आठवें वेतन आयोग गठन की मांग को लेकर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, नई दिल्ली के आह्वान पर फरवरी एवं सितम्बर 2024 में छत्तीसगढ़ मे एक दिवसीय हड़ताल कर सभी जिला मुख्यालयों में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही आल इंडिया फेडरेशन द्वारा केंद्रीय कर्मचारी संगठनों के साथ लगातार केंद्र स्तर पर आंदोलन किया गया है। वेतन आयोग के गठन पर संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, संरक्षक अनिल श्रीवास्तव, महामंत्री, मुक्तेश्वर देवांगन, पदमेश शर्मा, फारूक कादरी, कोषाध्यक्ष, तिलक यादव, प्रांतीय सचिव, आयुष सिंह, डीएसएन राव, देवेंद्र साहू, प्रवीण तिवारी, रविंद्र मरकाम, अतुल मिश्रा, विमल सोनी, विजय वर्मा, राकेश कनौजे, दीपांकर मंडल, सहित संघ के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मंत्री मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# ओरा फाईन ज्वेलरी का डायमेंड फेस्टिवल ग्राहकों के लिए लेकर आया खूबसूरत कलेक्शन आकर्षक डिस्काउंट के साथ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओरा फाईन ज्वेलरी की बेजोड़ लग्ज़री मिल रही है एक्सक्लुसिव ऑफर्स के साथ, यह लिमिटेड-एडिशन कलेक्शन केवल 18 जनवरी से 17 फरवरी तक ही उपलब्ध होगा। ओरा फाईन ज्वेलरी ने अपने ग्राहकों को 'डायमंड फेस्टिवल' के लिए आमंत्रित किया है। इस एक्सक्लुसिव फेस्टिवल में उन्हें फाईन ज्वेलरी का यादगार अनुभव मिलेगा। यहाँ ग्राहक ओरा के लेटेस्ट कलेक्शन और मोहक डिज़ाईन में सबसे खूबसूरत डायमंड्स देख सकेंगे। डायमंड फेस्टिवल एक लग्ज़री उत्सव है। इस साल इस फेस्टिवल में हर ज्वेलरी आधुनिक फैशन के साथ डायमंड्स के प्राचीन वैभव को बनाए रखने के लिए बहुत सतर्कता से निर्मित की गई है। इस फेस्टिवल का आकर्षण बढ़ाने के लिए ओरा द्वारा कुछ फर्स्ट-टाईम ऑफर दिए जा रहे हैं, जो हर किसी का दिल लुभा लेंगे। ओरा फाईन ज्वेलरी के लिए डायमंड फेस्टिवल का बहुत गहरा महत्व है। यह फेस्टिवल केवल बेहतरीन डायमंड्स का प्रदर्शन ही नहीं करता है, बल्कि यह कालातीत सौंदर्य, सटीकता और विश्वास का प्रतीक भी है। विश्वास को सबसे ऊपर रखने वाले आज के समय में ओरा डायमंड फेस्टिवल यादगार लम्हे संजोने के लिए एक भरोसेमंद साथी बन गया है। 18 जनवरी से लेकर 17 फरवरी तक ग्राहकों को डायमंड फेस्टिवल में मंत्रमुग्ध कर देने वाली डायमंड ज्वेलरी देखने का मौका मिलेगा, जो इस सीज़न की जीवंत ऊर्जा को प्रतिबिंबित करेगी। ओरा भी पहली बार डायमंड के मूल्य पर एक्सक्लुसिव डिस्काउंट दे रहा है, जो ज्वेलरी खरीदने के लिए बहुत ही आकर्षक प्रस्ताव है। आपके इस अनुभव को और ज्यादा खास बनाने के लिए ओरा द्वारा अपने चुनिंदा कलेक्शन पर अतिरिक्त डिस्काउंट और स्पेशल ऑफर दिए जाएंगे, ताकि हर प्रबुद्ध ग्राहक को ग्रेस और स्टाईल का बेजोड़ मिश्रण प्राप्त हो सके।

# 5 मंडलों में भाजपा संगठन की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के भाजपा 5 मंडलों में संगठन की बैठक क्रमशः संपन्न कर ली गई। निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर पदाधिकारियों और विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया। निकाय-पंचायत चुनाव के इस महत्वपूर्ण बैठक में में प्रभारी भाटापारा देवजी पटेल, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव सहित पांचो मण्डलो के अध्यक्ष, संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने कहा कि अब नगर पालिका से लेकर पंचायत तक भाजपा का परचम फहराने की बारी है। शिवरतन शर्मा ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर चुनाव में भाजपा के पक्ष में




सियासी जमीन तैयार करने की नसीहत दी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, आगामी कार्ययोजना पर निश्चित रूप से लगातार और नीचे तक बूथ स्तर तक के कार्यक्रमों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सभी निर्वाह करें। आपके नेतृत्व में संगठन उत्तरोत्तर वृद्धि करें। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव व नगरीय निकाय चुनाव सामने हैं। एक बार फिर केंद्र को हम अनुभूति कराएं कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव में भी भाजपा का परचम लहराएं और शत-प्रतिशत रूप से पहले पूरे देश में यह एक संदेश जाए। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि एक साल में हमारी सरकार ने जो प्रदेश की जनता के लिए ढेरों कार्य किए है। इसके जरिए भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं। निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निश्चित तौर पर सफलता मिलेगी।

# होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नया 2025 डियो लॉन्च किया डियो वान्ना हैव फन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने डियो का नया वर्जन लॉन्च किया, जो ओबीडी2बी मानकों का अनुपालन करता है और कई उन्नत फीचर्स से लैस है। इसे युवाओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। 2025 होंडा डियो की शुरुआती कीमत रू. 74,930 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) है। नई डियो के लॉन्च के मौके पर, एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा, डियो हमेशा से जोश और नवाचार का प्रतीक रहा है। 2025 डियो में हमने आधुनिक टेक्नोलॉजी, बेहतर प्रदर्शन और पर्यावरण के अनुकूल फीचर्स को जोड़ा है, जिससे यह स्कूटर का अनुभव नए स्तर पर पहुंचाता है। डियो की मूल मोटो स्कूटर की अवधारणा को बरकरार रखते हुए, हमने इसे और उन्नत बनाया है। हमें पूरा विश्वास है कि नया डियो भारतीय युवाओं की पहली पसंद बना रहेगा। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुज माथुर ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसा परिवहन समाधान प्रदान करना है जो हमारे ग्राहकों के जीवन को और बेहतर बनाए। 2025 डियो स्टाइल, टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मेल है। इसका ओबीडी2बी मानकों का अनुपालन करने वाला इंजन न केवल नए उत्सर्जन मानकों के अनुकूल है, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतर ईंधन क्षमता भी सुनिश्चित करता है। यह मोटो स्कूटर हमारी टैगलाइन 'डियो वान्ना हैव फन'के अनुरूप है, जो राइडिंग का रोमांच और नई पीढ़ी की उम्मीदों को पूरा करता है। 2025 होंडा डियो में कई उन्नत फीचर्स जोड़े गए हैं, जो राइडिंग अनुभव को और भी बेहतर बनाते हैं।

# न्युवोको विस्टास ने वित्तवर्ष 25 की तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

NUVOCO
Shaping a new world

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की प्रमुख बिल्डिंग मैटीरियल्स कंपनी ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अन ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। अपने सभी प्लांट्स में 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में 5वां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। कंपनी वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के लिए सफल रेजोल्यूशन आवेदक के रूप में उभरने के बाद वित्तवर्ष 2027 की तीसरी तिमाही तक 31 एमएमटीपीए सीमेंट क्षमता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस संबंध में आशय पत्र (लेटर ऑफइंटेंट) पहले ही जारी किया जा चुका है। वीसीएल प्लांट में कच्छ में 3.5 एमएमटीपीए क्लिंकर यूनिट और सूरत में 6 एमएमटीपीए ग्राइंडिंग यूनिट शामिल है और यह कंपनी की ग्रोथ और डायवर्सिफिकेशन की दिशा में जारी प्रयास को दर्शाती है। कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा ने वित्तवर्ष 25 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए 4.7 एमएमटी पर पहुंच गई। इसी अवधि के दौरान ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड आय 2,409 करोड़ रुपये रहा। तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड एबिटडा 258 करोड़ रुपये रहा। वित्तवर्ष 25 की चुनौती पूर्ण पहली छ माही के बाद सीमेंट इंडस्ट्री में सुधार देखा गया है। कमजोर मांग का सामना करने के बाद, इंडस्ट्री अनुकूल बाजार से बढ़ रही मांग के समर्थन से सुधार के संकेत दे रहा है। इसको देखते हुए, कंपनी ने तिमाही के दौरान मजबूत मात्रा में ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए कई पहल कीं। न्युवोको की बिजली और ईंधन लागत इंडस्ट्री में सबसे कम में से एक है। हालांकि तिमाही के अधिकांश समय सीमेंट की कीमतें स्थिर रहीं, लेकिन अंत में उनमें सुधार हुआ। इस बीच, कंपनी ने ऑपरेशनल एक्सीलेंस पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है।

## दिल के रिश्ते किसी भी पारिवारिक बंधन से अधिक मजबूत होता है

# कलर्स ने 'डोरी' की वापसी के साथ 'दिल के रिश्ते' को बुना

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सदियों पुरानी धारणा को चुनौती देते हुए कि खून पानी से अधिक गाढ़ा होता है, कलर्स अपने प्रिय शो 'डोरी' को वापस लेकर आया है। शो का दूसरा अध्याय बुना जा रहा है जहां दिल के रिश्ते किसी भी पारिवारिक बंधन से अधिक मजबूत हैं। इसके पहले सीज़न में, एक अनाथ लड़की डोरी को एक साधारण बुनकर बचा लेते हैं और उसकी परवरिश करते हैं, और इस कहानी ने लाखों लोगों के दिलों में घर कर लिया। अब इस कहानी ने 14 साल की लीप है, जिसके साथ ही भाग्य फिर से इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि खून से बढ़कर दिल का रिश्ता होता है और परवरिश पैदाइश से बड़ी होती है। इस भावना के साथ, डोरी, जो कभी खुद अनाथ थी, एक क्षमतावान और करुणामय महिला बन गई है। अब




वह अपने जीवन के हर पहलू में अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। एक नवजात बच्ची को बचाने के बाद, डोरी बच्ची का नाम शुभी रखती है और उसकी संरक्षक बनने का वादा करती है, भले ही इसके लिए उसे सिंगल मां के रूप में सामाजिक आलोचना का सामना करना पड़े। वह नहीं जानती कि बुनकर समुदाय से नफरत करने वाली क्रूर ठकुराइन राजनंदिनी के रूप में मुश्किलें उसका इंतज़ार कर रही हैं। गंगा प्रसाद की भूमिका में अमर उपाध्याय, डोरी के रूप में प्रियांशी यादव, और राजनंदिनी के किरदार में श्रीजिता डे अभिनीत, और किन्नरी व जय मेहता द्वारा निर्मित, 'डोरी' का प्रीमियर 21 जनवरी को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:30 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। वाराणसी के घाटों पर सेट किए गए, इस शो का दूसरा सीज़न 22 वर्षीय डोरी के इर्द-गिर्द घूमता है, जो अपने बाबा के सपनों को हकीकत में बदलने और बुनकरों की स्थिति को महज कारीगरों से उबारकर प्रतिष्ठित कलाकारों की स्थिति तक पहुंचाने के मिशन पर है। एक साड़ी एम्बेसडर, डोरी बुनकर का पहला ब्रांड 'काशी-कला' स्थापित करना चाहती है। वह अपनी साड़ी के डिज़ाइनों में परंपरा और आधुनिकता के बेहतरीन मिश्रण के साथ एक उल्लेखनीय उद्यमशीलता की भावना को प्रदर्शित करते हुए, इस धारणा को तोड़ती है कि बेटियां बोझ होती हैं, जो उसके पिता के लिए गर्व की बात है। जैसे-जैसे डोरी का साड़ी का बिज़नेस बढ़ता है, वह एक वेबसाइट बनाकर डिजिटल व्यवसाय करने की कल्पना करती है ताकि शुभी की शिक्षा और भविष्य के लिए मुनाफे को बढ़ाया जा सके। लेकिन क्रोध और जलन की आग में जल रही, राजनंदिनी बुनकरों का समर्थन करने या उनके लिए नाम कमाने को लेकर डोरी की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं कर सकती है। यह अपने आधिपत्य को बनाए रखने के लिए व्याकुल ताकत की भूखी तानाशाह राजनंदिनी और निडर महिला डोरी के बीच का टकराव है, जहां डोरी बुनकर के नाम, प्रसिद्धि और अपनी बेटी की उचित विरासत के अधिकार के लिए लड़ रही है।

# पीठाधीश्वर प्रेमसाईं महाराज को अमेरिका से डॉक्टरेट उपाधि

## त्रिकालदर्शी चमत्कारी मां मातंगी दिव्य धाम, छत्तीसगढ़ का गौरव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र त्रिकालदर्शी चमत्कारी मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश्वर प्रेमसाईं महाराज को उनकी अद्वितीय आध्यात्मिक उपलब्धियों और मानव सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए अमेरिकी सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी ने ऑनोरिस कौसा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। प्रेमसाईं महाराज, जिन्हें लाखों भक्त त्रिकालदर्शी और चमत्कारी गुरु के रूप में जानते हैं, ने अपने दिव्य चमत्कारों और आध्यात्मिक ज्ञान से अनगिनत लोगों के जीवन को रूपांतरित किया है। उनके प्रवचनों और आशीर्वाद से न केवल भारत, बल्कि विश्वभर में भक्त आध्यात्मिक जागरूकता और मानसिक शांति प्राप्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में स्थित मां मातंगी दिव्य धाम एक ऐसा आध्यात्मिक केंद्र है, जो भक्तों के लिए प्रेरणा और दिव्यता का प्रतीक है। यह धाम न केवल साधना और ध्यान का केंद्र है, बल्कि यहां पर अनेक सामाजिक और



धार्मिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं, जो समाज के उत्थान में सहायक हैं। सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी ने इस बात को स्वीकार किया कि महाराज की शिक्षाएं और उनके कार्य न केवल आध्यात्मिकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त करते हैं। यही कारण है कि उन्हें इस प्रतिष्ठित डॉक्टरेट उपाधि से नवाजा गया। यह सम्मान समारोह 18 जनवरी 2025 को दिल्ली के टिवोली रिसॉर्ट्स एंड होटल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्ति, धार्मिक नेता और महाराज जी के अनुयायी उपस्थित हुए। इस उपलब्धि पर प्रेमसाईं महाराज ने कहाः यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी भक्तों और अनुयायियों के लिए है, जो सच्चे मन और श्रद्धा से धर्म और मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। यह उपाधि हमारे धाम और छत्तीसगढ़ के सम्मान को विश्व स्तर पर स्थापित करती है। मां मातंगी दिव्य धाम के भक्तों के लिए यह पल गौरव और आनंद का है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की भूमि और भारत की आध्यात्मिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान प्रदान करता है। पूज्य महाराज के इस सम्मान ने यह सिद्ध कर दिया है कि सच्चा समर्पण और मानव सेवा न केवल समाज को, बल्कि पूरे विश्व को प्रेरित कर सकता है।

# मोबाईल एकेडमी कोर्स करके मितानिन दीदी हो रही प्रशिक्षित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे मितानिन दीदी के लिए मोबाइल अकादमी कोर्स में मुंगेली जिला प्रदेश में शतप्रतिशत् कोर्स पूर्ण करने वाला जिला बन गया है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में चलाए गए मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण करने से सभी मितानिनों के कौशल एवं कार्य करने की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है तथा कार्य करने में आसानी हुई है। मोबाइल अकादमी कोर्स मितानिनों के लिए भारत सरकार द्वारा खास तौर पर तैयार किया गया मोबाइल पर आपसी संवाद ट्रेनिंग कोर्स है जो बिल्कुल मुफ्त है। सर्टिफिकेट पाने के लिए मितानिनों को 14424 पर डायल करके 44 पाठ सुनने होते हैं और 11 बार सवाल जवाब देना होता है यदि 44 में से 22 अंक हासित करने वाले मिलानिनों को मोबाइल अकादमी की ओर से एक एसएमएस प्राप्त होता है और सरकार के माध्यम से एक सर्टिफ्केिट प्राप्त किया जा सकता है। कोर्स पूरा करने से मितानिनों के कौशल में वृद्धि होती है यह कोर्स राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार द्वारा लाया गया है इसमें मोबाइल फोन पर डॉ अनीता की आवाज सुनाई देती है जो पूरी ट्रेनिग संपादित करती है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मुंगेली द्वारा शत प्रतिशत मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण करने पर कलेक्टर राहुल देव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर ने सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिले के इस उपलब्धि पर सभी के सामूहिक प्रयास से सफलता मिली है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरीश कुर्रे ने बताया कि मोबाइल एकेडमी कोर्स करने से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की सेवाओं को बेहतर करने में आसानी हुई है। कहां से आया यह चमत्कारी कोर्स और किसलिए भारत सरकार लेकर आई हैं मोबाईल एकेडमी ट्रेनिंग कोर्स जो आप कर सकते हैं अपने मोबाईल फोन के जरिए, यह कोर्स माँ-बच्चे की अनमोल जिंदगी बचाने में आपकी मदद करता है। यह सच्चा साथी राह करे आसान। क्या है ये मोबाईल एकेडमी ट्रेनिंग कोर्स लगभग 240 मिनट के इस ट्रेनिंग कोर्स में गर्भावस्था से लेकर जन्म बाद के दो साल तक की सम्पूर्ण जानकारी मौजूद है। इसके जरिए माँ-बच्चे की जिंदगी बचाने में सहायता मिलेगी। इस कोर्स को ग्यारह हिस्सों में बांटा गया है। हर हिस्से में चार पाठ और हिस्से के आखिरी में सवाल-जवाब का खेल है।

मोबाईल एकेडमी पर ट्रेनिंग कौन देता है- यह कोर्स राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भारत सरकार द्वारा लाया गया है। इसमें मोबाईल फोन पर डॉक्टर अनिता की आवाज सुनाई देती है, जो आपको सारी ट्रेनिंग देती हैं। साथ होंगे इनके असिस्टेंट रमेश, जो बताते है मोबाईल एकेडमी के इस्तेमाल का तरीका।

यह कोर्स क्या सिखाएगा भारत सरकार का यह मोबाईल एकेडमी ट्रेनिंग कोर्स कार्य कुशलता को बढ़ाने के साथ-साथ काम को आसान भी बनाता है। यह तकनीक स्वास्थ्य जानकारी को फिर से ताजा कर देता है। इसमें जरूरी सलाह मिलेगी, जिससे परिवारों को स्वस्थ जिंदगी जीने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी। मितानिन कोर्स कैसे कर सकती है- अपने पंजीकृत नंबर से टोल फ्री नंबर 14424 डायल करते ही मोबाईल एकेडमी कोर्स शुरू हो जायेगा। मोबाइल अकादमी शतप्रतिशत् कोर्स पूर्ण कराने पर डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं गिरीश कुर्रे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला-मुंगेली द्वारा डॉ. सोनाली मेश्राम, जिला आर.एम.एन.सी.एच.ए. सलाहकार, शैलेष कुमार देवांगन, जिला प्रबंधक डाटा, जिला समन्वयक, विकसखण्ड समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षकों, समस्त मितानिनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए है।

# 06 लाख रूपये लूट की घटना फर्जी निकली

## 6 लाख रू की लुट के मामले में पुलिस ने बडी सफलता





पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

6 लाख रू की लूट के मामले में पुलिस ने बडी सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 06 लाख रूपये लूट की घटना फर्जी निकली । उक्त घटना को वहा काम करने वाले मुनीम शुभम ठाकुर ने ही रचा था। पुलिस के अनुसार 21 जनवरी के दोपहर करीबन 03.00 बजे आहत राईस मील के मुनीम शुभम सिंह द्वारा उसके साथ गर्ल्स स्कूल मुंगेली के पीछे पुल के पास 06 लाख रूपये की लूट होने की सूचना मिलने पर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली द्वारा उक्त सूचना को तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली नवनीत कौर छाबडा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली मयंक तिवारी तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर जिले में नाकेबंदी चेक प्वाइंट लगाकर सघन चेक करने व साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली मुंगेली की विशेष टीम गठित कर प्रकरण में तत्काल आरोपियों के संबंध में पता तलाश करने का निर्देश दिया गया। जिस पर साइबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली मुंगेली की विशेष टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज (25-30 स्थान) की चेकिंग की गयी, विभिन्न फुटेज में आहत मुनीम शुभम ठाकुर का ही गतिविधियां संदिग्ध परिलक्षित हुई। इसी तारतम्य में तकनीकी आधार पर सर्विलांस करने एवं बैंक से आहत के पैसा आहरण करने संबंधी जानकारी प्राप्त करने एवं बारिकी से पूछताछ करने पर घटना का मास्टरमाइंड राइस मील का मुनीम शुभम ठाकुर ही निकला, जो अपने साथी महावीर सोनी के साथ मिलकर घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया था। आरोपी शुभम ठाकुर ने बताया कि पैसे से भरे ब्राउन कलर के बैग को लेकर रामगढ़ के आगे खाली प्लाट में गया, योजना अनुसार महावीर सोनी पहले से था, जो शुभम ठाकुर के मोबाइल को वहीं पास पटककर तोड़ दिया और वहां पर की मिट्टी को उठाकर शुभम के कपड़े में लगा दिया एवं बैग से पैसे निकालकर पैसे वाला बैग को फाड़कर वहीं पर फेक दिया। आरोपी शुभम द्वारा ब्लेड से अपने शरीर पर 3-4 जगह काटने का निशान बनाया व अपना टूटा हुआ मोबाईल को घटनास्थल के पास फेंक दिया और लूट का घटना होना साबित करने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों की सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य के आधार जांच कार्यवाही कर 500 के 10 बंडल एवं 100 के 10 बंडल कुल 06 लाख रूपये को आरोपियों से बरामद किया गया।

# शैक्षणिक भ्रमण में विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षा विभाग विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पवित्र संगम सोमनाथ सिमगा ग्राम लखना मे ऐतिहासिक मंदिर का दर्शन किया। रमणीय स्थल सोमनाथ में शिवनाथ व खारून नदी संगम का आनंद लेते हुए ग्रामीण क्षेत्र से परिचित हुए। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा लखना ग्राम में सर्वेक्षण कार्य किया गया। जिससे साक्षरता, आर्थिक स्थिति व लिंगानुपात आधार पर पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रोजेक्ट तैयार किया जा सके। इस दौरान बालिका शिक्षा तथा पर्यावरण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी किए गए। सर्वेक्षण के दौरान छात्रों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों के शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति से अवगत होते हुए बालिका शिक्षा के लिए सबको प्रोत्साहित किया। सर्वेक्षण प्रपत्र भी ग्रामीण परिवार से भरवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहरों में प्रदूषण और जिंदगी की तेज रफ्तार के बीच गांव में आकर ही राहत के पल मिलते हैं। इसलिए अगर हमें गांव अच्छा लगता है तो गांव के प्रति भी हमारा कुछ कर्तव्य भी है। ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करना आवश्यक हैं। साथ ही गांव की समस्याओं का समाधान खोजना भी हमारा दायित्व है। छात्रों द्वारा इस भ्रमण के दौरान सोमनाथ परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनोरंजक खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गान, एकल गान एवं कविता पाठ का आनंद ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं ने भी लिया।

# सिंघानिया बिल्डकॉन के "शहर के बीच में, अपना जहां" स्कीम में प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स खरीदने का बेहरीन मौका

## हर्षित अर्बन सिटी में प्लॉट मेला 24 जनवरी से

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित अर्बन सिटी में प्लॉट मेला का आयोजन 24, 25 और 26 जनवरी को किया जा रहा है। सिंघानिया बिल्डकॉन के शहर के बीच में, अपना जहां स्कीम के तहत हर्षित अर्बन सिटी के प्लॉट मेला में बुकिंग कराने वाले ग्राहकों के लिए कई आकर्षक स्कीम का लाभ दिया जा रहा है। अगर आप राजधानी रायपुर में घर बनाने के लिए प्राइम लोकेशन पर किफायती प्लॉट खरीदने की तलाश कर रहे हैं तो हर्षित अर्बन सिटी आपके लिए बेस्ट आप्शन साबित होगा। रायपुर शहर के बीच रिंग रोड नं.-1, डी-मार्ट के सामने, रायपुरा में पूर्ण विकसित हर्षित अर्बन सिटी में 1000-3000 वर्गफुट साइज के प्रीमियम रेशिडेंशियल प्लॉट्स किफायती कीमत पर रेडी हैं। रेरा द्वारा पंजीकृत हर्षित अर्बन सिटी में विश्व स्तरीय सुविधाएं निवेशकों को दी जा रही हैं। जिसमें कवर्ड कैम्पस, गेटेड समुदाय, सीसीटीवी सुरक्षा, 24-7 जल आपूर्ति, लैंडस्केप गार्डन, स्ट्रीट लाइट, भूमिगत पानी की टंकी वॉकिंग ट्रैक पार्टी लॉन, बच्चों के लिए प्लेइंग ग्राउंड के साथ पर्यावरण मानकों के अनुरूप ग्रीन प्लांटेशन आपको लक्जरी जीवन का अहसास कराएगा। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप के पास 32 वर्षो से अधिक का अनुभव है, और उन्होंने रायपुर और अन्य क्षेत्रों में 25 से अधिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स पूरे किए हैं, जिससे उन्होंने 20,000+ खुशहाल परिवारों को घर उपलब्ध कराए हैं। उनकी गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता हर प्रोजेक्ट में झलकती है, जिससे वे रियल एस्टेट क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बने हुए हैं। सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप ने रियल एस्टेट में अपने कई शानदार प्रोजेक्ट सफलता के साथ पूरे किए हैं जहां हजारों परिवार निवास कर रहे हैं।

# लर्निंग लाईसेंस बनाने के लिए शिविर



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 अंतर्गत कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार आमलोगों का लर्निंग लाईसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित शासकीय एसएनजी महाविद्यालय में 10 जनवरी को 146 और 17 जनवरी को 98 लोगों का लर्निंग लाईसेंस बनाया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 24 व 31 जनवरी को भी एसएनजी कॉलेज में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आमलोगों को शिविर का लाभ उठाकर लर्निंग लाईसेंस बनवाने की बात कही है।

# कलेक्टर-एसपी ने दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रदान किया खेल सामाग्री व आर्थिक सहायता राशि




पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा जिले के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने और जिले का मान बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने जिला कलेक्टोरेट में 04 दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल सामग्री एवं आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया। उन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भुवनेश्वर व संदीप कुमार को आर्थिक सहायता राशि और बेडमिंटन खिलाड़ी माला पांडे एवं कृष्णा कश्यप को बेडमिंटन रेकेट एवं शूज प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने खिलाड़ियों को खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय और वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल मौजूद रहे।

# एसडीएम ने राजनैतिक दलों की बैठक लेकर नाम निर्देशन प्रक्रिया से अवगत कराया

- आज नगर पंचायत हेतु कोई नामांकन नही हुआ और न ही कोई खरीदा

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कांकेर के निर्देशानुसार नगरीय निकाय के नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने पर आज भानुप्रतापपुर के एसडीएम एवं रिटर्निंग आफिसर गंगाधर वाहिले ने सभी राजनैतिक दलों की बैठक लेकर नाम निर्देशन की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होने बताया कि आज से नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष एवं पार्षद पदो के लिए नाम निर्देशन पत्र लिये जावेंगे। आज कलेक्टर जिला कांकेर द्वारा निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन प्ररूप 2 में, स्थानों के आरक्षण की स्थिति की सूचना प्ररूप 2 के में किया गया। इसके साथ ही साथ रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतदान केंद्रों की सूची परिशीष्ट 3 में किया गया। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के 15 वार्ड के पार्षद एवं अध्यक्ष पद का नाम निर्देशन पत्र 28.01.2025 को अपरान्ह 3 बजे तक लिए जावेंगे। नाम निर्देशन की संवीक्षा 29.01.2025 को प्रातः 10.30 बजे की जावेगी। अभ्यर्थिता द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 31.01.2025 को अपरान्ह 3 बजे तक होगी। मतदान 11.02.2025 को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक होगा। मतगणना 15.02.2025 को प्रातः 9 बजे से सेजेस उच्चतर माध्यमिक शाला भानुप्रतापपुर में होगी।मास्टर ट्रेनर्स टिकेश्वर ठाकुर ने सभी को बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 10000.00 एवं पार्षद पद के लिए 1000.00 प्रतिभूति राशि निर्धारित है। अजजा, अजा, अपिवर्ग एवं महिलाओं को 50 प्रतिशत राशि ही जमा करना होगा। नामांकन फार्म के साथ सभी को शपथ पत्र दो प्रति में देना होगा। अपना श्वेत श्याम पासपोर्ट दो फोटो ,आधार कार्ड भी जमा करना होगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र जमा करना होगा। इसके आलावा अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी को राष्ट्रीकृत बैंक में एक दिन पूर्व नया खाता खुलाकर उसकी प्रति जमा करना होगा। भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है जिनके लिए 15 मतदान केंद्र बनाये गये है। मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 24 जनवरी को सेंट जोसफस्कूल में होगा।

# छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड का मनमाना रवैया आचार संहिता से एक दिन पहले मनमानी तरीके से कर दिया स्थानांतरण

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लगने के ठीक 1 दिन पहले ही मनमाने तरीके और स्थानांतरण नीति को ताक पर रखकर कई अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है इतना ही नहीं कुछ अधिकारियों को तो छह माह के अंदर ही स्थानांतरित कर दिया गया है वहीं अपात्र और कनिष्ठ अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी सौंप दी गई है हाउसिंग बोर्ड के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक कनिष्ठ अधिकारी जिसकी डी ई चल रही है उसे भी इस डिवीजन में प्रभार दे दिया गया है ताकि वह अपनी डी ई से संबंधित दस्तावेज को नष्ट कर सके इसी प्रकार एक वरिष्ठ अधिकारी जिन्हें निलंबित किया गया था और उन पर गलत जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का आरोप लगा था और उसकी जांच लंबित है उन्हें भी सिर्फ अधिकारी के पद पर पदस्थ कर दिया गया है हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय के द्वारा अन्य संभागों में भी वरिष्ठ अधिकारियों को हटाकर कनिष्ठ अधिकारियों को परभार दे दिया गया है इनमें जैन संभागों के अधिकारी प्रभावित हुए हैं उनमें प्रमुख रूप से दुर्ग संभाग महासमुंद राजनंदगांव बिलासपुर कोरबा और शक्ति जिले शामिल हैं हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय कि इस मनमानी के पीछे मुख्यालय में बैठे उच्च अधिकारियों की क्या मंशा है और क्या इसमें कोई बड़ा लेनदेन हुआ है यह चर्चा का विषय बना हुआ है हालांकि वर्तमान में आचार संहिता लागू है लेकिन माना जा रहा है कि इसके बाद हाउसिंग बोर्ड की इस मनमानी के खिलाफ आरटीआइ निकालकर संयुक्त जोशी अधिकारियों के कारनामों का खुलासा किया जा सकेगा

## नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी होरा आज महापौर और पार्षद के दावेदारों से करेंगे मुलाकात और चर्चा

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सपना चौहान ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि दिनाँक 23 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में नगरीय निकाय चुनाव के कोरबा प्रभारी गुरूमुख सिंह होरा उपस्थित रहेंगे जो कोरबा नगर निगम में महापौर पद एवं पार्षद पद के दावेदारों से मुलाकात करेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। तत्पश्चात जिला स्तरीय समन्वय समिति के संयोजक एवं सदस्यों के साथ दोपहर 02 बजे बैठक लेंगे। चौहान ने सभी पार्षद दावेदार, महापौर दावेदार, वार्ड पर्यवेक्षकगण, जिला कांग्रेस, ब्लॉक अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल सहित वार्ड एवं बूथ अध्यक्षगणों को समय पर पहुंचने आग्रह किया है। बैठक में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25

# आदर्श आचरण संहिता के दौरान घातक अस्त्र-शस्त्र तथा विस्फोटक सामग्री लेकर आने-जाने, सभा, जुलूस पर लगा प्रतिबंध

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने जिले में लोक परिशांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान निर्विघ्न, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा क्षेत्र के अंदर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के घातक अस्त्र-शस्त्र तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर आने-जाने, सभा करने, जुलूस निकालने, आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरीत करेगा। यह आदेश मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियुक्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन वाले व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। इस आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या दल भारतीय दण्ड संहिता के तहत दण्डनीय होगा। इसी प्रकार संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 के धारा 03 में निहित प्रावधानों के अनुसार कोई भी व्यक्ति, जो सम्पत्ति के स्वामी लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खड़िया रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित कर उसे विरूपित करना दण्डनीय होगा। कोई भी व्यक्ति ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो, मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।

**अधिकारियों-कर्मचारियों का अवकाश प्रतिबंधित**-नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने तक संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में शासकीय-अर्द्धशासकीय कार्यालयों तथा राज्य शासन के उपक्रमों के अधिकारियों व कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अधिकारी-कर्मचारीगण बिना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान तथा मुख्यालय परित्याग नहीं करेंगे।

**लाउडस्पीकर, जुलूस, होर्डिंग लगाने हेतु अनुमति जरूरी**-नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु जारी आदर्श आचरण संहिता के दौरान प्रचार वाहनों एवं सभाओं में लाउडस्पीकर के उपयोग, चुनाव प्रचार सभाओं के आयोजन, जुलूस निकालने की अनुमति एवं जुलूस का मार्ग निर्धारण हेतु जिला पंचायत क्षेत्र में अनुविभागीय दण्डाधिकारी मुंगेली, जनपद क्षेत्रों के लिए संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील मुख्यालय के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार को सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाने हेतु अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नियमानुसार अनुमति देने के लिए संबंधित ग्रामीण क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग कर चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं में प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। निर्वाचन तिथि की घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन समाप्ति की तिथि के मध्य कोई भी राजनैतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि के उपयोग हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्राम भवनों, गेस्ट हाउस आदि के उपयोग हेतु संबधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना होगा।

**दुरूपयोग से रोकने अस्त्र-शस्त्र जमा करना अनिवार्य**-चुनाव प्रक्रिया के दौरान दुरूपयोग से रोकने के लिए अस्त्र-शस्त्रों को जमा करना अनिवार्य है।

# कलेक्टर ने पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों का लिया जायज़ा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले में नामांकन प्रक्रिया तेज हो गई है। इस सिलसिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने आज तहसील कार्यालय में चल रही नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बेमेतरा एसडीएम कार्यालय परिसर में जाकर जनप्रतिनिधियों द्वारा भरे जा रहे नाम निर्देशन पत्रों की जांच की और समस्त चुनावी प्रक्रियाओं की समुचित व्यवस्था का गहन जायजा लिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इस अवसर पर चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों से बातचीत करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उम्मीदवारों को नामांकन भरने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और इसके लिए हर संभव उपाय किए जाएं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की बात कही कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। शर्मा ने बताया कि चुनाव के सभी चरणों के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

# जनता के सपनों का घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा, जनता से मांगे सुझाव

## भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है : अमर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता आहूत की। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकायों में इस बार जनता से लिए गए सुझाव के आधार पर भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। इसके लिए उन्होंने what-sapp नंबर 9111014400 से, क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल morsujhav@bjpcg.com अर्थात मोर सुझाव ऐट जी मेल डॉट कॉम के माध्यम से सुझाव मांगे है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर से चुनाव का शंखनाद हो गया है। प्रदेश का यह चुनाव मूलतः उस विश्वास का जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल की है। हमने पिछले महीने ही 'जनादेश परब' में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। इस वर्ष को विष्णुदेव साय की सरकार ने 'अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। आप जानते ही हैं कि यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटल की शताब्दी वर्ष भी है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष के अधोसंरचना के क्षेत्र के अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा सरकार ने जो अदभुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करती भी है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहा तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे। हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हमने जो कहा वो पूरा किया, आगे भी जो वादे होंगे वो पूरे होंगे : सुनील सोनी

घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक सुनील सोनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है। राज्य में महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं, जैसे महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना, जिनसे सीधे जनता को लाभ प्राप्त हुआ हैं। भाजपा ने कभी भी केवल घोषणा नहीं की, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतारा, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को न केवल सुविधाएं मिलीं, बल्कि उनका जीवन स्तर भी बेहतर हुआ। हम अब अपने और जनता के मध्य सामंजस्य में किसी भी तरह की रुकावट नहीं चाहते। जिस तरह केंद्र और राज्य में हमारा और जनता का मजबूत और सुचारु सामंजस्य रहा है, उसी तरह हम चाहते हैं कि शहरी स्थानीय निकायों में भी विकास का यही म बिना किसी बाधा के जारी रहे। भाजपा हमेशा आपके लिए और आपसे ही है। हमारा उद्दे श्य है कि हम सब मिलकर अपने शहरी स्थानीय निकायों को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और तीनों स्तरों पर एक मजबूत सरकार बनाएं।

# मेडिकल फर्जीवाड़ा के एक और दोषी मनीष जॉय नेत्र सहायक अधिकारी हुए निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com


कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें,
रायपुर/दुर्ग संभाग, रायपुर छ.ग.
क्रमांक/स्था./शिका./2025/ 15 रायपुर, दिनांक 22/01/2025
//आदेश//
संभागीय संयुक्त संचालक
स्वास्थ्य सेवायें, रायपुर/दुर्ग संभाग
रायपुर, दिनांक 22/01/2025

जिला मुख्यालय की 100 बिस्तर अस्पताल के बहुचर्चित मेडिकल फर्जीवाड़ा मामले में मेडिकल बोर्ड के शाखा प्रभारी लिपिक दीपक सिंह ठाकुर के साथ संयुक्त रूप से दोषी मनीष जॉय (नेत्र सहायक अधिकारी)को संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, दुर्ग/रायपुर संभाग ने अपने आदेश क्रमांक 15 दिनांक 22-01-2025 के तहत निलंबित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा जिला बेमेतरा दिया गया है। निलंबन में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी का आदेश जारी किया है।

**ये है मामला** – वर्ष 2021 में नव आरक्षक मेडिकल बोर्ड में फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने जिला अस्पताल आए थे। दो नव आरक्षक डेविड लहरे और खेमराज कलर ब्लाइंड से अनफिट थे जिनके शिकायत नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा बिना अपने नियंत्रणकर्ता अधिकारी के संज्ञान मे लाए सीधे पुलिस अधीक्षक को उक्त सम्बन्ध मे शिकायत करना तथा प्रमाण पत्रों के जारी करने मे विरोधाभास होने से ये संयुक्त रूप से दोषी पाए गए थे, दोनों आरक्षकों का राजनांदगांव से पुनः जांच करवाया गया जहां पर कलर ब्लाइंड से अनफिट मिलने पर दोनों आरक्षकों को विभाग ने बर्खास्त कर दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने प्रकरण का प्रारंभिक जांच करवाया था जिसमें प्रभारी लिपिक दीपक सिंह ठाकुर और नेत्र सहायक अधिकारी मनीष जॉय को प्रथम दृष्टया दोषी ठहराया गया था। आरक्षकों को फर्जी फिट प्रमाण पत्र देने वालो के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही होने से पूरा मामला लगातार मीडिया की सुर्खियों में रही है।

**अब होंगी एफआरआई** – संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर/दुर्ग द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कबीरधाम को मनीष जॉय के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराने निर्देशित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अभी तक निलंबित लिपिक दीपक ठाकुर के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज नहीं कराया गया है अब देखना ये है कि कब तक कबीरधाम मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज इन दोनों दोषियों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराते है। फिलहाल दोनों दोषियों के निलंबित होने के बाद पूरे मामले में निष्पक्ष जांच होने की प्रबल संभावना है।

# शहरी एवं ग्रामीण दोनों चुनावों में कांग्रेस जीतेगी : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



इस स्थानीय निकायों के चुनावों में कांग्रेस नगरीय एवं पंचायत दोनों जगह चुनाव जीतेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस इन स्थानीय निकाय के चुनावों में न सिर्फ अपनी पिछली जीत दोहरायेगी, अबकी बार और अधिक पंचायत एवं निकाय क्षेत्रों में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव जीत कर आयेंगे। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ वातारण है। लोग प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, रोज हो रही हत्याओं, बलात्कार, लूट, चाकूबाजी की घटनाओं के कारण सरकार से निराश है, भाजपा की साय सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनता को निराश किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने जनता से जो वादा किया था, एक साल में उसको पूरा नहीं किया है। न 500 रू. सिलेंडर देने का वादा पूरा किया और न ही 18 लाख आवास देने का वादा पूरा किया। भाजपा राज में बिजली के दाम बढ़ गये है। कांग्रेस शासनकाल में 400 यूनिट तक बिजली के दामों में 50 प्रतिशत छूट को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है, जनता भाजपा के खिलाफ निकाय चुनावों में मतदान करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह स्थानीय निकाय चुनाव भाजपा सरकार की नाकमी और वादाखिलाफी पर लड़ा जायेगा।

# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आगाज आज डंगनिया स्थित मुख्यालय में हुआ। प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार (जेनको), आरके शुक्ला (ट्रांसको) और भीमसिंह कंवर (डिस्कॉम) ने इस अवसर पर सभी कर्मियों से खेल स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया और कहा कि राष्ट्रीय पर्व का यह अवसर हमारे आपसी भाईचारे को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करता है। खेल हमें स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने का तरीका सिखाता है। 22 से 25 जनवरी तक चलने वाले इस खेल सप्ताह में पॉवर कंपनीज़ के अधिकारी-कर्मचारी हिस्सा लेंगे। विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। खेल सप्ताह के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने कहा कि जिन कर्मियों की खेल में रूचि है, वे तो इन स्पर्धाओं में भाग लेंगे ही, परन्तु जिन्हें रूचि नहीं है वे भी किसी एक खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाएं। प्रबंध निदेशक पारेषण आरके शुक्ला ने कहा कि खेल आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखेगा। इससे टीम भावना का विकास होता है। प्रबंध निदेशक वितरण भीम सिंह कंवर ने कहा कि खेल को केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

# कांग्रेस चुनाव अभियान व घोषणा पत्र समिति की हुई दूसरी बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में नगर निगम, पालिका, पंचायत की चुनाव को लेकर चुनाव अभियान समिति और चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक हुई। घोषणा पत्र समिति के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, अंबिकापुर महापौर डॉ. अजय तिर्की, कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद, बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन उपस्थित थे।

# आचार संहिता लगने के 1 दिन पहले ही मनमाने तरीके और स्थानांतरण नीति को ताक पर रखकर कई अधिकारियों का तबादला

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लगने के ठीक 1 दिन पहले ही मनमाने तरीके और स्थानांतरण नीति को ताक पर रखकर कई अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इतना ही नहीं कुछ अधिकारियों को तो छह माह के अंदर ही स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं अपात्र और कनिष्ठ अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। हाउसिंग बोर्ड के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक कनिष्ठ अधिकारी जिसकी डी ई चल रही है, उसे भी इस डिवीजन में प्रभार दे दिया गया है ताकि वह अपनी डी ई से संबंधित दस्तावेज को नष्ट कर सके। इसी प्रकार एक वरिष्ठ अधिकारी जिन्हें निलंबित किया गया था और उन पर गलत जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का आरोप लगा था और उसकी जांच लंबित है, उन्हें भी सिर्फ अधिकारी के पद पर पदस्थ कर दिया गया है। हाउसिंग बोर्ड मुख्यालय के द्वारा अन्य संभागों में भी वरिष्ठ अधिकारियों को हटाकर कनिष्ठ अधिकारियों को पदभार दे दिया गया है। इनमें जिन संभागों के अधिकारी प्रभावित हुए हैं उनमें प्रमुख रूप से दुर्ग संभाग महासमुंद राजनंदगांव बिलासपुर कोरबा और शक्ति जिले शामिल हैं।

# गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन की बिक्री पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी को महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर मांस-मटन का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। रायपुर नगर निगम ने 26 जनवरी और 30 जनवरी को पशुवध गृहों और मांस-मटन विक्रय की सभी दुकानों को बंद रखने के संबंध में आदेश प्रसारित किया है। इन दोनों दिवसों में किसी भी दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए जाने पर जप्ती के साथ ही संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी। गणतंत्र दिवस और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर रायपुर नगर निगम के सभी जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी तथा स्वच्छता निरीक्षक मांस-मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे। इसके लिए उन्हें अपने-अपने जोन में मांस-मटन की दुकानों के सतत पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया गया है।

# गला दबाकर हत्या की हुई पुष्टि, 1 जनवरी को नाबालिग लड़की का मिला था शव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी से लगे खमतराई में 1 जनवरी को एक नाबालिग लड़की का शव मिला था। शव रायपुर-बिलासपुर रोड पर शेरे पंजाब ढाबा के पास बरामद हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और पाया कि मृतिका की गला दबाकर हत्या की गई है। जांच में मृतिका की पहचान धनेली निवासी हमीदा की पुत्री रेशमा के रूप में हुई। जब पुलिस मृतिका की मां हमीदा से पूछताछ के लिए उनके घर पहुंची, तो पाया कि हमीदा की भी हत्या हो चुकी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के तहत 10 विशेष टीमों का गठन किया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और भौतिक साक्ष्यों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान शिवानंद नगर निवासी भरतदास दीवान और उसकी लिव-इन पार्टनर अनिता लहरे को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपराध कबूल किया। भरतदास ने खुलासा किया कि उसका मृतिका हमीदा के साथ अवैध संबंध था। हमीदा द्वारा बार-बार पैसे की मांग और केस में फंसाने की धमकी से परेशान होकर उसने अपनी पार्टनर अनिता लहरे के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत, पहले नाबालिग रेशमा को घर से बहला-फुसलाकर शिवानंद नगर ले जाया गया। इसके बाद भरतदास ने धनेली जाकर हमीदा की गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में रेशमा की भी हत्या कर दी गई, और हत्या के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

# चक्कर और उल्टी से स्कूल की 30 छात्राएं हुई बेहोश

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सुहेला में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपराडीह का है। रोज की तरह छात्राएं स्कूल पहुंची थी। इसी दौरान एक के बाद एक छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी और छात्राएं बेहोश होने लगी। इस बात की जानकारी मिलते ही स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं छात्राओं के पास पहुंचे। 30 से 35 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं, प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची। स्कूल के बाकी विद्यार्थियों को गांव के ही सामुदायिक भवनों में अध्यन के लिए शिफ्ट किया गया है। छात्राओं के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर लोगों का कहना हैं कि संयंत्र प्रदूषण के कारण बच्चे बेहोश हो रहे है। फिलहाल मामले में जांच की बात कही जा रही है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403